CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

नई दिल्ली, शनिवार 4 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 183 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




एनसीआरबी की रिपोर्ट पर अखिलेश यादव ने उठाए सवाल पेज 2



अहमदाबाद टेस्ट में केएल राहुल, जुरेल और जडेजा ने जड़े शतक खेल टाइम्स



पशुओं के साथ सुसंस्कृत बने जीवन की सभ्यता सम्पादकीय



अमेरिकी दबाव के आगे भारत नहीं झुकेगा: पुतिन पेज 12

## चैतन्यानंद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को पटियाला हाउस कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। चैतन्यानंद की पांच दिन की पुलिस हिरासत शुक्रवार को खत्म हो गई थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस उसे पटियाला हाउस कोर्ट लेकर पहुंची थी। वहीं, कोर्ट ने चैतन्यानंद ने 3 आवेदनों पर पुलिस से जवाब मांगा है। इसमें उसकी चीजों की सूची, केस की जानकारी, संन्यासी के खाने-पीने, कपड़े, दवाइयां और किताबें देने की बात शामिल है। इधर, दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद की तीन करीबी महिला सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में महिला सहयोगियों ने माना कि उन्होंने चैतन्यानंद के कहने पर छात्राओं पर दबाव बनाया। एक रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं में श्री शारदा इंस्टीट्यूट की श्वेता शर्मा (एसोसिएट डीन), भावना कपिल (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर) और काजल (सीनियर फैकल्टी) शामिल हैं। इन तीनों पर अपराध में बाबा का सहयोग, शिकायतकर्ताओं को धमकाने और सबूत नष्ट करने के आरोप हैं।

## कृषि स्नातक की प्रवेश परीक्षा में पात्रता के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कृषि शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा फैसला करते हुए कहा है कि 12वीं में जीव विज्ञान, रसायन, भौतिकी, गणित या कृषि विषय से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी समान रूप से स्नातक प्रवेश परीक्षा दे सकेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि 'एक देश-एक कृषि-एक टीम' की भावना के अनुरूप, देश भर के छात्रों के लिए पात्रता मानदंड एवं विषय समूह को एक समान कर दिया गया है, जिससे अब छात्र राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी - आईसीएआर) के जरिये सीधे-पारदर्शी तरीके से कृषि पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकेंगे। इसके अलावा कृषि विश्वविद्यालयों की 20 प्रतिशत स्नातक सीटें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भरी जाएंगी।

## उत्तरकाशी की पुरोला तहसील क्षेत्र में भूकम्प के झटके


**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद की पुरोला तहसील अंतर्गत, ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार मध्य रात्रि भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए। इस दौरान, किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जनपद आपदा परिचालन केंद्र ने बताया कि समय रात एक बजकर 42 मिनट पर तहसील पुरोला के ग्राम गुन्दियाटगांव एवं महरगांव क्षेत्रान्तर्गत, भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकम्प की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 2.1 दर्ज की गई। भूकम्प की गहराई सतह से पांच किमी नीचे और इसका केन्द्र ग्राम गुन्दियाटगांव एवं डोखरीयानी के मध्य स्यालुका में था।

# ग्लोबल झटकों को झेल सकता है भारत: सीतारमण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मौजूदा ग्लोबल उथल-पुथल का भारत की जीडीपी ग्रोथ पर सीमित प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत बाहरी दबाव सहने और व्यापार-ऊर्जा असंतुलन से निपटने में सक्षम है। सीतारमण ने बताया कि भारत का टारगेट 2047 तक डेवलप्ड इकोनॉमी बनना है।

विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 8 फीसदी की ग्रोथ रेट की जरूरत है। शुक्रवार को नई दिल्ली में चौथे कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव (केईसी) का उद्घाटन करते हुए वित्त मंत्री ने यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ की रीढ़ डोमेस्टिक फैक्टर्स




यानी घरेलू कारक हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। जिसे वे एक टेम्पररी डिसरप्शन यानी रुकावट के बजाय स्ट्रक्चरल बदलाव मानती हैं। सीतारमण ने कहा कि भारत का टारगेट 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनना है। साथ ही आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता का मतलब क्लोज्ड इकोनॉमी यानी बंद अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना नहीं है। विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 8 फीसदी की ग्रोथ रेट की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में हुई एमपीसी की मीटिंग में देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.8 फीसदी किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि ग्लोबल सिस्टम यानी वैश्विक व्यवस्था बदल रही है और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशंस अब वर्ल्ड कम्युनिटी का भरोसा खो रही हैं। हाल की जी-20 मीटिंग का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक्सपर्ट्स ने इन इंस्टीट्यूशंस में सुधार की जरूरत पर चर्चा की, ताकि वैश्विक स्थिरता बहाल हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियमों को नए सिरे से लिखा जा रहा है और सामने आने वाली चुनौतियां बहुत बड़ी हैं। नया ग्लोबल बैलेंस कई कारकों को ध्यान में रखकर बनाना होगा।

# वांगचुक की हिरासत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने उनकी रिहाई के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

श्रीमती अंगमो ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका गुरुवार को दायर कर अपने पति की गिरफ्तारी को अवैध बताया है। उन्होंने अपनी याचिका में अपने पति पर एनएसए लगाने पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि उनकी गिरफ्तारी अवैध और नियमों का



**वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने याचिका दायर की**

उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के बाद उनके पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया।

# भारतीय जेट गिराने के दावे 'मनोहर कहानियां': एपी सिंह

## आईएएफ चीफ ने कहा: पाकिस्तान के पास अगर सबूत हैं, तो दिखाए

**भारत ने पाक के एफ-16 और जे-17 गिराए**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे सिर्फ मनोहर कहानियां जैसे हैं। अगर उनके पास कोई सबूत हैं, तो दिखाएं।

भारत ने उनके पांच फाइटर जेट तबाह किए हैं, जिसमें एफ-16 और जे-17 भी शामिल हैं। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एपी सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। पहलगाम अटैक के बाद हमने तय किया कि उन्हें इसकी कीमत चुकानी ही होगी। सेना को खुली छूट दी गई थी। हमने सटीकता से हमला किया। बाद में पाकिस्तान खुद युद्धविराम के लिए आगे आया। यह दूसरी बार है, जब एयरफोर्स चीफ ने पाकिस्तान के हुए नुकसान की जानकारी दी। इससे पहले 9 अगस्त को उन्होंने बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। इसके अलावा एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया। यह सतह से हवा में टारगेट हिटिंग का अभी तक का रिकॉर्ड है। एयरफोर्स चीफ ने कहा कि अगर उन्हें लगता है कि उन्होंने हमारे




**सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया था**

(भारत) 15 जेट मार गिराए हैं, तो उन्हें सोचने दीजिए। मैं इसके बारे में बात क्यों करूं? आज भी, मैं इस बारे में कुछ नहीं कहूंगा कि क्या हुआ, कितना नुकसान हुआ, कैसे हुआ, क्योंकि उन्हें पता करने दीजिए। क्या आपने एक भी तस्वीर देखी है जहां हमारे किसी एयरबेस पर कुछ गिरा हो, हमें कोई टक्कर लगी हो, कोई हैंगर तबाह हुआ हो, या ऐसा कुछ? हमने उन्हें उनकी जगहों की इतनी सारी तस्वीरें दिखाईं। लेकिन, वे हमें एक भी तस्वीर नहीं दिखा पाए। ये उनकी 'मनोहर कहानियां' है। उन्हें खुश रहने दीजिए, आखिरकार, उन्हें भी अपनी इज्जत बचाने के लिए अपने लोगों को कुछ तो दिखाना ही है। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जहां तक पाकिस्तान के नुकसान का सवाल है। हमने बड़ी संख्या में उनके हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर हमला किया। इन हमलों के कारण, कम से कम चार स्थानों पर रडार, दो स्थानों पर कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगह पर रनवे क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा तीन हैंगर भी नष्ट किए और कम से कम 4 से 5 लड़ाकू विमान भी तबाह किए गए। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों के नए अड्डे बनाने- की खबरों पर एपी सिंह ने कहा, जाहिर है, यह होना ही था।

## दुनिया के नक्शे में रहना है, तो आतंकवाद रोके पाक: सेना प्रमुख

**जयपुर/श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। जनरल द्विवेदी ने सैनिकों को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं। सेना प्रमुख ने सैनिकों से पूरी तरह तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि



अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे।

# भारत ने बांग्लादेश के आरोप किए खारिज

## कहा: वहां की अंतरिम सरकार कानून व्यवस्था संभालने में विफल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश के चटगांव पर्वतीय क्षेत्र में अल्पसंख्यकों पर हुई हिंसा के लिए उसे जिम्मेदार ठहराने वाले बांग्लादेश के आरोपों को झूठे और निराधार बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया है और कहा है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल वहां की अंतरिम सरकार अपनी आदत के अनुसार इसका दोष किसी ओर पर मढ़ना चाह रही है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को चटगांव पर्वतीय क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा, आगजनी और जमीन हड़पने वाले स्थानीय चरमपंथियों की गतिविधियों की गंभीरता से जांच करनी चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि हम इन झूठे और निराधार आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार और हमने इस बारे में कई मौकों पर बात की है, अंतरिम सरकार देश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में असमर्थ है और उसे बार-बार दोष किसी और पर मढ़ने की आदत है।

## अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के संपर्क में है भारत: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तक़ी की भारत यात्रा की खबरों पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के साथ बातचीत करता रहा है और अब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समिति ने श्री मुत्तकी को अगले सप्ताह भारत यात्रा पर आने की छूट दे दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में इससे संबंधित सवालों के जवाब में कहा कि आप सभी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समिति द्वारा अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री की 9 से 16 अक्टूबर तक नई दिल्ली यात्रा के लिए दी गई छूट देखी होगी। हम आपको इस संबंध में जानकारी देते रहेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि हम अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं।

## पोंजी स्कीम मामले में ईडी ने की 61.53 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी पणजी क्षेत्रीय कार्यालय ने हाल ही में रंगगीता एंटरप्राइजेज से जुड़े मामले में गोहिल जयकुमार और अन्य संबद्ध लोगों की विभिन्न तरह की चल और अचल संपत्ति कुर्क की है। इनमें 61.53 लाख रुपये मूल्य के दो आवासीय फ्लैट, एक सावधि जमा और इक्विटी शेयरों के रूप में अन्य चल और अचल संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने गोवा पुलिस के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा गोहिल और अन्य के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए जांच शुरू की।

# कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी



**नई दिल्ली।** कश्मीर में शुक्रवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई।

गुलमर्ग, सोनमर्ग और गुरेज में पहाड़ों की चोटियां सफेद हो गई हैं। एक तरफ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई, तो श्रीनगर सहित अन्य मैदानी इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने गुरुवार को कहा था कि जम्मू-कश्मीर में 5-7 अक्टूबर तक भारी बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। हालांकि, इससे पहले ही बर्फबारी और बारिश हो गई। इससे पर्यटकों में उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों के बीच त्योहार जैसा माहौल हो गया है।

# देश में बाल-विवाह में छह गुना इजाफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में बाल विवाह रोकने के लिए सख्त कानून होने के बावजूद हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में बाल विवाह के मामले 2022 की तुलना में छह गुना बढ़ गए।

रिपोर्ट बताती है कि साल 2023 में 6,038 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में केवल 1,002 और 2021 में 1,050 मामले दर्ज हुए थे। इस तरह तीन सालों में बाल विवाह से जुड़े मामलों में अचानक बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। सबसे ज्यादा मामले असम में दर्ज हुए, जहां अकेले 5,267 केस सामने आए। यह पूरे देश में दर्ज कुल मामलों का करीब 90 फीसदी है। इसके अलावा, तमिलनाडु में 174, कर्नाटक में 145 और पश्चिम बंगाल में 118 मामले दर्ज हुए। वहीं, छत्तीसगढ़, नागालैंड, लद्दाख और लक्षद्वीप में साल 2023 में एक भी केस दर्ज नहीं हुआ। एनसीआरबी रिपोर्ट के मुताबिक, बाल

**असम में सबसे ज्यादा केस, शादी के लिए 16 हजार से ज्यादा लड़कियों का हुआ अपहरण**

विवाह के लिए 16,737 लड़कियों और 129 लड़कों का अपहरण किया गया। इस रिपोर्ट के आने के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि ये डेटा बताता है कि बाल विवाह के खिलाफ कानून होने के बावजूद जमीनी स्तर पर अभी भी जागरूकता और सख्त कार्रवाई की जरूरत है। दुनिया के एक तिहाई बाल विवाह



भारत में होते हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के का विवाह करना प्रतिबंधित है। इतना ही नहीं, जो लोग शादी करवाते हैं या उसमें मदद करते हैं, उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाती है। 26 सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र आम सभा के दौरान एक कार्यक्रम में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की रिपोर्ट 'टिपिंग पाइंट टू जीरो: एविडेंस टुवर्ड्स ए चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' जारी की गई थी। इसमें दावा किया गया था कि भारत ने बाल विवाह रोकथाम में बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। रिपोर्ट में बताया गया था कि 2023 से अब तक 4 लाख बाल विवाह रोके गए हैं। बाल विवाह निरोधक कानून बनने के बाद यह सबसे बड़ी संख्या है। दरअसल, 2023 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा था कि इस रफ्तार से यह कुरीति खत्म करने में 300 साल लग जाएंगे।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के स्टाफ पर हमला, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के स्टाफ पर क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह और उनके बेटों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर गोमतीनगर विस्तार थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुता. बिक यह घटना बीती रात करीब नौ बजे हुई। उपमुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात लैब असिस्टेंट रवींद्र शुक्ला अपनी कार से परिवार के साथ लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी की टक्कर इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की कार से हो गई। गाड़ी टकराने के बाद शुरू हुआ विवाद इंस्पेक्टर के घर तक पहुंचा। आरोप है कि अनिल कुमार सिंह अपने बेटों के साथ मिलकर रवींद्र से गाली-गलौज करने लगे और मारपीट की।

### जल्द ही अपना राजनीतिक काम शुरू करेंगे खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अब स्वस्थ हो गए हैं और जल्द ही पार्टी की गतिविधियों के काम में लग जाएंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार खड़गे अब बिल्कुल स्वस्थ हैं और वह पहले की तरह पार्टी के काम में सक्रिय हो जाएंगे। डॉक्टरों ने उनको गुरुवार शाम को अस्पताल से छुटी दे दी थी। वह बेंगलुरु में मंगलवार से गुरुवार तक डॉक्टरों की देख-देख में रहे। पार्टी ने उनके स्वस्थ होने को लेकर यहां एक बयान में शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। वह स्वस्थ हैं और सभी को शुभकामना देने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा इरादा जल्द ही अपना काम शुरू करने का है।

## आगरा में मूर्ति विसर्जन के दौरान भीषण हादसा

# नदी में डूबे 13 युवक, पांच लाशें निकाली गई

**आगरा, वार्ता**



■ बुलाई गई सेना, अब तक भी आठ का पता नहीं चल सका

आगरा के खेरागढ़ स्थित उटंगन नदी में मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन करने के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। गांव कुसियापुर डूगरवाला के 13 युवक गहरे पानी में डूब गए। हादसे से अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक युवक विष्णु को बचा लिया। डेढ़ घंटे बाद पुलिस की मदद से दो युवकों ओमपाल और गगन के शव निकाले गए, जबकि देर रात एक अन्य किशोर मनोज का शव मिल गया। इसके बाद दो अन्य युवकों की लाशें भी शुक्रवार सुबह बाहर निकाल ली गईं। अब भी आठ का पता नहीं चल सका है। अब अन्य की तलाश के लिए सेना को बुलाया गया है। खेरागढ़ में मूर्ति विसर्जन करते डूबे एक और युवक भगवती का शव बरामद कर लिया गया। इसे देखकर मृतक परिवार में कोहराम मच गया। उटांगन नदी में विसर्जन करते समय 13 युवक और किशोर डूब गए थे। उन्हें निकालने के लिए रात भर आपरेशन चलता रहा। पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ एसडीआरफ लगी रही।

अब तक चार के शव बरामद कर लिए गए है। ग्रामीण घटना स्थल पर मौजूद हैं। रात में गुस्सा आए लोगों ने एसडीएम की गाड़ी को भेज दिया उसके शीशे तोड़ दिया सुबह आप पर पुलिस आयुक्त रामबदन सिंह ने मोर्चा संभाला। लोगों को माइक से अनाउंस कर कहा कि वह संयम बरतें। पुलिस को अपना काम करने दें। कोई पानी की तरफ ना जाए, जिससे किसी तरह का हादसा हो। उधर रात भर गांव में करुण क्रंदन गूंजता रहा। चूल्हे नहीं जले। अब तक गगन, ओमपाल, मनोज और भगवती के शव मिल चुके हैं। ए हादसा दोपहर 1 बजे हुआ। खेरागढ़ के गांव कुसियापुर में चामड़ माता के मंदिर के पास नवरात्र में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई थी। दशहरा पर मूर्ति के विसर्जन के लिए गांव के 40-50 पुरुष, महिलाएं और बच्चे उटंगन नदी के पास पहुंचे। इनमें विष्णु (20), ओमपाल (25), गगन (24), हरेश (20), अभिषेक (17), भगवती (22), ओके (16), सचिन पुत्र रामवीर (26), सचिन पुत्र ऊना (17), गजेंद्र (17) और दीपक (15) गहरे पानी में चले गए। ग्रामीणों के मुताबिक सभी डूबने लगे। बचाव के साधन नहीं होने की वजह से वह लोग कुछ नहीं कर सके। बाद में कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत की और पानी में कूदकर विष्णु को बाहर निकाल लिया।

### नवरात्र के नौ दिन की खुशियां, फिर दर्दनाक हादसा, डूब गए दो भाई

आगरा। उत्साह, मस्ती और खुशी के कुछ समय बाद चीखें, गम और मातम। यह दृश्य बन गया फतेहाबाद के गांव कुसियापुर का। नवरात्र के अंतिम दिन गांव के दर्जनों लोग देवी मां की मूर्ति विसर्जित करने धूमधाम के साथ निकले। उस समय किसी को नहीं मालूम था कि यह खुशियां एकदम से मातम में बदल जाएंगी। मूर्ति विसर्जन के समय गांव के ओमपाल और गगन की यमुना में डूबने से मौत हो गई। दोनों परिवार में मौत की सूचना से चीख-पुकार मच गई। एक मां को विसर्जित करते समय किसी ने नहीं सोचा था कि दूसरी मां की गोद में उनके लाडले समा जाएंगे। गांव कुसियापुर के ओमपाल और गगन भी ग्रामीणों के साथ गुरुवार को यमुना में देवी मां की मूर्ति विसर्जित करने गए थे। ओमपाल अपने परिवार का पालन करने वाला एकमात्र सहारा था। उसके पिता रमेश चंद्र का पहले ही देहांत हो चुका है।

# मुफ्त दवा के नाम पर मौत बांट रही है सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ राजस्थान सरकार खरीद रही सेंपल फेल हुई दवाएं

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार दवा कंपनियों के साथ साथ साठ गांठ कर काले धंधे का खेल कर आम लोगों तथा मासूमों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है।

कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एक अखबार में छपी खबर का हवाला देते हुए कहा कि सरकार ऐसी दवाओं का वितरण कर रही है, जिनके सैंपल एक बार नहीं, 40 बार फेल हुए हैं, लेकिन सरकार के साथ मिलीभगत से इन दवाओं का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की है, जिसमें लिखा है, जिस कंपनी के 40 सैंपल फेल हुए, राजस्थान सरकार ले उससे दवा रही, नतीजा दो बच्चों की मौत। उन्होंने कहा कि जिस कंपनी की दवा के सैंपल फेल हो रहे हैं, लेकिन उसी दवा कंपनी को राजस्थान की भाजपा सरकार ने प्रदेश भर में दवा आपूर्ति का ठेका दे रखा था। इस दवा कंपनी के सिरप पीने से सीकर में दो बच्चों की मौत हो गयी है और इसके तीन दर्जन से ज्यादा बार सैंपल फेल हुए हैं। यह कंपनी पहले से ही ब्लैकलिस्टेड है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कमीशनखोरी के चक्कर में राजस्थान के लोगों और मासूमों की ज़िदगी से खिलवाड़ करने वाली भाजपा सरकार, दवा के नाम पर मुफ्त 'मौत का सामान' बांट रही है।

# बरेली बवाल में नया खुलासा: आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मौलाना को खुश करने के लिए पोस्ट डाल भड़काया माहौल

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा की पार्टी इत्तेहाद -ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी व फैजान सकलैनी समेत दो आरा. पी गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए। कोतवाली से ही दोनों आरो. पियों को दाखिल किया गया।

मुनीर की गिरफ्तारी उसके घर से दिखाई गई। बिहारीपुर क्षेत्र निवासी मुनीर इदरीसी काफी समय से इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल का मीडिया प्रभारी है। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि शुक्रवार को मुनीर अपने घर से कहीं भागने की तैयारी में था, तभी उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उससे पुलिस ने कोतवाली में पूछताछ की। उसने स्वीकार किया कि बवाल कराने को उसने भड़काऊ पोस्ट डाली थी। हालांकि उसने बताया कि मौलाना तौकीर की मंडली में शामिल सभी लोग खुद को ज्यादा होशियार दिखाकर मौलाना को खुश करने का प्रयास करते थे। उसने भी ऐसा ही किया। मुनीर ने बताया कि जब नफीस व नदीम ने भीड़ के न आने की आईएमसी की कथित चिठी वायरल की तो दूसरे साथियों के संग उसने भी मौलाना को भड़काने का काम किया। उसने शुक्रवार को सुबह से ही कुछ और वीडियो व मौलाना के तीखे बयान सोशल मीडिया पर समूह में वायरल किए। ऐसा करके उसनेफरहत व मौलाना की करीबी की काट करने की कोशिश की। मुनीर इदरीशी ने पुलिस को बताया कि मौलाना उसे हर महीने मामूली वेतन देता था। इससे उसका काम नहीं चलता था। इसके अलावा वह मौलाना से जुड़े लोगों से आर्थिक मदद लेकर अपने परिवार का खर्चा चलाता था।

# एनसीआरबी की रिपोर्ट पर अखिलेश ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: पक्षपात के चश्मे से नहीं 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए

**लखनऊ।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'क्राइम इन इंडिया 2023' रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के स्थिति की तारीफ की गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में यूपी में सांप्रदायिक और धार्मिक दंगों की संख्या शून्य रही। ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में दलित उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उनका कहना है कि भाजपा सरकार के कामकाज को सिर्फ़ पक्षपात के चश्मे से नहीं, बल्कि 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एक आंकड़ा ए भी है। भाजपा सरकार के काम को सिर्फ़ पक्षपात के चश्मे से नहीं, पीड़ा भरी आंख से भी देखा जाए। उप्र में दलित दमन चरम पर है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि एक टीवी शो इस आंकड़े पर भी होना चाहिए। एक होर्डिंग इस सच का भी लगना चाहिए।

एक विस्तृत रिपोर्ट इस पर भी समाचार के रूप में प्रसारित-प्रकाशित होनी चाहिए। एक एसआईटी इसकी विवेचना के लिए भी बननी चाहिए। एक अध्याय इसके लिए भी, पाठ्यक्रम में जोड़ा जाए। घ्एक जांच आयोग इसके लिए भी बैठाया जाए। एक विशेष वाहिनी, दलित-दमन के उन्मूलन के लिए भी बनाई जाए। एक श्वेतपत्र इस काले अपराध पर भी आना चाहिए। एक रोड शो इस समस्या के बारे में भी जागरूकता फैलाने के लिए निकाला जाए। एक 'पांच हज़ार वर्षीय' आयोजन, इस ऐतिहासिक उत्पीड़न की 'पंच सहस्राब्दी' के रूप में, चेतना जगाने के लिए भी आयोजित किया जाए।

गौरतलब है कि एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक यूपी में अपराध दर राष्ट्रीय औसत से 25 प्रतिशत कम रही। देश में कुल अपराध दर 448.3 थी, जबकि यूपी में यह केवल 335.3 दर्ज की गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2012-2017 के बीच यूपी में 815 दंगे हुए थे, जिनमें 192 लोग मारे गए, वहीं 2007-2011 में 616 घटनाओं में 121 मौतें हुईं। इसके विपरीत 2017 के बाद कोई बड़ा दंगा नहीं हुआ। बरेली और बहराइच में हुई दो हिंसक घटनाओं को भी सरकार ने 24 घंटे के भीतर नियंत्रित कर शांति बहाल कर दी।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 81715.63
निफ्टी 25056.90

सोना रु. 114547
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 143140
प्रति किलो

# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी

**मुंबई, वार्ता**

### सेंसेक्स 224 अंक मजबूत



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 223.86 अंक (0.28 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 81,207.17 अंक पर बंद हुआ। लगभग पूरे दिन गिरावट के बाद अंतिम एक घंटे में लिवाली तेज होने से प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.23 प्रतिशत ऊपर 24,894.25 अंक पर रहा। पिछले कारोबारी दिवस पर एक अक्टूबर को सेंसेक्स 716 अंक उछल गया था। ऑटो, रियलिटी और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में सबसे अधिक तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, निजी बैंक और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में भी निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर हरे निशान में और शेष 15 के लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में सबसे अधिक 3.40 प्रतिशत की तेजी रही। पावर ग्रिड का शेयर 3.15 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 2.16 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.84 प्रतिशत और एलएंडटी का 1.69 प्रतिशत चढ़ा। बीईएल का शेयर 1.49 फीसदी, भारती एयरटेल का 1.48 और टाइटन का 1.37 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 1.11 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी के शेयरों के शेयर भी टूट गए। एनएसई में जिन 3,185 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,142 के शेयर बढ़त में और 960 के गिरावट में रहे, जबकि 83 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अपरिवर्त बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.72 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 0.69 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया में शुरुआती कारोबार में हांगकांग का हैंगसेंग 0.54 प्रतिशत लुढ़क गया। जापान के निक्केई में 1.85 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही।

## विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 700.236 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में 2.334 अरब डॉलर घटकर 700.236 अरब डॉलर रह गया, हालांकि स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में गिरावट दर्ज की गयी है। इससे पहले 19 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में विद. ेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.393 अरब डॉलर घटकर 581.757 अरब डॉलर पर आ गई। इसी दौरान स्वर्ण भंडार 2.238 अरब डॉलर बढ़कर 95.017 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ा है। आलोच्य सप्ताह में विशेष आहरण अधिकार नौ करोड़ डॉलर घटकर 18.789 अरब डॉलर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 8.9 करोड़ डॉलर की कमी के साथ 4.673 अरब डॉलर रह गई। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत अब रूस से पिछड़कर दुनिया में पांचवें स्थान पर आ गया है।

# चावल मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेल दालों में रही घट-बढ़, चीनी के भाव टूटे



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में मंदी रही। खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। चीनी का भाव भी टूट गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा चार रिंगिट की बढ़त के साथ 4,442 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.42 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिस बाजारों में चावल की औसत कीमत 49 रुपए बढ़कर 3,841.46 रुपए प्रति कुंतल हो गयी। गेहूं के भाव तीन रुपए घटकर 2,864.91 रुपए प्रति कुंतल रहे। आटे की कीमत भी 36 रुपए गिर गयी और यह 3,310.96 रुपए प्रति कुंतल बिका। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 19 रुपए बढ़ गयी। सूरजमुखी तेल 62 रुपए और मूंगफली तेल 120 रुपए प्रति कुंतल महंगा हुआ। वहीं सोया तेल की कीमत 45 रुपए और पाम ऑयल की 79 रुपए प्रति कुंतल घट गयी। वनस्पति के दाम 21 रुपए प्रति कुंतल टूटे। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत आठ रुपए प्रति कुंतल बढ़ गई। मूंग दाल की औसत कीमत 45 रुपए और उड़द दाल की 101 रुपए प्रति कुंतल घट गई। तुअर दाल 33 रुपए और मसूर दाल में 25 रुपए प्रति कुंतल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 66 रुपए प्रति कुंतल गिर गयी। चीनी का भाव भी 20 रुपए प्रति कुंतल घट गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहन: दाल चना 7914.38 रुपए, मसूर काली 8148.02 रुपए, मूंग दाल 10110.11 रुपए, उड़द दाल 10400.59 रुपए, अरहर दाल 10541.70 रुपए प्रति कुंतल। अनाज : (भाव प्रति कुंतल) गेहूं दड़ा 2864.91 रुपए और चावल 3841.46 रुपए प्रति कुंतल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4324.68 रुपए और गुड़ 5019.45 रुपए प्रति कुंतल बोले गए।

# राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगेंगे परियोजना सूचक क्यूआर कोड साइन बोर्ड

■ सूचना देने को 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' वाले परियोजना सूचना साइन बोर्ड स्थापित करेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों को सुविधाओं की जानकारी देने के लिए परियोजना विशिष्ट-जानकारी तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर तथा उपलब्ध आवश्यक सेवाओं की सूचना देने के लिए 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' वाले परियोजना सूचना साइन बोर्ड स्थापित करेगा।

एनएचएआई ने यह जानक. ारी देते हुए बताया है कि इससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए पारदर्शिता बढ़ाने और 'आवागमन में सुगमता' की सुविधा मिले सकेगी। इन साइन बोर्डों को आसानी से दिखाई देने वाली जगह पर स्थापित किया जाएगा और 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' लगाकर इनको राजमार्ग का उपयोग करने वालों के लिए ज्यादा युक्तसंगत बनाया जाएगा। इनके जरिए यात्रियों को राजमार्ग के किनारे स्थित सुविधाओं, विश्राम स्थलों, टोल प्लाजा, ट्रक ले-बाय आदि की जानकारी मिलेगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को ज्यादा सुविधा मिल सकेगी। प्राधिकरण का कहना है कि ये ऊर्ध्वाधर क्यूआर कोड साइन बोर्ड परियोजना-विशिष्ट जानकारी भी देंगे, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या, राजमार्ग श्रंखलन, परियोजना की लंबाई, निर्माण, रखरखाव अवधि, राजमार्ग गश्ती दल, टोल प्रबंधक, परियोजना प्रबंधक, रेजिडेंट अभियंता, आपातकाल. ीन हेल्पलाइन 1033, एनएचएआई क्षेत्रीय कार्यालय के विवरण के साथ-साथ नजदीक स्थित अस्पताल, पेट्रोल पंप, शौचालय, पुलिस स्टेशन, रेस्टोरेंट, टोल प्लाजा तक की दूरी, ट्रक ले-बाय, पंचर मरम्मत की दुकान और वाहन सेवा केन्द्र, ई-चार्जिंग स्टेशन आदि की जानकारी शामिल होगी। एनएचएआई का विश्वास है कि इस प्रयास के माध्यम से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों के प्रति उपयोगकर्ता अनुभव और जागरूकता लाने और राजमार्ग सेवा को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# राहुल विदेश में देश की छवि खराब कर रहे: भाजपा



■ 140 पुरानी पार्टी के नेता ने देश विरोधी बयान दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक बार फिर विदेश में जाकर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि गांधी का नेता प्रतिपक्ष होना भारत के लिए शूल है। त्रिवेदी ने कहा कि देश में पिछले 36 घंटे में दो प्रकार के दृश्य देखने को मिले हैं, पहला 100 वर्षों से देश के लिए निरंतर समर्पित विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का देशभर में समारोह होना। इस शताब्दी वर्ष के अवसर पर इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मां भारती के अंकित चित्रों वाला 100 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया। दूसरी तरफ देश की 140 साल पुरानी पार्टी के नेता ने विदेश की धरती से एक और देश विरोधी बयान दिया है, जिसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ग्लोबल टाइम्स ने जनवरी 2023 में कहा कि भारत ने कुछ वर्षों में अपनी अर्थव्यवस्था में जिस तेजी से संस्थानिक सुधार (स्ट्रक्चर रिफॉर्म) किया है, उससे वह बहुत शक्तिशाली बना है। उन्होंने कहा कि सवाल यह उठता है कि कांग्रेस नेता गांधी जब विदेश जाते हैं, तो उन्हें कैंब्रिज यूनिवर्सिटी द्वारा दिसंबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का डिजिटल ट्रासफॉर्मेशन पर हुई केस स्टडी और स्टेनफोर्ड द्वारा तैयार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इंडेक्स, जिसके अनुसार भारत एआई कौशल निवेश में पहले स्थान पर और एआई जीवंतता में शीर्ष चार देशों में शामिल है, क्यों नहीं दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि गांधी इसी स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में जाकर भारत के बारे में अपशब्द, अपमानजनक और निरर्थक बातें करते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि दूसरा सवाल यह है कि कांग्रेस नेता में ऐसी कौन सी प्रतिभा है, जिसके लिए उन्हें विदेश के विश्वविद्यालय बुलाते हैं, जबकि कांग्रेस में एक से एक बुद्धिमान लोग हैं, उन्हें नहीं बुलाया जाता। श्री त्रिवेदी ने कहा कि जब गांधी को भारत के किसी भी विश्वविद्यालय में नहीं बुलाया जाता है, तो फिर सवाल उठता है कि उन्हें भारत के बाहर ही क्यों बुलाया जाता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अधिकारी का व्यवहार ही सरकार की पहचानः सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए दिल्ली सरकार डिजिटलीकरण को मजबूत करने, पारदर्शिता बढ़ाने, कार्यालयों को आधुनिक बनाने और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हमारी सरकार का उद्देश्य है कि दिल्ली का हर नागरिक बिना किसी भेदभाव, भय या परेशानी से राजस्व सेवाओं का लाभ उठा सके। मुख्यमंत्री ने यह विचार आज राजस्व विभाग के तहसीलदारों और सब-रजिस्ट्रारों के लिए आयोजित दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यक्त किए। इसका आयोजन यमुनापार स्थित विश्वास नगर के यूटीएससी ऑडिटोरियम में किया गया था। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्यमंत्री के सुझाव पर शुरू की गई पहली और अनोखी पहल है।मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में अन्य राज्यों की तरह तहसीलदार और सब-रजिस्ट्रार के लिए एक्स केडर की व्यवस्था नहीं है। इसलिए नई नियुक्ति पर आने वाले अधिकारियों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है।

यह प्रशिक्षण उन्हें न केवल अपने कार्य की जटिलताओं को समझने में सक्षम बनाएगा, बल्कि आम नागरिकों के जीवन को सरल बनाने और भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने तहसीलदारों और सब-रजिस्ट्रारों को कहा कि इस कार्यक्रम में उन्हें 'क्या करना है' के साथ साथ 'क्या नहीं करना है' भी सिखाया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री बिपुल पाठक, डिविजनल कमिश्नर श्री नीरज सेमवाल, डीएम सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें आधुनिक प्रशासनिक सोच, पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जनसेवा की भावना को भी केंद्र में रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकारी दफ्तर जनता की सेवा के केंद्र होते हैं, और आम नागरिक अधिकारियों के व्यवहार और कार्यशैली के माध्यम से ही सरकार की छवि का मूल्यांकन करता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यालयों को ऊर्जा, अनुशासन और संवेदनशीलता से भरपूर बनाएं ताकि जब कोई नागरिक समस्या लेकर अधिकारी के पास आए, तो उसे यह महसूस हो कि उसकी बात को गंभीरता से सुना जा रहा है और अधिकारी कानून के दायरे में रहकर समाधान खोजने के लिए ईमानदारी से प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने यह भी दोहराया कि जनता के साथ अधिकारी का व्यवहार ही सरकार की असली पहचान होती है।

इसलिए हर अधिकारी को अपनी भूमिका को जिम्मेदारी, समर्पण और ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए ताकि जनता का विश्वास बना रहे और सरकार की छवि सकारात्मक बने। मुख्यमंत्री के अनुसार अब वह समय आ गया है जब सरकारी तंत्र की नकारात्मक छवि को पूरी तरह दूर किया जाना चाहिए, जिसमें फाइलों में अनावश्यक देरी, प्रशासनिक अव्यवस्था और कार्यालयों की अस्वच्छता जैसी समस्याएं शामिल हैं। उन्होंने इस चुनौतीपूर्ण स्थिति की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जिसमें बढ़ता हुआ कार्यभार, दलालों की दखलंदाजी, धोखाधड़ी वाले दस्तावेज और स्टाम्प शुल्क में गड़बड़ी जैसी समस्याएं प्रमुख हैं।

## लोग क्या कहेंगे इसकी परवाह मत करोः सिद्धू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन एक बार फिर लेकर आ रहा है अपना बहुप्रतीक्षित रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट, जिसका प्रीमियर ४ अक्टूबर से होगा। यह शो हर शनिवार और रविवार रात ९:३० बजे प्रसारित किया जाएगा।

इस सीजन में दर्शक नवजोत सिंह सिद्धू को जज की भूमिका में देखेंगे, जिनकी बेबाक राय और प्रेरणादायक विचार हमेशा चर्चा में रहते हैं। अपनी वापसी को लेकर सिद्धू ने कहा "मैं खुद को जज नहीं, बल्कि सुविधाकर्ता मानता हूं। भारत में प्रतिभा को अक्सर वह सम्मान नहीं मिलता जिसकी वह हकदार होती है, लेकिन इंडियाज गॉट टैलेंट असली, सच्ची और योग्य प्रतिभाओं को सम्मान देता है। यहां कोई सिफारिश नहीं चलती।

# कनाडा में रहकर भारतीयों को फर्जी सीडीसी देकर विदेश भेजने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फर्जी निरंतर निर्वहन प्रमाणपत्र (सीडीसी) की व्यवस्था करके लोगों को विदेश भेजने वाले एक कनाडा मूल के रहने वाले गुर अमृतपाल सिंह मुल्तानी उर्फ पाली नामक एजेंट को आईजीआई पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

२०१९ के एक मामले में वांछित था। उस पर इसी तरह के सात मामले दर्ज हैं। एजेंट बनने से पहले राष्ट्रीय स्तर का कबड्डी खिलाड़ी होने का दावा करता था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि बीते सितंबर महीने में फर्जी/जाली वीजा/पासपोर्ट से संबंधित मामलों में कुल ५२ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि २७ सितम्बर २०१९ में इथियोपिया से नौ भारतीयों को जारी फर्जी सीडीसी रखने के आधार पर वापिस भारत भेज दिया था। आईजीआई पुलिस ने धारा ४२०/४६८/४७१/१२०बी आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया। पूछताछ करने पर दो यात्रियों से पता चला कि गुरअमृतपाल सिंह मुल्तानी उर्फ पाली उनका एजेंट था, जिसने उन्हें २०-२० लाख रुपये के बदले नकली सीडीसी उपलब्ध कराए थे।

एजेंट गुरअमृतपाल सिंह मुल्तानी उर्फ पाली को पकडने के लिये एसीपी प्रदीप मीणा की देखरेख में एसएचओ वीरेन्द्र त्यागी के निर्देशन में इंस्पेक्टर सतीश यादव और कांस्टेबल हेमंत को जिम्मा सौंपा गया। जिसको एक पुख्ता जानकारी के बाद अहमदाबाद हवाई अड्डे पर उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया। रिकॉर्ड की जाँच करने पर पता चला कि वह इसी प्रकार के कुल सात मामलों में शामिल है। चूँकि उसे ६ साल बाद गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि वह अपने कॉलेज के दिनों में एक अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी था। इसके बाद, वह १९९५ में अपने परिवार के साथ कनाडा चला गया।

१९९९ में उसने परिवार के साथ मिलकर कनाडा की नागरिकता ले ली थी। वह जल्दी और आसानी से पैसा कमाने के लालच में, वह कुछ एजेंटों के संपर्क में आया और फर्जी दस्तावेजों पर लोगों को विदेश भेजना शुरू कर दिया। उसने भारत स्तर पर गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, पंजाब के लिए और १९९६-९७ में कनाडा में रहते हुए हैमिल्टन पंजाब स्पोर्ट्स क्लब, कनाडा के लिए कबड्डी खेली थी। २०१९ में, उसने जालंधर के अपने सहयोगी मंजीत के माध्यम से दो यात्रियों के फर्जी सीडीसी का प्रबंध किया।

# 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में पहुंचे पर्यावरण प्रेमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली : राजधानी दिल्ली के तुगलकाबाद शूटिंग रेंज पार्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित अभियान 'एक पेड़ मां के नाम'अभियान को आगे बढ़ाते हुए शपथ टाइम्स ने कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें पर्यावरणविद् आलोक सिन्हा, सतेंद्र तिवारी, मोहन यादव नागेंद्र शाह, विजय कुमार, सीपी मैथ्यू, डॉ. डीके गिरी, सुनील उपाध्याय, मनीष अग्रहरि, संदीप चौरसिया, मनीषा, मंजू, मानसी, समता देवी, मुनीब, सोमेश, प्रवीण सहित सैकड़ो की संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को एनएचपीसी ने मुख्य तौर पर स्पॉन्सर किया था और ब्रांडीर, राष्ट्रीय जनशक्ति सेवा संघ व अलबिटेक ने सहयोग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक सिन्हा ने शपथ टाइम्स द्वारा आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की सराहना की और कहा कि शपथ टाइम्स समाचार के अलावा अपने सामाजिक कार्यो का भी निर्वहन कर रहा है।

शूटिंग रेंज पार्क को और भी अधिक हरा-भरा करने में शपथ टाइम से जुड़े लोगों का बड़ा योगदान है, मैं इसके लिए शपथ टाइम्स परिवार के सभी शुभचिंतकों को बधाई देता हूं। शपथ टाइम्स के संस्थापक पीके चौरसिया ने कहा कि पर्यावरण को बचाना सभी की जिम्मेदारी है इसलिए प्रत्येक नागरिक को हर वर्ष एक पौध अवश्य रोपित करना चाहिए। चौरसिया ने कहा कि इस कार्यक्रम से पर्यावरण के प्रति लोग जागरुक होंगे और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।

कार्यक्रम में आए सभी लोगों ने दो-दो पौधे रोपित किए और इनके देखभाल की जिम्मेदारी लेकर पर्यावरण को बचाने के लिए संकल्प लिया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।



शूटिंग रेंज पार्क में पौधारोपण करते पर्यावरण प्रेमी व समाजसेवी।

## एक नजर

### धूम्रपान मुक्त भविष्य की प्रतिबद्धता को दोहराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल इंक. (पीएमआई) ने ईवाई पार्थेनॉन के हालिया अध्ययन में बताया कि इसका यूरोपीय संघ में महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक प्रभाव है। साथ ही, कंपनी ने धूम्रपान-मुक्त भविष्य की दिशा में तेजी से बदलाव लाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अध्ययन के अनुसार, यूरोपीय संघ में पीएमआई की मौजूदगी ने लगभग 290 बिलियन यूरो का कुल आर्थिक योगदान दिया और क्षेत्र में लगभग १५ लाख नौकरियों (प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष और प्रेरित) को सहारा दिया। ये निष्कर्ष 17 सितंबर को ब्रुसेल्स में आयोजित एक सम्मेलन में जारी किए गए, जहाँ पीएमआई यूरोप रीजन के प्रेसिडेंट, मास्सिमो एंडोलिना ने मुख्य भाषण दिया। इस अवसर पर ईवाई-पार्थेनॉन ने भी अपनी रिपोर्ट के प्रमुख पहलुओं को साझा किया, जिसमें 27 यूरोपीय संघ देशों का पाँच वर्षों (2023 तक) का आकलन शामिल था। अध्ययन ने दिखाया कि किस प्रकार पीएमआई ने औद्योगिक मजबूती, एसएमई सप्लाई चेन, आरएंडडी निवेश, कर्मचारियों के प्रशिक्षण और निर्यात में योगदान दिया। अपने मुख्य संबोधन में 'मास्सिमो एंडोलिना, प्रेसिडेंट ख्र यूरोप रीजन, फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल' ने कहा कि पीएमआई पिछले 10 वर्षों से अपने व्यवसाय को बदलने की दिशा में कार्यरत है और आज कंपनी की वैश्विक आय का 40% से अधिक हिस्सा स्मोक-फ्री उत्पादों से आ रहा है।

### वेदांग रैना व खुशी कपूर बने ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** ऐरो ने एक्टर्स वेदांग रैना और खुशी कपूर को अपने न्यूएस्ट ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। यह कोलैबोरेशन इस आइकॉनिक लेबल के लिए एक एक्साइटिंग नए चौप्टर की शुरुआत है, क्योंकि ब्रांड नई जनरेशन के लिए कंटेम्पररी स्टाइल को फिर से रिडिफाइन कर रहा है। खुशी कपूर, अपने एफर्टलेस एलिगेंस और मॉडर्न आउटलुक के साथ, ब्रांड में एक फ्रेश एनर्जी लाती हैं और ऐरो के एलिगेंस और सोफिस्टिकेशन को कॉम्प्लिमेंट करती हैं। वहीं, अपने करिश्माई स्क्रीन प्रेजेंस और यूथफुल चार्म के लिए जाने जाने वाले वेदांग रैना, ऐरो मैन को परफेक्टली दर्शाते हैं। इस एसोसिएशन पर बात करते हुए, ऐरो इंडिया के सीईओ, आनंद अय्यर ने कहा, "ऐरो हमेशा स्टाइल, कॉन्फिडेंस और सोफिस्टिकेशन के लिए जाना जाता है। वेदांग और खुशी आज के एस्पिरेशनल इंडिया को रिप्रेजेंट करते हैं, जो असलियत में विश्वास रखते हैं, लेकिन मॉडर्निटी को अपनाने से डरते नहीं हैं। उनकी पर्सनैलिटी हमारे विजन के साथ पूरी तरह से अलाइन होती है, जो ऐसे मॉडर्न पुरुषों के लिए है।

### एच के सैयद नवाज को मिला ह्यूमन राइट्स अवेयरनेस पद



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद के प्रमुख स्वामी वेद पुत्र जी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद में, मानवाधिकार जागरूकता, सामाजिक न्याय और मानव कल्याण के क्षेत्र में निरंतर योगदान को देखते हुए एच के सैयद नवाज को नेशनल डायरेक्टर ह्यूमन राइट्स अवेयरनेस के पद पर नियुक्त किया गया है। एच के सैयद नवाज ने वर्षों से मानवाधिकारों की रक्षा, समाज के कमजोर वर्गों के लिए जागरूकता अभियानों और सामाजिक कल्याण के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनके अथक प्रयासों और समर्पण को देखते हुए यह नियुक्ति आईएचआरसीसी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कदम साबित होगी। आईएचआरसीसी प्रमुख स्वामी वेद पुत्र जी ने इस अवसर पर एच के सैयद नवाज को उनके अनुभव, नेतृत्व और समाज कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी। स्वामी जी ने कहा कि इस नई जिम्मेदारी के माध्यम से पूरे देश में मानवाधिकार जागरूकता, सुरक्षा और सामाजिक न्याय को नई दिशा और गति मिलेगी।

### कई आपराधिक मामलों में भगोड़ा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिमः जिला पुलिस के एएटीए स ने कई आपराधिक मामलों में वांछित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए है।आरोपी एक आदतन और सक्रिय अपराधी पाया गया है, जो पहले छह जघन्य मामलों में शामिल रहा है। दिल्ली के उत्तर-पश्चिमः जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि २० सितंबर की मध्यरात्रि में एएटीएस टीम प्रेमबाड़ी फ्लाईओवर के पास थी।इसी बीच उन्हें एक गुप्त सूचना मिली कि एक कुख्यात अपराधी अवैध हथियार के साथ केशव पुरम क्षेत्र में अपराध करने की फिराक में घूम रहा है। इस सूचना पर एसीपी ऑपरेशन रंजीत ढाका की देखरेख में इंस्पेक्टर जीतेंद्र तिवारी के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की निशानदेही पर, आरोपी पवन उर्फ जीत उर्फ सागर (३२) को पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

## भागवत चैप्टर वन का प्रीमियर 17 अक्टूबर को

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े स्वदेशी वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जी५ ने आज अपने आगामी ओरिजनल फिल्म भगवत/ भागवत चैप्टर वनः राक्षस का रोमांचक ट्रेलर लॉन्च किया, जो 17 अक्टूबर को विशेष रूप से प्रीमियर होगा। जियो स्टूडियोज द्वारा, बावजा स्टूडियोज और डॉग 'एन' बोन पिक्चर्स के सहयोग से निर्मित, यह ट्रेलर एक दमदार और रोमांच से भरी पीछा करने वाली थ्रिलर कहानी दिखाता है, जिसकी पृष्ठभूमि उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज में बनी है। कहानी में इंस्पेक्टर विश्वास भगवत/ भागवत (अरशद वारसी) को दिखाया गया है, जो खौफनाक हत्याओं की श्रृंखला की जाँच करते हैं और साथ ही अपने भीतर के संघर्ष से भी जूझते हैं। जी5 ने दशहरे के शुभ मौके पर दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित दशहरा ग्राउंड में 'भगवत/ भागवत चैप्टर वनः राक्षस' का ट्रेलर शानदार तरीके से लॉन्च किया।

# दो ऑटो लिफ्टर किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की उत्तरी जिला क्राइम टीम ने सदर बाजार इलाके से सक्रिय एक इंटरस्टेट ऑटो-लिफ्टर गैंग का पर्दाफाश किया है। थाना सदर बाजार के अधीन पीपी आहता-किदारा की टीम ने तकनीकी सहायता और लोकल इंटेलिजेंस के आधार पर की गई कार्रवाई में गिरोह के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से सात मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की गई, जिनमें से कई गाड़ियों के इंजन और चेसिस नंबर तक छेड़े गए थे। पुलिस की इस कार्रवाई से दिल्ली के अलग-अलग थानों में दर्ज छह वाहन चोरी के मामलों का समाधान हो गया है। मामले की शुरुआत तब हुई जब सदर बाजार थाने में लगातार मोटरसाइकिल चोरी की शिकायतें दर्ज होने लगीं। पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी घटनास्थल तक पहुंचने के लिए ओला कैब बुक करते थे ताकि किसी पर शक न हो। चोरी की गई गाड़ियों को ये शाहजहांपुर और बरेली (उत्तर प्रदेश) के कबाड़ी बाजार में बेचकर मोटा मुनाफा कमाते थे।

जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और एक मोबाइल नंबर के जरिए आरोपियों की गति. विधियों का पता लगाया। यह भी सामने आया कि आरोपी चोरी की घटनाओं से पहले और बाद में लोनी, गाजियाबाद और यूपी के शाहजहांपुर व बरेली में छिपते थे। पुलिस की टीम ने लगातार दबिश देकर आखिरकार २६ सितंबर को लोनी, गाजियाबाद से दोनों आरोपियों फैज (२०) और फैजान (२६) को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी पेशे से बढ़ई हैं लेकिन शराब और नशे की लत ने उन्हें अपराध की राह पर धकेल दिया। उन्होंने पूछताछ में कई अन्य वाहन चोरी की घटनाओं को भी कबूल किया। पुलिस ने अब तक आठ चोरी की गई दोपहिया गाड़ियां बरामद की हैं, जिनमें से कुछ को काटकर कबाड़ी को बेचने की तैयारी की जा रही थी।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह का नेटवर्क बड़ा है और अन्य सहयोगियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। बरामद गाड़ियों में से कुछ पर इंजिन और चेसिस नंबर बदल दिए गए हैं, जिससे साफ है कि यह एक संगठित गैंग है। इस कामयाबी से सदर बाजार, करावल नगर, फर्श बाजार और प्रसाद नगर सहित कई थानों में दर्ज मामलों को सुलझा लिया गया है।

## दुर्गा पूजा समिति का 50वां वर्षोत्सव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चित्तरंजन पार्क स्थित के ब्लॉक में 'द कोऑपरेटिव ग्राउंड दुर्गा पूजा समिति' के भव्य 50वें वर्षोत्सव के अवसर पर मिसेज ग्लोब 2025, अनुराधा गर्ग का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अपनी शालीनता और सांस्कृतिक गौरव के लिए जानी जाने वाली अनुराधा गर्ग ने इस पावन अवसर का हिस्सा बनने पर सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा शक्ति, परंपरा और स्त्रीत्व का संगम है और ऐसे अवसर पर उपस्थित होना अपने आप में सौभाग्य की बात है।

दुर्गा पूजा जहाँ अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है, वहीं अनुराधा गर्ग की उपस्थिति ने महिला सशक्तिकरण और दृढ़ता का सशक्त संदेश दिया। अनुराधा गर्ग ने कहा यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैं इस पावन उत्सव का हिस्सा बनी,



जहाँ शक्ति, परंपरा और स्त्रीत्व का सामूहिक उत्सव मनाया जाता है।

# शिव परिवार की शिक्षाओं पर साझा किए विचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कुछ कहानियाँ पीढ़ियों, आस्था और परंपरा से परे जाकर जीवन के ऐसी सीख छोड़ जाती हैं, जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी सदियों पहले थी। सोनी सब का आगामी पौराणिक शो गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय ऐसी ही एक अनूठी कहानी है, जो भगवान शिव (मोहित मलिक) और माता पार्वती (श्रेणु पारिख) के पुत्रों ख्र भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय ख्र की यात्रा को न केवल देवताओं के रूप में बल्कि एक परिवार के रूप में प्रस्तुत करता है, जहाँ प्रेम, जीवन-यात्रा और जीवन मूल्यों की शिक्षा आज भी दर्शकों के दिलों को छूती है। ६ अक्टूबर से रात ८ बजे प्रसारित होने वाला यह शो परिवार, साहस और निस्वार्थता जैसे कालातीत मूल्यों को और करीब से महसूस कराने का वादा करता है।

इस कथा की आत्मा का जश्न मनाने के लिए लोकप्रिय टीवी सितारे नकुल मेहता, सुधांशु पांडे, शक्ति अरोड़ा और शिवांगी जोशी एक साथ आए और साझा किया कि गणेश कार्तिकेय की कहानी उन्हें कितनी व्यक्तिगत लगती है और क्यों वे मानते हैं कि यह शो देशभर के दर्शकों के दिलों में गूंज उठेगा।

# संत निरंकारी मिशन को मानव सेवा में योगदान पर विशेष सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गांधी जयंती के अवसर पर इंटरनेशनल होटल, श्रीनगर में गांधी ग्लोबल फैमिली द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पद्मश्री डॉ. एस. पी. वर्मा ने की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सिद्धांतों और विचारों को पुनः स्मरण करना था। इस गरिमामय आयोजन में कई प्रतिष्ठित संस्थाओं की सहभागिता रही, जिनमें संत निरंकारी मिशन का प्रतिनिधित्व करते हुए संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा जी की सम्मानजनक उपस्थिति रहीं।

श्री सुखीजा ने महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने संबोधन में संत निरंकारी मिशन के मूल सिद्धांत- 'मानव को मानव हो प्यारा, इक-दूजे का बने सहारा' को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार निरंकारी मिशन



विश्वबंधुत्व, एकता और आपसी भाईचारे के भाव को सशक्त रूप से प्रसारित कर रहा है।

इस अवसर पर उन्होंने सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं संस्थाओं को आगामी निरंकारी संत समागम जो 31 अक्तूबर से 3 नवंबर, तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में आयोजित होने जा रहा है उसके लिए आमंत्रित किया और कहा कि "संत समागम वह आध्यात्मिक मंच है, जहाँ समस्त धर्म, जाति और वर्गों के लोग एकत्रित होकर प्रेम, एकता और भाईचारे का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। यह आयोजन मानवता के सच्चे स्वरूप को उजागर करता है।मानवता की निःस्वार्थ सेवा के पथ पर अग्रसर संत निरंकारी मिशन, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में समाज कल्याण हेतु निरंतर समर्पित भाव से कार्य कर रहा है।

## रेलवे ट्रैक पर लापरवाही के चलते जा रही लोगों की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रेल हादसों में दिल्ली में रोजाना लोगों की जान जा रही है। इसकी बड़ी वजह लोगों का रेलवे ट्रैक पर लापरवाही से आवागमन करना है। रेलवे के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा हादसे दिल्ली-शाहदरा और दिल्ली-रोहतक रूट पर दर्ज किए गए हैं। इस साल जनवरी से अगस्त तक ९४७ लोगों की जान जा चुकी है जबकि २११ लोग गंभीर रूप से घायल हैं। रेलवे ने इन हादसों को लेकर जुर्माना समेत तमाम तरह के प्रयास भी किए हैं लेकिन दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। रेलवे के आंकड़े बताते हैं कि पिछले छह साल (२०२० से अगस्त २०२५ तक) में ७,५१७ लोग रेल हादसों में जान गंवा चुके हैं। रेलवे सुरक्षा बल समय-समय पर अवैध रूप से ट्रैक पार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी करता है लेकिन रेलयात्रियों के साथ ही रेलवे लाइन के पास बस्ती में रहने वाले बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रेनों की आवाजाही के बीच ट्रैक पार करते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। रेलवे ट्रैक पर हादसों के मुख्य कारण है ,लोग फुट ओवरब्रिज या अंडरपास का उपयोग करने के बजाय ट्रैक पार करते हैं ,कई लोग ट्रैक पार करते समय हेडफोन लगाकर गाने सुनते हैं, जिससे उन्हें ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं देती। , नशे में भी लोग ट्रैक पर सो जाते हैं। रेलवे ट्रैक पर हादसों को रोकने के लिए , हमेशा फुट ओवरब्रिज या अंडरपास का उपयोग करें। , ट्रैक पार करते समय हेडफोन न लगाएं, ताकि ट्रेन की आवाज सुनाई दे।, नशे की हालत में रेलवे ट्रैक के पास न जाएं , रेलवे द्वारा लगाए गए चेतावनी बोर्ड और सिग्नल का पालन करें। ,रेलवे और स्थानीय प्रशासन को स्कूलों, कॉलेजों और सहित अन्य जगहों पर जागरूकता अभियान चलाएं।

# दिवाली भारतीय उत्पादों से जगमगाएंगे बाजार : खंडेलवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** भारत ने महीने भर चलने वाले दिवाली त्योहारी सीजन में आधिकारिक रूप से प्रवेश कर लिया है और देशभर के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। व्यापारी इस बार रिकॉर्ड तोड़ कारोबार की तैयारी में हैं। अनुमान है कि दिवाली की बिक्री ४.७५ लाख करोड़ के अब तक के सर्वाधिक स्तर को पार करेगी, जिसमें प्रमुख योगदान भारतीय उत्पादों का होगा।

पिछले चार वर्षों में दिवाली बिक्री में निरंतर उल्लेखनीय वृद्धि हुई है ख्र २०२१ में १.२५ लाख करोड़, २०२२ में २.५० लाख करोड़, २०२३ में ३.७५ लाख करोड़ और २०२४ में ४.२५ लाख करोड़। इस वर्ष का अनुमानित आंकड़ा ४.७५ लाख करोड़ एक नया कीर्तिमान होगा, जो स्वदेशी की भावना को और उपभोक्ताओं के मेड इन इंडिया उत्पादों की ओर स्पष्ट रुझान को दर्शाता है।

केवल दिल्ली में ही इस बार त्योहारों की बिक्री का अनुमान ७५ हजार करोड़ लगाया गया है, जो बाजारों की उच्च व्यापारिक भावनाओं को प्रकट करता है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि नवरात्रि के दौरान कैट ने विभिन्न राज्यों के ३५ शहरों में व्यापारिक संगठनों से सर्वे कराया। इस सर्वे में दो प्रमुख कारण सामने आए जो इस बार के त्योहारी कारोबार को नई ऊँचाई दे रहे हैंख्र

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का स्वदेशी का आह्वान और उनका "वोकल फॉर लोकल ख्र लोकल फॉर ग्लोबल" का दृष्टिकोण, जिसे उपभोक्ताओं का जबरदस्त समर्थन मिला है। हाल ही में हुई व्यापक जीएसटी दर कटौती, जिसने व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को दिवाली से पहले बड़ा तोहफा दिया है और विभिन्न क्षेत्रों में बिक्री को मजबूत बनाया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित स्वदेशी त्योहारी वस्तुओं के लगभग ३० स्टॉलों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें भारतीय उत्पादों की उच्च गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धी मूल्य प्रदर्शित किए गए।

# गीता कॉलोनी शमशान घाट पर सफाई अभियान कार्यक्रम



**नई दिल्ली।** श्री प्रीतम धाम दशमेश घाट चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक एवं यमुना बचाओ यात्रा के प्रमुख बाबा हरिदास जी महाराज के सानिध्य में आज गांधी जयंती के उपलक्ष्य में यमुना घाट गीता कॉलोनी शमशान घाट पर एक महायज्ञ कर सफाई अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने यमुना घाट के इर्द गिर्द पड़े कूड़े कचरे को साफ कर लोगों को सफाई का संदेश दिया।इस अवसर पर बाबा हरिदास जी महाराज , गजराज जी महाराज ,राज कुमार ढिगीया ,राहुल प्रहरी दिनेश मैनी, डॉ. गोविंद पासवान जय प्रकाश चौरसिया पवन कुमार, कंवलजीत कौर और प्रीति मैडम वर्क चैप्टर दिल्ली के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### पत्रकार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर मांगी जानकारी

# प्रभारी ने लगाई फर्जी रिपोर्ट

**■ इस जवाब से साफ नजर आता है कि यह लोग कितने भ्रष्ट हो चुके हैं कि मुख्य मंत्री पोर्टल को भी हल्के में ले रहे है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जहां एक तरफ प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स कहते है कि प्राधिकरण क्षेत्र में किसी भी प्रकार का कोई भी गलत काम नहीं हो रहा है लेकिन वहीं दूसरी तरफ उनके ही प्रभारी और ए इ और जे इ अपनी मनमानी चला रहे है और अवैध निर्माण तो छोड़िए यह लोग इतनी दबंगई दिखा रहे है कि मुख्य मंत्री पोटल (पहते) पर अपनी मनमानी करते हुए फर्जी रिपोर्ट लगा रहे है। जी हां ऐसा ही एक मामला जोन तीन में प्रकाश में आया जहां एक दैनिक पेपर के रिपोर्टर को पता चला कि पटेल नगर में एच 26 में आवासीय नक्शा पास करवा कर प्राधिकरण में साठ गांठ करके वहां अस्पताल बनाया जा रहा है। जिस पर रिपोर्टर द्वारा मुख्यमंत्री पोटल के माध्यम से पूछा गया कि यह निर्माण आवासीय हो रहा है कि कॉमर्शियल तो इस पर संबंधित अधिकारी ने लिख दिया कि शिकायत करता यहां नहीं रहता तो उसको इस निर्माण से कोई परेशानी नहीं है। इस जवाब से साफ नजर आता है कि यह लोग कितने भ्रष्ट हो चुके हैं कि मुख्य मंत्री पोटल पहते को भी हल्के में ले रहे है। यही नहीं सूत्रों से पता चला है कि पहते पर जो अधिकारी के हस्ताक्षर है वह भी फर्जी है।

## जिलाबदर अपराधी की हत्या में चौकी प्रभारी समेत दो निलंबित

**लोनी।** बॉर्डर थाना क्षेत्र में जिलाबदर अपराधी विशाल की हत्या के बाद बीट पुलिस अधिकारी और चौकी प्रभारी की लापरवाही उजागर हुई। इसी के चलते डीसीपी ग्रामीण ने दोनों को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए। जांच के आधार पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के बेहटा हाजीपुर निवासी प्रेमचंद का 22 वर्षीय पुत्र विशाल एक अक्तूबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे घर से किसी कार्य से जा रहा था। उसकी दूसरे मोहल्ले में रहने वाले चार से पांच युवकों से पुराने विवाद को लेकर कहा. सुनी हो गई। इस पर युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर युवकों के परिजन और अन्य साथी भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद कई लोगों ने विशाल पर हमला कर दिया। हमलावरों ने सिर पर ईंट से प्रहार कर विशाल को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर विशाल के परिजन पहंचे तो हमलावर मौके से भाग गए। परिजन विशाल को जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## मोदीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया हत्या के प्रयास का आरोपी, कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** 4 दिन पूर्व एक व्यक्ति द्वारा उस के बेटे को जान से मारने का प्रयास किये जाने का मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसमे पुलिस ने नामजद आरा. ेपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया है।

एसीपी ने बताया कि 29 सितंबर को मांगेराम पुत्र सुखपाल नि० डिफेन्स कालोनी थाना मोदीनगर द्वारा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था कि अभियुक्त द्वारा उसके बेटे मोहित के साथ गाली गलौज व जान से मारने की नियत से सरिया व चाकू से मारपीट की गई है।

पुलिस उसी दिन से अभियुक्त की तलाश में थी, 2 अक्टूबर को मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा नामजद अभियुक्त दीपक शर्मा उर्फ दीपू पुत्र नरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी मकान न01 शिवपुरी राज चौपला थाना मोदीनगर जनपद गाजियाबाद उम्र 38 वर्ष को मौहल्ला शिवपुरी थाना मोदीनगर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना



में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है।

अभियुक्त के विरुद्ध उपरोक्त प्रकरण के सम्बन्ध में थाना मोदीनगर पर 01 अभियोग पंजीकृत है व मारपीट के अन्य 03 अभियोग थाना मोदीनगर पर पंजीकृत है (कुल-04)। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

## मोदीनगर तहसील में हुई विशेष जनसुनवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** तहसील में मीटिंग हॉल में एसडीएम अजित कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसीलदार रजत सिंह,नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा व प्रशांत सक्सेना ने आमजन की समस्याओं का निस्तारण किया, इस दौरान सहित सभी लेखपाल व राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि एसडीएम मोदीनगर अजीत कुमार सिंह ने यह नयी व्यवस्था बनायी है कि प्रत्येक शुक्रवार को जनसुनवाई उनके कार्यालय में ना होकर मीटिंग हॉल में की जाएगी जिसमें तहसील के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे ताकि आने वाली शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा सके व शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादा भीड़भाड़ ना हो व आमजन को परेशानी ना उठानी पड़े।

## दशहरे के महापर्व पर खत्री सभा ने किया दशहरा पूजन व शस्त्र पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दशहरे के महापर्व पर खत्री सभा के द्वारा रामघाट मंदिर पर दशहरा पूजन एवम शस्त्र पूजन करा गया अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। सैकड़ो वर्षों से हमारे पूर्वजों द्वारा शुरू किये गए इस पर्व को परंपरागत तरीके से मनाया गया सर्व प्रथम राम दरबार में पुष्प हार पहनाए गए फिर दशहरा पूजन व शस्त्र पूजन किया गया उसके पश्चात सभी ने एक दूसरे को दशहरे की शुभकामनाएं दी और भगवान राम को लड्डू का भोग लगाकर एक दूसरे को लड्डू खिलाकर दशहरे पर्व की खुशी मनाई गई एवं एक दूसरे को शुभकामना दी।

महेश आहूजा जी ने कहा देश का जो माहौल चल रहा है सभी सनातनी जातियों को एक



हो जाना चाहिएअध्यक्ष अनिल अरोड़ा जी ने कहा कि हम पुरुषोत्तम श्री राम के वंशज हैं दशहरे का महापर्व हजारों वर्षों से बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है यह त्यौहार अधर्म पर धर्म की जीत है हमारी बहन बेटियों को अपने पास एक छोटी सी कृपा हमेशा रखनी चाहिए! कार्यक्रम में महिलाओं ने दशहरा शस्त्र पूजन में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में जलपान की बहुत सुंदर व्यवस्था करी गई जिसका सबने भरपूर आनंद लिया 2 अक्टूबर को खत्री सभा के उपाध्यक्ष सतीश चोपड़ा का जन्मदिन भी मनाया गया

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेश आहूजा राधे कृष्ण अरोड़ा ( मुरादनगर) अनिल अरोड़ा अजय टंडन शिव कुमार अरोड़ा गुलशन बावड़ी सतीश चोपड़ा राजेश अरोड़ा डॉक्टर संकल्प खत्री बिजेंदर अरोड़ा (वैशाली) अनिल अरोड़ा (डसना गेट) संजय रैना संजय अरोड़ा (मीडिया प्रभारी) अशोक अरोड़ा अमित अरोड़ा मनीष अरोड़ा अजय अरोड़ा हितेश खन्ना पंकज अरोड़ा. संजय अरोड़ा (सेवा नगर) राहुल अरोड़ा, सोनू तरुण खत्री पायल खत्री, पूजा अरोड़ा प्रीतअरोड़ाआशा चौधरी वासु अरोड़ा आदि अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चाट खाने गए युवक के साथ मारपीट, दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**लोनी।** लोनी थाना क्षेत्र में लोनी तिराहा के रामलीला मैदान में ठेले पर चाट खाने गए युवक के साथ चाट विक्रेता ने गाली गलौज कर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया। परिजनों ने घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने उपचार के बाद घायल को छुट्टी दे दी है। पीड़ित के भाई की शिकायत पर पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। लोनी मेन बाजार वाल्मीकि मोहल्ला निवासी शिवा 29 सितंबर की देर शाम करीब 8 बजे जीम से आते समय रामल. ीला ग्राउंड में ठेली पर चाट खाने के लिए गया था। उनके भाई आयुष ने बताया कि इस दौरान चाट विक्रेता से कहासुनी हो गई।

## मंदिरों और बंद मकान में चोरी करने वाले सात दबोचे

**लोनी।** शुक्रवार को बॉर्डर थाना पुलिस ने जांच के दौरान तीन चोर के अलावा चार नाबालिगों को पकड़ा है। आरोपी बंद मकानों, मंदिर और फैक्टरी में चोरी की घटना को अंजाम देते थे। आरोपियों के कब्जे से चुराए गए जेवरात बरामद हुए हैं। लोनी बॉर्डर थाना पुलिस शुक्रवार को लोनी डिपो के पास दिल्ली सहारनपुर रोड पर वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान पुलिस को बंद मकान में चोरी करने वाले गिरोह के आने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर तीन चोरों और उनके साथ घूम रहे चार नाबा. लिग को धर दबोचा। पुलिस आरोपियों को थाने ले आई।

## डांडिया उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** मां आद्या शक्ति मित्र मंडल द्वारा वैशाली सेक्टर 1 में डांडिया महारास उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसका शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल द्वारा किया गया। भगवती आराधना से शुरू हुआ डांडिया महोत्सव शाम को शुरू होकर देर रात्रि चलता रहा।

इस कार्यक्रम के आयोजक कुमकुम शर्मा, संजू रघुवंशी, सुषमा अग्रवाल रीता देवी, ज्योति चौधरी रहे। इस अवसर पर ज्योति जोशी, पूनम द्विवेदी, सुषमा अग्रवाल, दिव्या वार्ष्णेय, स्वर्णिमा अग्रवाल, किरण शैली मीनाक्षी, श्रुति शर्मा, मधु शर्मा, दीपा, लीना, प्रतिमा गुप्ता, निशी गुप्ता, दीप्ति गुप्ता, पूनम जैन, रेनू गीत शशि मिश्रा नेहा शर्मा



नीलिमा मानवी नीरज चौधरी, सोना, केशवी, कृतिका कौशिकी, पलक, दीक्षा, संगीता मंगल, कविता शर्मास अर्चना झा देवेंद्र झा, यतेश शर्मा, कमल किशोर,ज युद्धवीर सिंह, दुर्गेश वार्ष्णेय, विजय सिंह, हरीश जोशी, हर्षदीप, समर्थ, पृथ्वी, विदुर, निशु, रजनी, देवेंद्र कुमार, अनंत शर्मा, प्रेमवती, प्रीति पाराशर, अंबिका, डॉक्टर नीना अरोड़ा, मानसी गुप्ता, शालिनी राणा, पूर्व डॉ मनोज मनोज गोयल गौरव अग्रवाल, निहार, मेहुल जोशी, शिवानी अग्रवाल, पूनम सिंह, बरखा जिंदल, सोनम सिंगल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के निवासियों में भाग लिया।

### राजनगर एक्सटेंशन में अतिक्रमण पर प्राधिकरण की बड़ी कार्यवाही

## शराब की दो अवैध दुकानें भी की गई सील

**■ प्रभारी प्रवर्तन जोन-1 टीम के साथ पुलिस बल के सहयोग से की गई कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अनाधिकृत कालो. नियों/ अवैध निर्माणों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के दिशा निर्देशों के क्रम में आज प्रवर्तन जोन 1 के प्रभारी के नेतृत्व में राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र के अंतर्गत जूडियो शोरूम एवं वीवीआईपी मॉल के निकट फुटपाथ एवं सडक के भाग को अतिक्रमण करते हुए निर्माण जो निर्माण कर लिया गया था और उसे पार्किंग के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। फुटपाथ एवं सडक के हिस्से में पार्किंग के संच. ालन से अक्सर जाम की समस्या उत्पन्न होती थीं। फुटपाथ और सडक के हिस्से में अतिक्रमण को आज प्रभावी रूप से हटाया गया। इसके अतिरिक्त 24 , 30 और 40 मीटर चौड़ी सडकों पर अस्थाई दुक. ानों तथा पटरी पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। राजनगर रेजीडेंसी के सामने एगिंल के सहारे रेस्टोरेंट व दुकानें संचालित करते हुए किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। इसी लाइन में संचालित शराब की दुकान को सील किया गया। राजनगर एक्सटेंशन की 45 मीटर चौडी रोड पर एंगिल एवं गर्डर के सहारे अशोक चौधरी के द्वारा लगभग 400 वर्ग मीटर में संचालित शराब की दुकान को सील किया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों के द्वारा विरोध किया गया, लेकिन पुलिस बल के सहयोग से कार्यवाही को अंजाम दिया गया। इस दौरान थाना और प्राधिकरण पुलिस के अलावा तमाम प्राधिकरण का स्टाफ मौके पर उपस्थित रहा। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी, इसलिए लोगों से अपील की गयी कि अवैध निर्माण को खुद से हटा ले।

**अदालती सूचना**

**न्यायालय सिविल जज ( सी0 डि0 ), जनपद-गाजियाबाद**
**उपस्थित श्री जसवीर सिंह यादव, पी.सी.एस. जे**
**विविध वाद सं0- 108 सन-2025**
**( कम्प्यूटर नं0 330/2025 )**

1- श्रीमति प्रियल गुप्ता पत्नी स्व० श्री सौरभ गुप्ता उम्र 34 वर्ष पुत्री श्री राकेश गुप्ता। 2- अध्यन गुप्ता उम्र 5 वर्ष पुत्र स्व० श्री सोरभ गुप्ता नाबा. लिग द्वारा माता स्वय कुदरती वली श्रीमति प्रियल गुप्ता पत्नी स्व० श्री सौरभ गुप्ता। 3- आयन गुप्ता उम्र 2 वर्ष पुत्र स्व० श्री सौरभ गुप्ता नाबा. लिगान द्वारा माता स्वय कुदरती वली श्रीमति प्रियल गुप्ता पत्नी स्व० सौरभ गुप्ता समस्त निवासीगण टी एफ 02 तृतीय तल प्लाट सं० 934 नीति खण्ड-1 इन्द्रापुरम गाजियाबाद तहसील गाजियाबाद।

...प्रार्थीगण वादीगण

**बनाम**

1- आइ०सी०आई०सी०आई० बैंक लि० प्लाट न० 20-2/ सैक्टर 135 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर यू०पी० 201301, 2- श्रीमति प्रेमलता गुप्ता पत्नी श्री राजेन्द्र गुप्ता निवासी 104 पुरानी नसाई झांसी खास झांसी उ०प्र०।

.....प्रतिवादीगण/विपक्षीगण

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमान जी, श्रीमति प्रियल गुप्ता आदि, ने वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनरा. शि रूपया अंकन लगभग 6,26,738.89/- रूपये स्व० सौरभ गुप्ता के अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 17.10. 2025 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 18. 09.2025 को न्यायालय के आद. ेशानुसार जारी किया गया। मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण।

6,26,738.89/-रूपये

**आदेशानुसार**
**( तरूण कुमार )**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( सी0डि0 )**
**गाजियाबाद।**

## साहिबाबाद में फ्लैट के सौदे के नाम पर सात लाख की ठगी, दो गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन पुलिस ने फ्लैट का झांसा देकर सात लाख रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शुभम जैन (निवासी रामप्रस्थ) और अनुराग सूरी (निवासी लाजपत नगर) के रूप में हुई है। इनके खिलाफ राजेंद्र नगर सेक्टर-3 के निवासी दानिश ने मई महीने में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस मामले में अन्य आरो. पियों की तलाश भी कर रही है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह के अनुसार, छह महीने पहले दानिश ने आरोप लगाया था कि अनुराग सूरी ने सस्ता फ्लैट दिलाने के बहाने उसकी मुलाकात शुभम जैन, रचित जैन (निवासी रामा कृष्ण विहार) और एक अन्य व्यक्ति से करवाई। दिसंबर 2023 में इन लोगों ने शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1 में एक भूखंड संख्या ए-437 पर बने फ्लैट को दिखाया। फ्लैट छोटा होने की बात कहकर आरोपियों ने बगल का फ्लैट दिलाने का भी वादा किया और कुल 23 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। फ्लैट के लिए 10.60 लाख रुपये का लोन पास हुआ, जबकि सात लाख रुपये दानिश ने नकद दिए। अप्रैल 2024 में आरोपियों ने एक ही फ्लैट का बैनामा कर दिया और दूसरे का बैनामा बाद में कराने का आश्वासन दिया। जब दानिश फ्लैट में पहुंचा तो वहां पहले से एक महिला रह रही थी। जांच में सामने आया कि जिस भूखंड संख्या पर बैनामा हुआ, वह वास्तव में अस्तित्व में ही नहीं है।

## रावण, कुम्भकरण व मेघनाथ के पुतलों का किया गया दहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर द्वारा रामलीला महोत्सव के अंतर्गत विजयदशमी के पर्व पर निर्णायक रूप से रावण के वध के साथ विशालकाय रावण, कुम्भकरण एवं मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। कविनगर रामलीला मैदान में लाखों की संख्या में लोग इस महोत्सव में सम्मिलित हुए। रावण, कुम्भकरण एवं मेघनाथ के पुतलों का दहन स्थानीय सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीत पाल त्यागी एवं पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल के द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त गाजियाबाद के सीडीओ अभिनव गोपाल, आईएएस, पूर्व



विधायक प्रशान्त चौधरी एवं सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंहदी वाले एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष। ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा, अजय जैन, गुलशन बजाज, गौरव चोपडा, अनिल जैन, विवेक मित्तल, विपुल शर्मा, अवनीश गर्ग, राजेश गुप्ता, पवन गुप्ता, आनन्द गर्ग, नवेन्दु सक्सेना, दिव्यांशु सिंघल, डी०पी० कौशिक, तरूण चौटानी एवं दिवाकर सिंघल आदि ने किया।

श्री धार्मिक रामलीला समिति, कविनगर द्वारा उन सदस्यों को जिन्होंने 30 वर्ष से अधिक आजीवन सदस्य के रूप में समिति का सहयोग किया है उसी क्रम में समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल एवं महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा को समिति के 30 वर्ष से अधिक की आजीवन सदस्यता में अतुल्नीय योगदान एवं समर्पण हेतु अतुल गर्ग सांसद एवं श्री अजीत पाल त्यागी, विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। स्थानीय सांसद एवं विधायक द्वारा सभी नगरवासियों को विजयदशमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयीं। सभी अतिथियों ने भगवान राम की आरती में हिस्सा लिया। रामलीला मंच से भव्य नाटिका महिषासुर मर्दिनी दुर्गा का मंचन श्याम महोत्सव के अन्तर्गत श्याम बाबा का गुणगान निकुंज कामरा, वृन्दावन धाम, आयुष सोमानी, जयपुर एवं अखिल भारतीय राधा माधव संकीर्तन मण्डल के सलिल श्रीवास्तव करेंगे। दिनांक 05 अक्टूबर, 2025 रविवार को यह समारोह भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ड्रोन शो तथा रंगारंग आतिशबा. जी के साथ यह रामलीला महोत्सव सम्पन्न होगा।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने किया मासिक बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजन किया गया। जिसमें बहुत अधिक संख्या में कांग्रेस जन व अन्य राजनीतिक पार्टियों से आऐ सदस्य शामिल हुए अव वह समय दूर नहीं जब 2027 में कांग्रेस का प्रचम लहराएगा हर दिन कांग्रेस का करवा आगे बढ़ता जा रहा है और कांग्रेस में अन्य पार्टियों से राहुल गांधी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी का दमन थम रहे है।

वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान जो राहुल गांधी जी के द्वारा चलाया गया उसमे सच्चाई नजर आने के कारण अन्य पार्टियों से बहुत से लोग कांग्रेस पार्टी में अपनी निष्ठा जाता रहे हैं। उसी के तहत आज जिला कांग्रेस में विभिन्न पार्टियों को छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है।

कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की है महिला जिला अध्यक्ष पुष्प लता जो आम आदमी पार्टी में थी अजय कुमार, जो बी एस पी में थे आर बी श्रीवास्तव जो बीजेपी में थे, सुनील कुमार जो पुर्वांचल प्रकोष्ठ एवं आरएसएस से जुड़े रहे थे शबनम सैफी मुस्तकीम आदि सभी ने अन्य पार्टियों पर से भरोसा छोड़कर कांग्रेस पार्टी पर भरोसा किया है जिनका कांग्रेस मे पका पहनकर स्वागत किया गया और सभी ने अपना हृदय परिवर्तन करण के बारे में सभी कांग्रेस जन को बताया सभी ने तालियां बजाकर कांग्रेस पार्टी के परिवार



में शामिल होने पर स्वागत किया।

मासिक बैठक में सभी विधानसभाओं के प्रभारी मौजूद रहे और सभी ने जिला अध्यक्ष की कार्यशाली की प्रशंसा की जिसमें कोऑर्डिनेटर राजकुमार शर्मा भी मौजूद रहे। राजकुमार शर्मा ने बताया की गाजियाबाद ए प्लस श्रेणी में पीसीसी कार्यालय में चल रहा है अब हमारा यह कार्यक्रम अंतिम पणाव है सिर्फ कुछ बूथ की लिस्ट तैयार हो रही है जिसको 6 अक्टूबर को जिला अध्यक्ष की तैयार करवा कर लखनऊ में गाजियाबाद जिले की संगठन सजन से लेकर पूरे कार्यक्रम की कॉमेटिया प्रदेश कांग्रेस कमेटी लखनऊ को सौंपेंगे कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष द्वारा सभी से गाजियाबाद में हाउस टैक्स वृद्धि के ऊपर ज्ञापन तैयार किया गया जिला मुख्यालय पर डीएम कार्यालय में सौंपा गया।

सभी ने जिला मुख्यालय अधिकारी को ज्ञापन देने के लिए पहुंचे जिसमें उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रस्तावित हाउस टैक्स प्रति के खिलाफ ज्ञापन दिया जिसमें जनपद गाजियाबाद की सभी स्थानीय निकाय खोड़ा, लोनी मुरादनगर, मोदीनगर, डासना फरीदनगर, पतला, निवाड़ी ,तथा नगर निगम गाजियाबाद द्वारा हाउस टैक्स टैक्स को चार गुना किया जाने संबंधित प्रस्ताव से जनपद के निवासियों में गहरा रोष है जैसा कि ज्ञात होगा कि कोरोना काल में लाखों लोग बेरा. ेजगार कर दिया।

इसके बाद आसमान छुट्टी महंगाई ने जनता की कमर तोड़ दी। कार्यक्रम में उपस्थित रहे सतीश शर्मा जी जिला अध्यक्ष पूर्व महानगर अध्यक्ष पूर्व पार्षद सुनील चौधरी जयवीर सिंह सुरेंद्र शर्मा जी चौधरी वीरेंद्र सिंह आशुतोष गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी आशीष शर्मा नीरज प्रजा. पति रफीक कुरैशी राजेश गुप्ता यादव सुशील शर्मा सविता गौतम राजकुमार शर्मा बबलू मंडल अध्यक्ष डॉक्टर शोएब अमित ठेकेदार इस्लाम बंजारा अजय शर्मा सलीम इदरीसी महिला अध्यक्ष डॉली आदि ज्ञापन में उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरी पुत्री शानवी ऐरन, जो सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल शास्त्री नगर गाज़ियाबाद में पढ़ती है, के अभिलेखों में मेरा नाम गलत दर्ज है। मेरा सही नाम तानिया गोयल है, जो मेरे आधार कार्ड एवं अन्य अभिलेखों में भी दर्ज है। अत: भविष्य में मेरा नाम तानिया गोयल ही लिखा और पढ़ा जाए।

Taniya Goyal
w/o Saurabh Aeron,
**नि. 427, संजय मार्ग,**
**नई मंडी, साउथ भोपा रोड,**
**मुज़फ्फरनगर**

**संबंध विच्छेद**

मैं कि रामनाथ पुत्र गिरधारी लाल निवासी- म.सं- 58/1, गली नं- 2, थाना- टीला मोड़ अमित विहार लोनी गाजियाबाद ने अपनी पुत्री काजल को उसके चाल चलन एवं आवारागर्दी के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से हमेशा के लिए बेदखल कर दिया और भविष्य में मेरा व मेरी पुत्री किरण से कोई वास्ता ताल्लुक नहीं रहेगा।

# विसर्जन करके घर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरा ट्रक पलटा, दर्जनभर लोग घायल

■ सड़क पर काफी देर तक घायलावस्थ में पड़े रहे थे श्रद्धालु
■ परिवार वालों ने कहा-कुछ देर पहले वीडियो पर विसर्जन करते देखा बच्चों को फिर कुछ ही देर बाद हादसे की जानकारी मिली

शाह टाइम्स संवाददाता
नई दिल्ली। शाहबाद डेयरी इलाके में शुक्रवार शाम मूर्ति विसर्जन करके ट्रक से वापिस घर लौट रहे श्रद्धालुओं का ट्रक पलट गया। जिसमें ट्रक चालक समेत करीब १५ श्रद्धालु घायल हो गए,जिनमें से आधा दर्जन की हालत अस्पताल में गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामला दर्ज करके घायलों के बयान लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चश्मदीदों से पता चला कि ट्रक चालक नशे में था। जिसकी वजह से हादसा हुआ। उसको भी गंभीर चोट लगी है। जिसको उपचार होने के बाद गिरफ्तार किया जाएगा। ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब तीन बजे शाहबाद डेयरी पुलिस को केबीएस स्कूल, सेक्टर-२८, रोहिणी के पास ट्रक पलटने और हादसे में कई लोगों के घायल होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सडक के बीचों-बची ट्रक पलटा हुआ था। आसपास दर्जन से ज्यादा लोग घायलावस्था में पड़े थे। जो चोट लगने के कारण काफी चिल्ला रहे थे। स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक को सीधा किया। एंबुलेंस व अन्य वाहनों की सहायता से घायलों को नजदीक के बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने आधा दर्जन से ज्यादा की हालत गंभीर बताई। जिनके पैर आदि पर गंभीर चोट लगी थी। प्राथमिक जांच में पता चला कि हादसे की चपेट में आए लोग शाहबाद डेयरी स्थित बी और एफ ब्लॉक की झुग्गी बस्ती के रहने वाले हैं। दोपहर मूर्ति विसर्जन के लिये निकले थे। जब वह वापिस घर को लौट रहे थे। उसी वक्त ट्रक चालक जोकि नशे में था। उसका ट्रक से संतुलन बिगड़ गया। जिसके कारण ट्रक पलट गया था। हादसे के वक्त ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। इसके अलावा, मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह भी पता चला कि ट्रक चालक शराब के नशे में था और लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण उसे भी चोटें आईं। हादसे की जानकारी किसी तरह से परिवार एक दो परिवार वालों को घायलों में से एक दो ने फोन पर दी थी। जिसके बाद बस्ती में हड़कंप मच गया था। परिवार वाले बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल पहुंचे और अपनों के बारे में डॉक्टरों से हाल चाल लिया। कई घायलों के परिवार वालों ने बताया कि सुबह पूजा करने के बाद घर के लोग विसर्जन के लिये गए थे। फोन पर भी बातचीत हुई थी। कई ने तो वीडियो कॉल तक करके विसर्जन करते हुए दिखाया भी था। उनको बोला था कि आराम से घर आना। जिसके कुछ देर बाद फोन पर पता चला कि ट्रक पलट गया है और सभी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

# यमुनापार क्षेत्र में खोला जाएगा नया केंद्रीय विद्यालय

शाह टाइम्स संवाददाता
नई दिल्ली। दिल्ली विशेषकर यमुनापार के सरकारी कर्मचारियों के लिए एक शुभ सूचना है। उनके बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा देने के लिए यमुनापार स्थित खजूरी खास क्षेत्र में एक केंद्रीय विद्यालय खुलने जा रहा है। इसके लिए दिल्ली सरकार ने केंद्रीय केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) को जमीन उपलब्ध करा दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है और कहा है कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में देशभर में खोले जा रहे केंद्रीय विद्यालय दिल्ली सहित न केवल भारत के शैक्षणिक परिदृश्य को सशक्त करेंगे, बल्कि लाखों बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव भी रखेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि उन्हें जानकारी दी गई है कि केवीएस ने दिल्ली के यमुनापार क्षेत्र में एक नया केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह विद्यालय खजूरी खास (थाना खजूरी खास के पास, सोनिया विहार क्षेत्र), उत्तर-पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में खोला जाएगा। यह विद्यालय शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ से शुरू हो जाएगा। प्रारंभिक रूप से विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक (प्रत्येक कक्षा में एकल अनुभाग) कक्षाएं संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस विद्यालय के संचालन के लिए भूमि आदि की व्यवस्था संबंधित प्राधिकरण द्वारा कर दी गई है तथा केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा इसे उपयुक्त पाया गया है। विद्यालय का संचालन सिविल सेक्टर के अंतर्गत किया जाएगा और आवश्यकता के अनुसार आने वाले वर्षों में इसका विस्तार किया जाएगा।मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार दिल्ली में वर्तमान में ८६ केंद्रीय विद्यालय संचालित हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि प्रधानमंत्री जी ने हमेशा यह माना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही आत्मनिर्भर भारत का सबसे मजबूत स्तंभ है। यही कारण है कि उन्होंने शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उसे सर्वांगीण विकास का माध्यम बनाने पर बल दिया है। प्रधानमंत्री मोदी जी की यही सोच कि 'हर बच्चे को समान अवसर, समान शिक्षा और समान संसाधन' इन विद्यालयों के माध्यम से साकार हो रही है। यह निर्णय शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी विकास, सामाजिक समानता और अवसरों की समानता को सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

## तीन साल के बच्चे के अपहरण का मामला सुलझा, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के कृष्णा नगर थाने की टीम ने तीन साल के बच्चे के अपहरण के सनसनीखेज मामले को सुलझाकर आरो. पी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने बच्चे को भी सुरक्षित रिकवर कर लिया है। दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि १५ सितंबर को एक महिला शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि १४ सितंबर को, उसी बिल्डिंग में रहने वाले उसके परिचित सुधीर ने इलाज कराने के बहाने उसके तीन साल के बेटे का धोखे से अपहरण कर लिया। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि कथित व्यक्ति लगभग दो महीने पहले उसके संपर्क में आया था और लगभग एक महीने पहले, उसने उसके सामने शादी का प्रस्ताव भी रखा था। हालाँकि, शिकायतकर्ता ने स्पष्ट रूप से मना कर दिया क्योंकि उसके पास पहले से ही एक बेटा और दो छोटी बहनें हैं जिनकी देखभाल करनी है।

# विजय कुमार मल्होत्रा की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा

शाह टाइम्स संवाददाता
नई दिल्ली। दिल्ली जनसंघ एवं भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और दिल्ली के पूर्व मुख्य कार्यकारी पार्षद प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा की पुण्य स्मृति में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में सिविक सेंटर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित की। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रमुख डॉक्टर अनिल अग्रवाल, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह एवं डा. राधा मो. हनदास अग्रवाल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में हुई श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया और प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री महेन्द्र पांडे, सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत, योगेन्द्र चंदोलिया, बाँसुरी स्वराज, संगठन महामंत्री पवन राणा, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. हर्षवर्धन, सतीश उपाध्याय एवं शलि सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, प्रदेश मुख्य टीम के साथ ही मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षों सहित प्रो. मल्होत्रा परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित थे।



प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा की पुण्य स्मृति में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई श्रद्धांजली सभा में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रमुख डॉक्टर अनिल अग्रवाल, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह आदि।

# ओखला औद्योगिक क्षेत्र में नकली सामान बनाने वाली फैक्टरी सील

शाह टाइम्स संवाददाता
नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ओखला औद्योगिक क्षेत्र में नकली सामान के बड़े कारोबार का भंडाफोड़ करके एक करोड़ रुपये से ज्यादा का नकली सामान जब्त किया है। आरोपियों की पहचान सगीर अहमद उर्फ मोनू,शाहनवाज अहमद और तौसम अंसारी के रूप में हुई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध शाखा को मुनडस्ट पावर प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी आकाश गुप्ता से शिकायत मिली थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कुछ व्यक्ति अवैध रूप से कार्टन, लेबल और पैकेजिंग की छपाई और निर्माण कर रहे हैं, जो कैप्टन गोगो ब्रांड से मिलते-जुलते हैं। ये नकली सामान दिल्ली/ एनसीआर में सप्लाई हो रहा है और कंपनी को आर्थिक रूप और उसकी छवि को काफी नुकसान हो रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज किया।

एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर शिवराज सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ओखला औद्योगिक क्षेत्र में छापा मारा और फैक्टरी को सील कर दिया। मौके पर से तौसम अंसारी को पकड़ा। जिसकी निशानदेही पर सगीर अहमद उर्फ मोनू और शाहनवाज अहमद को भी गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी और मालिक, मोहम्मद जियारत, अभी भी फरार है। फैक्टरी से सिगरेट पैकेजिंग के १८ डिब्बे,कैप्टन गोगो ब्रांडिंग वाली ३३ प्रिंटिंग प्लेटें, १ प्रिंटिंग डाई, हैवी-ड्यूटी प्रिंटिंग मशीन आदि सामान जब्त कर लिया।

पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी कम कीमत के उत्पाद खरीदते थे और फिर उन्हें नकली होलोग्राम, लेबल और पैकेजिंग का इस्तेमाल करके असली कैप्टन गोगो उत्पादों जैसा बना देते थे। फिर इन्हें दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र के डीलरों और थोक विक्रेताओं को बेच दिया करते थे। छपाई से जुड़े एक दूसरे ठिकाने पर भी छापा मारा गया और इसी तरह की सामग्री बरामद की गई।

## दिल्ली सरकार महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आयोजित करेगी कार्यक्रम

नई दिल्ली। महान ऋषि, आदिकवि और रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष्य में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार आगामी 7 अक्टूबर को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम दिल्ली सचिवालय में सामाजिक कल्याण विभाग के तत्वावधान में संपन्न होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्रराज सिंह ने जानकारी दी कि महर्षि वाल्मीकि न केवल भारतीय साहित्य के अमर कवि थे, बल्कि वह समाज में समानता, न्याय और मानवता के प्रतीक भी थे। इस विशेष कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला जाएगा तथा समाज में उनके योगदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# पटाखों के खिलाफ कार्रवाई में चार गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता
नई दिल्ली। त्योहारी सीजन में पटाखों की बढ़ती मांग को देखते हुए लोगों ने अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में इनकी खरीद-फरोख्त शुरू कर दी है। दिल्ली में प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध के चलते, दिल्ली पुलिस ने इन्हें बेचने और भंडारण करने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी है।

क्राइम ब्रांच एक खास कमरे में प्रतिबंधित पटाखे बेचने वालों के खिलाफ सक्रिय रूप से अभियान चला रही है। ताजा मामले में, क्राइम ब्रांच की दो अलग-अलग टीमों ने मंडोली, समता विहार और मुकुंदपुर में छापेमारी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके ठिकानों से विभिन्न प्रकार और ब्रांड के १०३६ किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए। ये पटाखे मेरठ और गुरुग्राम से खरीदे गए थे और दिल्ली में बेचे जाने थे। आरोपी खरीदारों को होम डिलीवरी भी कर रहे थे। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार, पहले मामले में, क्राइम ब्रांच ने एक पटाखा आपूर्ति रैकेट का भंडाफोड़ किया और तीन आरोपियों भगवती प्रसाद (सुभाष विहार), उनके बेटे तरुण सिंघल और राजीव गोयल (बलबीर नगर एक्सटेंशन, शाहदरा) को गिरफ्तार किया। उनकी सूचना पर भारी मात्रा में पटाखे जब्त किए गए। विस्फोटक अधिनियम की धारा २२३(बी), २८८ बीएस और ९(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। १ अक्टूबर को, क्राइम ब्रांच को मंडोली में पटाखों की आपूर्ति करने वाले एक व्यक्ति के बारे में सूचना मिली। मुखबिर ने एक परि. चत के माध्यम से भगवती प्रसाद को ऑर्डर दिया, जिसने उसे बैंक एन्क्लेव रोड, मंडोली के पास डिलीवरी का आश्वासन दिया। रात ११:४५ बजे, एसीपी रमेश चंद्र लांबा और इंस्पेक्टर शिवराज सिंह बिष्ट के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने बैंक कॉलोनी रोड, मंडोली से होंडा एक्टिवा स्कूटर पर सवार भगवती प्रसाद और उनके बेटे तरुण को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के दौरान, भगवती प्रसाद और तरुण सिंघल ने नंद नगरी रोड के पास अपनी दुकान का खुलासा किया। उनकी सूचना के आधार पर, दुकान पर छापा मारा गया और १३ विभिन्न प्रकार के प्रति. बंधित पटाखों से भरे ७१ डिब्बे बरामद किए गए। दोनों ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने ये पटाखे राजीव गोयल नाम के एक व्यक्ति से खरीदे थे। पूछताछ के बाद, मेन मंडोली रोड स्थित उसके गोदाम पर छापा मारा गया और १७ प्रकार के प्रतिबंधित पटाखों से भरे ८१८ डिब्बे बरामद किए गए।

पूछताछ के दौरान, राजीव गोयल ने बताया कि उसने ये प्रति. बंधित पटाखे मेरठ से खरीदे थे। एक अन्य मामले में, क्राइम ब्रांच के डीसीपी पंकज सिंह ने बताया कि ३० सितंबर को एक सूचना के आधार पर, एसीपी अशोक शर्मा और इंस्पेक्टर अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक टीम ने समता विहार, मुकुंदपुर में छापा मारा और राधा रमन को गिरफ्तार कर लिया। उसकी दुकान की तलाशी में १२२ किला. ग्राम प्रतिबंधित पटाखों की एक बड़ी खेप बरामद हुई। पूछताछ के दौरान, उसने बताया कि उसने ये पटाखे गुरुग्राम से मंगवाए थे ताकि उसे ऊँचे दामों पर बेचा जा सके।

# इंस्ट्राग्राम पोस्ट बनी मौत की वजह, दो पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता
नई दिल्ली। इस दिवाली उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में कबाड़ का काम करने वाले एक युवक की हत्या के जुर्म में दो नाबालिगों को पकड़ा है, नाबालिगों ने हत्या करने का कारण पुरानी दुश्मनी को बताया है। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की जांच में जुटी है। वीरवार को गोकुलपुरी इलाके में लुकमान (१८) की हत्या कर दी गयी थी, लुकमान की हत्या भागीरथी विहार फेस-१, की गली नंबर-६ में एक कबाड़ के गोदाम में की गई थी,लुकमान जब गोदाम में काम कर रहा था तब दोनों नाबालिग वहां पहुंचे और उसके ऊपर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए और मौके से फरार हो गए थे स जिसके बाद लुकमान के भाई ने उसे घायल अवस्था में जीटीबी अस्पताल पहुंचाया था जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया स

पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया वीरवार की शाम ४.५४ बजे गो. कुलपुरी थानांतर्गत एक युवक को चाकू मारने की सूचना मिली थी, जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तब तक मृतक के परिजन उसे जीटीबी अस्पताल ले जा चुके थे, अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हत्या के आरोपी दो नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है, दोनों की उम्र १७ वर्ष है, इनके पास से खून में सने कपड़े और हत्या में प्रयोग किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है।

## टीजीटी शिक्षकों के भरे जाएंगे 5300 से अधिक पद

शाह टाइम्स संवाददाता
नई दिल्ली। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड ने टीजीटी शिक्षक के पदों पर भर्ती के लिए नोटिस जारी किया है। इस भर्ती के तहत गणित, अंग्रेजी, एससटी, हिंदी, संस्कृत, उर्दू समेत विभिन्न विषयों के लिए कुल ५,३४६ पद भरे जाएंगे। पंजीकरण प्रक्रिया ९ अक्टूबर, २०२५ से शुरू होगी। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आधिकारिक वेबसाइट डीएसएस. सएसबी.दिल्ली.जीओवी.इन के माध्यम से पूरी करनी होगी। आधिकारिक नोटिस के मुताबिक इस भर्ती के लिए पंजीकरण प्रक्रिया ९ अक्टूबर, २०२५, दोपहर १२ बजे से शुरू होगी। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार ७ नवंबर २०२५ रात्रि ११.५९ बजे तक आवेदन पत्र भरकर जमा कर सकेंगे।

आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय में कम से कम ५० प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक या मास्टर डिग्री होनी चाहिए।

इसके अलावा, बीएड की डिग्री और सीटेट उत्तीर्ण भी होना जरूरी है। उम्मीदवार की आयु ३० वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। टीजीटी शिक्षक के पद पर चयनित होने पर पे स्तर-७ के तहत ग्रुप बी का वेतन प्रदान किया जाएगा। आधिकारिक नोटिस के मुताबिक इस पद पर ४४,९०० से १,४२,४०० रुपये प्रतिमाह का वेतन दिया जाएगा।

उम्मीदवार को १०० रुपये का आवेदन शुल्क जमा करना होगा। एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी और भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क भुगतान से छूट दी गई है।

# तीन पीढ़ियों ने एक साथ निभाई रामलीला में भूमिकाएं

शाह टाइम्स संवाददाता
नई दिल्ली। अमृतपुरी बी, ईस्ट ऑफ कैलाश में गोल्डन स्टार क्लब द्वारा आयोजित 17वां दशहरा महोत्सव धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक उत्साह और सामुदायिक सहभागिता के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष का सबसे बड़ा आकर्षण रहा कि तीन पीढ़ियों ने एक साथ मंच पर अभिनय कर परंपरा को जीवंत किया और अंत में हुआ रावण दहन।वरिष्ठ कलाकार अनिल राजपूत गौड़, जिन्होंने वर्ष 2000 में ताड़का का किरदार निभाया था, इस बार 2025 में कुंभकर्ण की भूमिका में मंच पर नजर आए।

उनकी नई पीढ़ी ने भी मंच संभाला उनके छोटे बेटे ने अघोरी बाबा की भूमिका निभाई, वहीं उनके बड़े भाई के बेटे मुकेश ने भी अघोरी बाबा का अभिनय कर दर्शकों की



तालियाँ बटोरीं। रावण का दमदार किरदार लकी ने निभाया, जबकि करण ने मेघनाद का अभिनय किया। कार्यक्रम का चरम उस समय आया जब रावण के विशालकाय पुतले का दहन जयघोष "जय श्री राम" के नारों के बीच हुआ।इस अवसर पर श्री अनिल राजपूत गौड़ ने कहा, "मेरे लिए गर्व की बात है कि मेरे परिवार की तीन पीढ़ियाँ रामलीला में हिस्सा ले रही हैं। यही हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने का सबसे सुंदर तरीका है।"

नगम पार्षद राजपाल सिंह ने समारोह में विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया और गोल्डन स्टार क्लब के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम की सफलता में क्लब अध्यक्ष सुनील वशिष्ठ, निदेशक जनरल विकास जैन, हरजिंदर सिंह सोढ़ी, वीरू साहनी, राकेश पाल और अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए सुनील वशिष्ठ, दीपक राजपूत, रॉकी साहनी और गौरव सेठी ने बच्चों और कलाकारों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि शैक्षिक उपलब्धियों के साथ-साथ बच्चों का सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लेना आवश्यक है, ताकि वे सर्वांगीण विकास कर सकें और समाज को गौरवान्वित करें।

रात का समापन रावण दहन और आतिशबाजी के बीच हुआ, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह महोत्सव केवल सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक नहीं बना, बल्कि तीन पीढ़ियों के सामूहिक योगदान से परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

# किशोरों में बढ़ते स्क्रीन टाइम से बढ़ रही मांसपेशी व हड्डी संबंधी समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता
नई दिल्ली। किशोरों में बढ़ते स्क्रीन टाइम और शारीरिक गतिविधि न करने के कारण मांसपेशी और हड्डी संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। पारंपरिक आदतें जैसे उकड़ू बैठना, पालथी मारकर भोजन करना या नंगे पैर चलना, जो शरीर को लचीला रखती थीं। मौजूदा समय में यह पीछे छूट गई हैं। इसके बजाय, बच्चे और किशोर घंटों झुककर मोबाइल, टैबलेट या कंप्यूटर पर समय बिता रहे हैं, जबकि स्कूल में छह से सात घंटे की निरंतर बैठकी और व्यायाम की कमी से पोस्चर विकार उत्पन्न हो रहे हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की एक टीम ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के सहयोग से किए गए दो वर्षीय अध्ययन में यह खुलासा किया है। अध्ययन के आधार पर विशेषज्ञों ने स्कूली पाठ्यक्रम में फिजियोथेरेपी को शामिल करने की सलाह दी है, ताकि किशोरों के स्वास्थ्य को सुधारा जा सके और चोटों से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। एम्स ने अक्टूबर २०२३ से दिल्ली के दो निजी स्कूलों के १५ से १८ वर्ष आयु वर्ग के ३८० छात्रों पर नजर रखी गई। इस दौरान उनकी दिनचर्या, बैठने की आदतों और स्वास्थ्य पर गहन विश्लेषण किया गया।अध्ययन में पाया गया कि अधिकांश किशोरों में पोस्चर संबंधी समस्याएं जैसे आगे की ओर झुकना, गर्दन और कंधों में दर्द, पीठ के निचले हिस्से में दर्द, इलियोटिबियल बैंड की जकड़न, सपाट पैर और हैमस्ट्रिंग की कठोरता जैसी शिकायतें आम हैं। ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि पारंपरिक गतिविधियां जैसे स्ट्रेचिंग से पहले खेलना या फर्श पर बैठना शरीर के लचीलापन को बनाए रखती हैं, लेकिन आजकल की जीवनशैली इनसे दूर कर रही है। समस्याग्रस्त को १२ सप्ताह की फिजियोथेरेपी दी गई, जिसके बाद अगले २४ सप्ताह तक उनकी निगरानी की गई। परिणाम में देखा गया कि बच्चों में न केवल उनकी मांसपेशी और हड्डी संबंधी दिक्कतें कम हुईं, बल्कि पोस्चर में भी उल्लेखनीय सुधार देखा गया।

# ट्रैफिक इन्फ्राटेक एक्सपो में होगा स्मार्ट परिवहन समाधानों का प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता
नई दिल्ली। स्मार्ट परिवहन समाधानों का प्रदर्शन नई दिल्ली : राजमार्गों, शहरी परिवहन एवं स्मार्ट परिवहन समाधानों के विकास के साथ भारत के बुनियादी ढांचे में जबरदस्त बदलाव आ रहे हैं। पिछले दशक के दौरान देश का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क तकरीबन दोगुना हो गया है, नए मेट्रो कॉरीडोर, एक्सप्रे सवे और मल्टी-मॉडल परिवहन सिस्टम शहरी कनेक्टिविटी को नया आयाम दे रहे हैं। इन सब विकास कार्यों बीच शहरों में ट्रैफिक जाम, सड़क सुरक्षा पार्किंग प्रबन्धन एवं स्थायित्व से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ रही हैं, जिसके चलते भारत में विकास के अगले चरण के लिए इंटेलीजेन्ट ट्रांसपोर्ट सिस्टम, सड़क सुरक्षा इनोवेशन और स्मार्ट सिटी परिवहन समाधान जरूरी हो गए हैं। कार्यक्रम में ३०० से अधिक ब्राण्ड्स में मुख्य प्रोडक्ट श्रेणियों जैसे आईटीएस/ टेलीमेटिक्स, टोल एंड फेयर, सड़क सुरक्षा, सुरक्षा एवं निगरानी, सड़क सुरक्षा इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं पार्किंग मैनेजमेन्ट का प्रदर्शन करेंगे। मैस्से फ्रैंकफर्ट ट्रेड फेयर्स इंडिया और वर्चुअल इन्फो सिस्टम (वीआईएस ग्रुप) प्रा. लिमिटेड द्वारा आयोजित एक्सपो सरकारी प्रति. निधियों, शहर नियोजकों, नीति निर्माताओं और टेक्नोलॉजी प्रदाताओं को एक मंच पर लाएगा। जो ३०० से अधिक ब्राण्ड्स के साथ यातायात प्रबन्धन, आईटीएस, सड़क निर्माण, पार्किंग ऑटोमेशन, ईवी मोबिलिटी एवं एआई-उनमुख सर्विलांस सिस्टम में इनोवेशन्स का प्रदर्शन करेंगे।

# ट्रेड फेयर में दिल्ली को जोरदार ढंग से पेश करने की तैयारी

नई दिल्ली : इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ) में इस बार दिल्ली सरकार राजधानी में व्यापार को आसान बनाने के लिए किए सुधारों को प्रदर्शित करने की योजना है। तैयारियों को शुरू करते हुए सरकार ने दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (डीएसआईआईडीसी) को यह जिम्मेदारी सौंपी है।

डीएसआईआईडीसी ने भारत मंडपम (प्रगति मैदान) में पैवेलियन बनाने का टेंडर जारी किया है, जिससे डिजाइन एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार एक भारत, श्रेष्ठ भारत की थीम पर १४ से २७ नवंबर तक आईआईटीएफ आयोजित होगा। इसमें दिल्ली सरकार निवेशकों को आकर्षित करने, कारोबारी प्रक्रियाओं को सरल बनाने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम करेगी। हाल ही में सरकार ने ग्रीन कैटेगरी इंडस्ट्रीज के लिए कंसेंट टू ऑपरेट (सीटीओ) की मंजूरी प्रक्रिया को सरल किया है। अगस्त से, इन उद्योगों के अप्लीकेशंस पर यदि 20 दिनों में फैसला नहीं होता, तो उन्हें स्वतः अप्रूवल मिल जाएगा। पहले ये १२० दिन में होता था। इससे परिधान निर्माण, एल्यूमीनियम उत्पादों, आयुर्वेदिक उत्पादों, फर्नीचर, पैकेजिंग, खिलौनों, ऑप्टिकल सामान और कोल्ड स्टोरेज जैसे कम जोखिम वाले क्षेत्र की छोटी व मध्यम कंपनियों को फायदा पहुंचेगा। माना जा रहा कि इससे लाइसेंस राज खत्म होगा। सरकार और उद्योगों के बीच विश्वास बढ़ेगा। कम समय में आसानी से उद्योग स्थापित होंगे । दिल्ली औद्योगिक नीति २०२५-३५ के तहत, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एक्ट या सिंगल विंडो एक्ट के जरिए और सुधार लागू किए जाने हैं। सरकार का दावा है कि इससे दिल्ली निवेश का केंद्र बनेगी और एमएसएमई को बढ़ावा मिलेगा। नए रोजगार पैदा होंगे और तकनीक व नवाचार में भी वृद्धि होगी। एआई, बिग डेटा, बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, बीमा, गेमिंग, एनिमेशन, बायोटेक, आईटी और आईटी सक्षम सेवाओं में निवेश में वृद्धि की उम्मीद है।

## यमुना नदी की गंदगी से निबटने को आधनिक तकनीक का होगा इस्तेमाल

नई दिल्ली। दिल्ली में छठ पूजा के दौरान यमुना नदी में गंदगी और झाग की समस्या से निजात पाने के लिए दिल्ली सरकार ने यमुना नदी की गाद और अतिक्रमण की स्थिति का आकलन करने के लिए आधुनिक तकनीक से सर्वे कराने का फैसला किया है। इस सर्वे के आधार पर गाद हटाने की योजना तैयार की जाएगी। केंद्रीय जल आयोग के अधिकारियों के अनुसार, यमुना में गाद और अतिक्रमण के कारण हथनीकुंड बैराज से छोड़ा गया पानी पहले की तुलना में तेजी से दिल्ली पहुंच रहा है, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए दिल्ली सरकार ने पल्ला से जैतपुर तक यमुना के ४८ किलोमीटर हिस्से का बैथिमेट्रिक और टोपोग्राफिक सर्वे कराने के लिए टेंडर जारी किया है।

# विदेशी गैंगस्टर से जुड़े दो अपराधी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता
नई दिल्ली। स्पेशल सेल की एक टीम ने मुठभेड़ के बाद दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान राजस्थान के श्रीगंगानगर निवासी आकाश राजपूत और राजस्थान के भरतपुर निवासी महिपाल के रूप में हुई है। आकाश राजपूत जुलाई २०२२ में करनाल के असंध में एक अस्पताल के बाहर फिरौती के लिए हुई गोलीबा. री में शामिल था, जिसकी साजिश प्रवासी गैंगस्टर दलेर कोटिया ने रची थी। वह जुलाई २०२५ में गुजरात में फिरौती के लिए हुए अपहरण की एक घटना में भी वांछित है, जिसमें प्रवासी गैंगस्टर किरोटसिंह झाला ने पीड़ित से १०० करोड़ की फिरौती मांगी थी। राजस्थान पुलिस ने आकाश राजपूत पर २०,००० रुपये का इनाम घोषित किया है। उसने हाल ही में राजस्थान के वांछित गैंगस्टर जगदीश जगला और अभिषेक गौड़ के माध्यम से सं. हत गोदारा, गोल्डी बराड़ और वीरेंद्र चरण के साथ हाथ मिलाया था और भारत से भागने के लिए फर्जी पासपोर्ट हासिल करने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली थी। आकाश राजपूत का अपराध इतिहास गुजरात, राजस्थान और हरियाणा के गैंगस्टरों के बीच की सांठगांठ का वृत्तांत प्रस्तुत करता है। अपराधी महिपाल, असंध, करनाल में हुई गोलीबारी की घटना में गिरफ्तार होने के बाद जमानत पर था और आक. श्र राजपूत के साथ मिलकर विदेश में बैठे गैंगस्टरों से मिल गया था।

# नहर की सड़क के जर्जर होने से भाकियू कार्यकर्ता भड़के

## मिट्टी ले जा रहे डंपर रोक किया हंगामा व नारेबाजी, कार्यकर्ता बेमियादी धरने पर बैठे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस के लिए मिट्टी ढो रहे डंपरों के कारण मध्य गंग नहर की सड़क टूटने के साथ ही पुल में गहरे गड्डे होने से आवागमन में आसपास के कई गांवों के हजारों ग्रामीणों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही हैं, जिसको लेकर नाराज चल रहे भाकियू कार्यकर्ता शुक्रवार को मिट्टी से भरे डंपरों को रोककर बेमियादी धरने पर बैठ गए।

मेरठ से होकर प्रयागराज के लिए बनाया जा रहा पांच सौ मील से भी अधिक लंबाई वाला गंगा एक्सप्रेस वे सिंभावली क्षेत्र के कई गांवों से होकर निकल रहा है। जिसमें निर्माण कार्य पिछले काफी दिनों से चलता आ रहा है। भराव के लिए दर्जनों डंपर मिट्टी ढोने में लगे हुए हैं, जिनके कारण गांव बड्ढा के पास मध्य गंग नहर की सड़क बुरी तरह टूटने फूटने के साथ ही पुल में कई जगह गहरे भी गड्डे हो रहे हैं। भाकियू टिकैत की युवा शाखा के कार्यकर्ता हंगामा और नारेबाजी करते हुए नहर पटरी वाले रास्ते पर पहुंच गए। जो मिट्टी लेकर आ जा रहे कई डंपरों को रोकने के बाद हंगामा और नारेबाजी करते हुए बेमिदायी धरने पर बैठकर एलएनटी अधिकारी राजीव कुमार को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़ गए। जिला उपाध्यक्ष कुलदीप राठी ने कहा कि मिट्टी से भरे डंपरों की आवाजाही के कारण नहर पटरी की सड़क टूटने के साथ ही पुल में कई जगह गहरे गड्डे होने से आवागमन करने में भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही हैं। जिला सचिव हिमांशु गुर्जर



ने आरोप लगाया कि एलएनटी द्वारा जनहित की खुली अनदेखी की जा रही है। मोनू गुर्जर ग्राम अध्यक्ष, तहसील सचिव डा.यूसुफ ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि टूटी सड़क की तत्काल मरम्मत न होने तक धरना जारी रहेगा। इसी दौरान एलएनटी अधिकारी द्वारा मोबाइल पर वार्ता करते हुए डंपरों के कारण टूटी सड़क की तत्काल मरम्मत प्रारंभ कराते हुए दो तीन सप्ताह में सड़क का निर्माण चालू कराने का भरोसा दिया, जिससे गुस्सा शांत होने पर भाकियू कार्यकर्ता अपने संगठन की शान में नारेबाजी करते हुए धरने से उठ गए। मोहित गुर्जर, वीशू चौधरी, तहसील अध्यक्ष राशिद प्रधान, अल्ताफ, इरफान, अभिषेक गुर्जर, अंकुर गुर्जर, लव गुर्जर, समीर, गगन गुर्जर समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर से नीचे गिरा टाइल्स से भरा ट्रोला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में शुक्रवार सुबह टाइल्स से भरा एक ट्रोला अनियंत्रित होकर हाईवे पर फ्लाईओवर से नीचे गिर गया। गनीमत रही कि इस दौरान बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे में चालक और परिचालक घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रोले को हटवाया और टूटी टाइल्स को साफ कराकर यातायात व्यवस्था को सुचारु करवाया।

मिली जानकारी के अनुसार से टाइल्स से भरा एक ट्रोला दिल्ली से मुरादाबाद की तरफ जा रहा था जैसे ही ट्रोला देहात क्षेत्र के ततारपुर फ्लाईओवर पर पहुंचा, तो वह अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकराते हुए पुल से नीचे जा गिरा। इस दौरान ट्रक चालक ब्रजमोहन मीणा और परिचालक जगबीर सिंह घायल हो गए। सूचना मिलते ही देहात थाना



प्रभारी विजय गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रोले को हटवाकर यातायात को सुचारु करवाया। हादमे में घायल राजस्थान निवासी चालक ब्रजमोहन मीणा और परिचालक जगबीर सिंह मामूली रूप से घायल हो गए।

इस दौरान दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया। चालक और परिचालक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्रारंभिक पुलिस जांच में सामने आया कि चालक को झपकी आने के कारण ट्रोला अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकराते हुए पुल से नीचे जा गिरा। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि न होना बड़ी राहत की बात है। पूरे मामले की जांच जारी है।

# दो पक्षों में हुई मारपीट में संलिप्त आठ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा थाना क्षेत्र के गांव अहमदपुर नयागांव में दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त सरिया व डंडे बरामद किए है।

पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव अहमदपुर नयागांव में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे और सरियों से एक दूसरे के साथ मारपीट की गई थी। इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंचे पुलिस द्वारा मामले को शांत कराया गया था और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। संबंधित मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के एक दर्जन से अधिका लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव अहमदपुर नयागांव में दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट की घटना में संलिप्त 8 लोगों को गांव अहमदपुर नयागांव से गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त सरिया व डंडे बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की पहचान जितेन्द्र पुत्र सोमनाथ, कैलाश पुत्र सोमनाथ निवासी अहमदपुर नयागांव थाना पिलखुवा, रोहित पुत्र अजीत, अनुज पुत्र भीम सैन निवासी मौहल्ला शुक्लान थाना पिलखुवा, नीरज पुत्र देशराज, हेमन्त पुत्र रामवीर, लोकेश पुत्र रामवीर और दीपक पुत्र रामवीर निवासी ग्राम अहमदपुर नयागांव थाना पिलखुवा जनपद हापुड के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# जुमे की नमाज को लेकर एसपी ने फोर्स के साथ किया पैदल गश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट के बीच ज़िलें में जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया और शहर में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस बल के साथ शहर के अनेक मोहल्लों, मुख्य बाजारों और प्रमुख मार्गो पर पैदल गश्त किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से संवाद भी किया। सुबह से ही पुलिस ज़िलें के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त करती रही। कई स्थानों पर ड्रोन से भी निगरानी की गई। शहर में एसपी ने फोर्स के साथ पैदल गश्त किया। यह अलर्ट पिछले सप्ताह उत्तर



प्रदेश के बरेली जिले में जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल के मद्देनजर पूरे प्रदेश में जारी हाई अलर्ट का हिस्सा था। इसी कड़ी में जिले में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। शाही जामा मस्जिद सहित शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस अधीक्षक ने व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए थे।

# दशहरा के दिन भगवान स्वरूपों का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दशहरा के दिन रावण दहन से ठीक पहले, रामलीला मैदान महोत्सव में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए लगे ब्राह्मण समाज के प्याऊ पर एक अत्यंत भावपूर्ण क्षण आया। भगवान स्वरूप श्री राम, लक्ष्मण, जानकी और हनुमान का यहां आगमन हुआ। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के विद्वानों ने शंखनाद के साथ भगवान स्वरूपों का स्वागत किया। पूरा वातावरण जय राम और हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। आचार्य शैलेन्द्र मिश्रा शास्त्री और पंडित अजय पाण्डेय के मंत्रोच्चार के बीच, पंडित केसी पाण्डेय, डा. करुण शर्मा, पंडित राहुल शर्मा और अन्य विद्वानों ने भगवान स्वरूपों को अंगवस्त्र भेंट किया, माल्यार्पण,



तिलक किया और मंगल आरती की। इस अवसर पर श्रीराम लीला समिति के पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे। भगवान स्वरूपों के विदा होने के बाद, प्याऊ पर उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। पंडित केसी पाण्डेय ने इस पाँच दिवसीय पुण्य कार्य के महत्व को बताते हुए कहा कि प्याऊ पर प्रतिदिन हज़ारों श्रद्धालु जल सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विप्र समाज के सभी बंधु पूर्ण उत्साह से सहयोग कर रहे हैं। और सर्व समाज के माननीय लोग भी यहां पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन कर रहे हैं। सेवा कार्य के चौथे दिन कर्तव्य निर्वहन में पंडित बृजभूषण, पंडित अजित, पंडित राजकुमार, पंडित अंकित, पंडित विकास, पंडित शिवम मिश्रा के साथ-साथ महासभा के अन्य विद्वान सक्रिय रूप से लगे रहे।

# परिवहन विभाग ने छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति 5 अभियान को निरंतर गति दी जा रही है। इसी कड़ी में जनपद हापुड़ के परिवहन विभाग ने भी छात्राओं को जागरूक करने की अनूठी पहल की। विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों छात्राओं को सुरक्षा, अधिकारों और आत्मनिर्भरता से जोड़ते हुए जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान की शिकायत व्यवस्था कंप्लेंट मैकेनिज्म की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी छवि सिंह ने छात्राओं को मिशन शक्ति 5 के



उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान महिलाओं व बेटियों को न केवल सुरक्षा का भरोसा देता है बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित करता है। उन्होंने छात्राओं को ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया समझाते हुए उन्हें इसके लिए प्रोत्साहित किया। वहीं एआरटीओ रमेश चंद चौबे ने छात्राओं को मिशन शक्ति की शिकायत प्रणाली के बारे में बताया और साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस के लाभ भी गिनाए। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस केवल वाहन चलाने का कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह महिलाओं और युवतियों के आत्मविश्वास तथा स्वतंत्रता का प्रतीक है। कार्यक्रम में उत्साह का आलम यह रहा कि सैकड़ों छात्राओं ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खुद को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया।

# महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस की एन्टीरोमियो टीम ने लड़कियों व महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले एक मनचले को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मिशन शक्ति के दृष्टिगत थाना पिलखुवा की एन्टीरोमियो टीम द्वारा लड़कियों व महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले एक मनचले युवक चिन्टू पुत्र बिरजू निवासी ग्राम मदापुर थाना पिलखुवा जनपद हापुड को रामलीला मैदान से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जीएस मेडिकल कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा के जीएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एमबीबीएस के नए बैच के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को फाउंडेशन कोर्स से संबंधित विस्तृत जानकारी देना स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणाली की समझ विकसित कराना और संस्थान के विभिन्न विभागों से परिचित कराना है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को जीएस के शैक्षणिक वातावरण स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली तथा संस्थागत गतिविधियों का अवलोकन कराया गया। वहीं अभिभावकों के लिए भी संवाद का आयोजन हुआ ताकि वे संस्थान की संरचना और अपने बच्चों की शैक्षणिक यात्रा को और बेहतर तरीके से समझ सके।

कार्यक्रम का शुभारंभ डा. यतीश अग्रवाल वाईस चांसलर ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर डीन डा. प्रदीप गर्ग, डा सुरेन्द्र कुमार मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट, डा. वनिता, डा. सरनदीप सिंह, उपनिदेशक मनोज शिशौदिया, सुमित सिंह रजिस्टरार उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है ओर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि एमबीबीएस की यात्रा कठिन लेकिन प्रेरणादायी है और कॉलेज विद्यार्थियों को हर संभव शैक्षणिक व नैतिक सहयोग प्रदान करेगा।



मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट ने अस्पताल की सुविधाओं व क्लिनिकल ट्रेनिंग की जानकारी दी। वहीं डीन स्टूडेंट वेलफेयर ने छात्रों को अनुशासन सांस्कृतिक गतिविधियों व खेलकूद की जानकारी दी। अभिभावकों के साथ म्युज़ियम सत्र भी रखा गया जिसमें उन्होंने अपनी जिज्ञासाओं को साझा किया जिसे उपनिदेशक अंकित विज्ञ ने विस्तार से उत्तर दिए। ओरिएंटेशन प्रोग्राम में नीलम डिप्टी रजिस्टरार समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित सेवा पखवाड़ा के स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अंतर्गत आयोजित शिविरों की श्रृंखला में समापन किया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जिला सयुक्त चिकित्सालय हापुड़ में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक विजय पाल आढ़ती द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विधायक द्वारा शिविर में आए लोगों को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही चार आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया एवं 10



क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। शिविर में आए लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में आए लोगों को जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह के द्वारा क्षय रोग के लक्षण उपचार एवं निदान के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी जिला सयुक्त चिकित्सालय अधीक्षिका डा. हेमलता सिंह स्वास्थ्य शिविर के नोडल अधिकारी डा राजेश सिंह डा. केपी सिंह जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी उपस्थित रहे।

# रेलवे ने मुक्तिधाम स्थल को बताया अपनी संपत्ति, निर्माण कार्यों को ध्वस्त करने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** ईदगाह स्थित मुक्तिधाम को रेलवे ने अपनी संपत्ति बताकर निर्माणकार्य गिराने की धमकी दे डाली जिसके बाद मुक्तिधाम समिति के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन देकर न्याय की मांग की है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया है कि नगर में हिन्दुओं के शवों की अंतीम क्रियायें करने हेतु एकमात्र अवदाह स्थल "मुक्तिधाम पर विगत लगभग 25 वर्षों से मुक्तिधाम् समिति के सदस्यों ने नगर के विभिन्न दान दाताओं, सांसद निधि एवं विधायक निधि के सहयोग से इस अंतिम शरण स्थल को बनवाया है। समय की मांग को देखते हुए शव वाहनों एवं शव फ्रीजेरों को खड़ा करने की आवश्यकता महसूस हुई और दानदाता भी मिल गए तो पूर्व में ही बने हुए लकड़ी रखने के गोदामों के पास एक शेड का निर्माण प्रारंभकिया गया था कि दो दिन पूर्व ही रेलवे ने अपने दरोगा आदि को भेज कर निर्माण कार्य को यह कह कर जबरदस्ती रुकवा दिया है कि मुक्तिधान की सारी जमीन रेलवे की है और उस पर किया गया मारा निर्माण अवैध है तथा उसको शीत्र ही ध्वस्त करा दिया जाएगा, पुलिस दरोगा के साथ रेलवे के इंजिनियर मीना (मो नंबर 9760541231) स्वयम फीता लेकर आये, नापजोख की और समिति के सदस्यों में अनर्गल भाषा में बात की।

### धान खरीद पर किसान नेता ने डीएम को लिखा पत्र

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के युवा जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि जनपद में एक अक्टूबर जो धान पंजीकर्ण सत्यापित हो रहे है 48 कुन्तल प्रति हेक्टर के हिसाब से, गत बर्ष लगभग 68 कुंतल प्रति हेक्टर के हिसाब से धान की मात्रा सत्यापित हुई थी, तभ भी कुछ किसानो का धान सरकारी क्रय केंद्रों दर पर खरीदा नहीं जा सका जिससे वो लोग डैच से वंचित रह गये।

## एक नजर

### धौलाना पुलिस की अनूठी पहल, दिव्यांग दंपति की बेटी को दिलाई पढ़ाई की राह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत हापुड़ पुलिस ने संवेदनशीलता और मानवीय पहल का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। थाना धौलाना प्रभारी नीरज कुमार के नेतृत्व में महिला उपनिरीक्षक एवं मिशन शक्ति प्रभारी रक्षा सिंह अपनी टीम के साथ बाल्मीकी बस्ती पहुंचीं। यहां उन्हें पता चला कि एक परिवार, जिसमें माता-पिता दोनों ही दिव्यांग हैं, अपनी 07वीं कक्षा में पढ़ने वाली बेटी की पढ़ाई और घर का खर्च उठाने में कठिनाई झेल रहा है। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने तुरंत निर्णय लेते हुए बालिका को अपनी टीम के साथ विद्यालय ले जाकर स्कूल प्रबंधन से बातचीत की। उन्होंने छात्रा की शिक्षा में आ रही बाधाओं को दूर कर सभी समस्याओं का समाधान कराया। साथ ही छात्रा को आश्वासन दिया कि पुलिस परिवार उसके साथ खड़ा है और उसकी पढ़ाई किसी भी हाल में रुकने नहीं दी जाएगी। पुलिस टीम ने न केवल शिक्षा से जुड़ी समस्या का समाधान किया, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए दिव्यांग दंपति के परिवार को राशन सामग्री भी उपलब्ध करवाई। इस पहल से परिवार के चेहरे पर मुस्कान लौट आई।

थाना प्रभारी नीरज कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का मकसद केवल महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित माहौल देना ही नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और शिक्षा से जोड़ना भी है। उन्होंने साफ कहा कि धौलाना पुलिस हर उस परिवार के साथ खड़ी है, जिसे समाज और प्रशासन की मदद की ज़रूरत है। स्थानीय लोगों ने धौलाना पुलिस की इस पहल की जमकर प्रशंसा की। लोगों ने कहा कि थाना प्रभारी नीरज कुमार ने न सिर्फ कानून-व्यवस्था संभालने में सख्ती दिखाई है बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील पुलिस का उदाहरण भी पेश किया है। इस अनूठी पहल ने साबित कर दिया कि मिशन शक्ति अभियान सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि बेटियों और परिवारों के लिए उम्मीद की किरण है।

### पुलिस की मानवीय पहल, रोते-बिलखते बच्चे को परिजनों से मिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में नारी सुरक्षा एवं जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना हापुड़ देहात पुलिस ने संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए सराहनीय कार्य किया।

थाना क्षेत्रान्तर्गत पुलिस को सूचना मिली कि एक मासूम बच्चा अकेला रोते-बिलखते सड़कों पर भटक रहा है। सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और बच्चे को सुरक्षित अपनी अभिरक्षा में लिया। इसके बाद पुलिस ने बच्चे से पूछताछ कर उसके परिजनों का पता लगाया।पुलिस की तत्परता और मानवीय पहल के चलते कुछ ही देर में बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चे को पाकर परिजनों की आँखों में खुशी के आँसू छलक पड़े और उन्होंने हापुड़ देहात पुलिस का आभार व्यक्त किया। अधिकारियों का कहना है कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य न केवल महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण है, बल्कि समाज के हर वर्ग को सुरक्षा और विश्वास की भावना प्रदान करना भी है। हापुड़ पुलिस द्वारा की गई यह त्वरित कार्रवाई अभियान की सफलता और पुलिस की संवेदनशीलता का स्पष्ट उदाहरण है।

### ठाकुरद्वारा मंदिर के नाम पर बना फर्जी ट्रस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** तहसील की ग्राम पंचायत खमरिया पट्टी में ठाकुर द्वारा मंदिर के नाम पर फर्जी ट्रस्ट बनाने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से ट्रस्ट बनाकर अपने और अपने चाहने वालों के नाम करवा लिए। इस मामले में पूर्व प्रधान रामनिवास पर भी आरोप लगाए गए थे, लेकिन बाद में सच्चाई सामने आने के बाद शिकायतकर्ता ने अपनी गलती मानी और पूर्व प्रधान रामनिवास से माफी मांगी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने ठाकुरद्वारा मंदिर के नाम पर फर्जी ट्रस्ट बनाकर अपने और अपने चाहने वालों के नाम करवा लिए। पूर्व प्रधान रामनिवास पर फर्जी ट्रस्ट बनाने वालों के साथ सहयोग करने का आरोप लगाया गया था।शिकायतकर्ता ने बाद में अपनी गलती मानी और पूर्व प्रधान रामनिवास से माफी मांगी।शिकायतकर्ता ने कैमरे के सामने अपनी पूरी सच्चाई बताई और कहा कि उनका ट्रस्ट की कमेटी में कोई हाथ नहीं था।

# नोएडा प्राधिकरण की 219वीं बैठक में आठ प्रस्ताव पास

■ चाणक्य साफ्टवेयर पकड़ेगा वित्तीय गलती, 12 साल से खाली प्लाट होंगे निरस्त




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की 219वीं बोर्ड बैठक हुई। बैठक में 37 प्रस्तावों को रखा गया। जिसमें आठ प्रस्तावों को पास कर दिया गया। जबकि बाकी के मिनट्स शासन को भेजे गए है। सात से आठ दिन में शासन स्तर से इन प्रस्तावों पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता दीपक कुमार, अवस्थापन एवं औद्योगिक विकास आयुक्त ने की। बैठक में आलोक कुमार, अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास विभाग और रविकुमार एनजी सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और लोकेश एम सीईओ नोएडा प्राधिकरण मौजूद रहे।

बैठक की शुरुआत बिल्डर बायर्स पर अमिताभ कांत की सिफारिश की शर्तों को लेकर थी। जिसे प्राधिकरण में लागू किया जा चुका है। 29 सितंबर तक कुल 57 बिल्डर परियोजनाओं में से 35 बिल्डर परियोजनाओं ने इस आदेश का लाभ लिया। 25 प्रतिशत राशि के सापेक्ष इन बिल्डरों ने 528.13 करोड़ जमा कराए। छह बिल्डर ऐसे है जिन्होंने पूरा जमा करा दिया। 13 ऐसे 25 प्रतिशत के सापेक्ष आंशिक धनराशि करीब 28.60 करोड़ जमा कराई। इन पैसों से करीब 5758 फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री हो सकती है। जिसमें से अब तक 3724 फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री हो गई है। बोर्ड ने निर्णय लिया कि ऐसे 10 बिल्डर परियोजनाएं जिनकी की ओर से सहमति के बाद भी बकाया नहीं दिया गया। 13 ने आंशिक पैसा जमा किया। वहीं 35 जिन्होंने 25 प्रतिशत के अलावा पैसा जमा नहीं किया गया। जबकि इन 35 को और पैसा जमा करने के लिए प्राधिकरण की ओर से नोटिस और समय दोनों दिया गया। प्राधिकरण की बोर्ड इसे शासनादेश के प्रतिकूल मानती है। साथ ही निर्णय लिया गया कि शासनादेश के तहत दिए जाने वाले लाभ की तारीख आगे नहीं बढ़ाई जाएगी और बकायदारों की वसूली प्राधिकरण नियम से होगी।

**चाणक्य साफ्टवेयर रहेगा वित्तीय नजर:** नोएडा प्राधिकरण में प्रहरी साफ्ट वेयर के साथ एक चाणक्य साफ्टवेयर भी लॉन्च किया जा रहा है। ये साफ्टवेयर प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग, कॉन्ट्रैक्ट, कॉन्ट्रेक्टर मैनेजमेंट, परियोजनाओं की मॉनिटरिंग एवं भुगतान का पूरा विवरण ऑनलाइन रखेगा।

प्राधिकरण की ओर से परियोजना का बजट तैयार कर उसे शुरू करने से लेकर अंतिम रूप दिए जाने का पूरा ब्योरा, जिसमें ठेकेदार को भुगतान किये जाने तक का पूरा विवरण ऑनलाइन मिल सकेगा।

**12 साल से खाली भूखंडों का आवंटन होगा निरस्त:** ऐसे भूखंड आवासीय और ग्रुप हाउसिंग भूखंड जिन पर 12 साल अधिकतम टाइम एक्सटेंशन के बाद भी निर्माण नहीं किया गया है। भूखंड खाली है इनको निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।

ऐसे करीब 11 भूखंडों की सूची प्राधिकरण के वर्क सर्किल की ओर से दी गई है। जबकि 9 ऐसे भूखंड है जिन पर आंशिक निर्माण किया गया है या वो निर्माणाधीन है। ऐसे भूखंडों पर आवंटी को निर्माण पूरा कर अधिभोग प्रमाण पत्र लेने के लिए छह महीने का समय दिया गया है। इसके बाद किसी प्रकार का समय नहीं दिया जाएगा।

**300 टीडीपी का बनेगा इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट प्लांट :** नोएडा में वर्तमान में 1000 टीडीपी कूडा निकल रहा है। भविष्य में 1200 से लेकर 1500 टीडीपी कूड़ा होगा। प्राधिकरण का एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड कुल 600 टीडीपी के निपटारे का एग्रीमेंट है। प्लांट लगाने का 40 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा डिसेंट्रलाइज्ड इंटीग्रेटेड म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट 40 टीडीपी के 6 यानी 240 टीडीपी लगाए जाएंगे। अब प्राधिकरण प्राधिकरण 300 टीडीपी का एक नया इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट और लगाने जा रहा है। जिसकी क्षमता को बढ़ाकर 500 की जा सकती है। यहां एक ही स्थान पर गीले और सूखे कूड़े का निवारण हो जाएगा। इसे सेक्टर-145 में 19.5 एकड़ या अस्तौली में 16.66 एकड़ में लगाया जा सकता है।

**चार एसटीपी की होगी रिट्रोफिटिंग, 87 करोड़ होंगे खर्च:** एनजीटी एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में शोधित जल की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए चार एसटीपी जिसमें 25 एमएलडी एसटीपी सेक्टर-50, 33 एमएलडी एसटीपी सेक्टर-54, 35 एमएलडी एसटीपी सेक्टर-123 और 50 एमएलडी एसटीपी सेक्टर-168 के सीवेज संशोधन संयंत्रों की रिट्रोफिटिंग कार्य किया जाएंगे। इसके लिए करीब 87.6 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

**24 ड्रेनों में प्रदूषण स्तर होगा कम:** नोएडा में 24 ड्रेनों में प्रदूषण स्तर को कम करने के लिए एफबीएस की तकनीक पर शोधन प्रक्रिया की जाएगी। यह पद्धति CPHEEO manual में भी शामिल है। क्षेत्र में स्थापित 24 ड्रेनों में नीरी द्वारा 11 ड्रेन पर एसटीपी के निर्माण के लिए सीपीसीबी से राय लिया जाएगा। मंजूरी मिलने पर इस कार्य को समय से पूरा कराया जाएगा।

**जल्द लॉन्च की जाएगी योजना:** यूनीफाइड रेगुलेशन 2025 को शामिल करते हुए प्राधिकरण के संस्थागत विभाग की ओर से कॉलेज, सीनियर सेकेंड्री स्कूल व नर्सिंग होम के लिए भूखंडों की योजना जल्द लाई जाएगी। इसके लिए ब्रोशर को पास कर दिया गया है।

## ग्रेटर नोएडा-फरीदाबाद कनेक्टिविटी को मिलेगी रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा और फरीदाबाद को जोड़ने वाली परियोजना अगले महीने से शुरू होने जा रही है। यमुना नदी पर बना मंझावली पुल करीब-करीब तैयार हो चुका है, लेकिन ग्रेटर नोएडा की ओर सड़क निर्माण अधूरा होने के कारण फिलहाल ट्रैफिक शुरू नहीं हो सका है. अब गौतमबुद्धनगर जिले की सीमा में अट्टा गुजरान गांव से मंझावली पुल तक नई सड़क और चौड़ीकरण का कार्य शुरू होने जा रहा है।

उत्तर प्रदेश शासन ने इस परियोजना के लिए 65.50 करोड़ रुपये का बजट अगस्त में मंजूर किया था। सड़क चौड़ीकरण और नई सड़क निर्माण के लिए चार गांवों की 6.888 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की गई है। जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई है। अधिशासी अभियंता कंचन ने बताया कि कंपनी के चयन की प्रक्रिया जारी है और अगले महीने निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस सड़क की कुल लंबाई 4.99 किलोमीटर है और नई सड़क 1.7 किलोमीटर सीधे मंझावली पुल से जोड़ेगी। मौजूदा सड़क 3.29 किलोमीटर की है, जो चौड़ीकरण कर चार लेन बनाई जाएगी। पूरी सड़क को चार लेन का स्वरूप दिया जाएगा, जिससे भारी वाहनों और सामान्य यातायात दोनों को आसानी होगी। दरअसल, हरियाणा की सीमा में मंझावली गांव के पास यमुना पर बना यह पुल पहले ही तैयार हो चुका है। ग्रेटर नोएडा की ओर सड़क बनते ही इसे आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। पुल की आधारशिला साल 2014 में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने रखी थी। निर्माण का काम पूरा होने के बाद अब केवल उद्घाटन बाकी है. इस सड़क के बनने के बाद ग्रेटर नोएडा, नोएडा और दिल्ली से फरीदाबाद तक सीधा और तेज रास्ता उपलब्ध होगा।

## 19 वर्ष का विरह टूटा, 18 करोड़ से बनेगी दादरी की रेलवे रोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** 19 बरस के लंबे इंतजार के बाद दादरी तिराहे से आरओबी तक की राह एक बार फिर जीवन पाकर नई दास्तां लिखने जा रही है। कभी आरसीसी की मजबूती और डिवाइडर की शान से सजी यह सड़क, वक्त की मार झेलते-झेलते जर्जरता की जंजीरों में कैद हो गई थी। धूल और गड्ढों से गुजरते राहगीरों की आहें जैसे आसमान तक पहुंच चुकी थीं। अब 18 करोड़ की सौगात के साथ ग्रेनो प्राधिकरण 2 किमी लंबी इस भूली-बिसरी राह को फिर से संवारने का बीड़ा उठाया है। डिवाइडर की कतार और समतल डामर की परतें मिलकर इस सड़क को नया रूप देने की तैयारी में है।प्राधिकरण जल्द टेंडर प्रक्रिया जारी करेगा। संभवत: अगले महीने से काम शुरू हो जाएगा।

19 साल पहले दादरी के रेलवे रोड का निर्माण ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कराया था, लेकि समय के साथ सड़क खराब होती गई। आए दिन जाम लगने के कारण लोग इसके निर्माण कराने की मांग कर रहे थे। दादरी विधायक तेजपाल नागर ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी से दादरी के दो किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण का अनुरोध किया था। जिस पर इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने मौके पर जाकर एस्टीमेट तैयार किया। एस्टीमेट के तहत पहले से बनी सड़क के टूटी होने पर गडढे बने हुए है। उसके निर्माण पर 6.06 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उसके ऊपर 20 सेंटीमीटर की सीसी लेयर बनाई जानी है। जिसकी लंबी 2100 मीटर होगी। इसके दोनों ओर बना नाला ईटों का है। कई स्थान पर टूटा हुआ है। नाले को आरसीसी का बनाया जाना है। 4200 मीटर का नाला सड़क के दोनों ओर बनाया जाना है। जिसको बनाने में 4.96 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। सड़क के बीच में डिवाइडर बनाया जाना है। पहले से बना डिवाइडर टूटा हुआ है। इस प्राकर सभी कामों को पूरा करने के लिए 18 करोड़ रुपये की लागत का एस्टीमेट तैयार किया गया है।

**जलभराव और जाम से मिलेगी निजात:** सड़क के निर्माण होने से लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी। सड़क के जर्जर होने से वाहन धीमी गति से चलते हैं। जिससे हर समय जाम लगा रहता है। वहीं नालों के निर्माण होने से पानी निकासी बेहतर हो जाएगी। बरसात में सड़क पर जलभराव नहीं होगा।

**वित्तीय मंजूरी की प्रक्रिया पूरी होने पर होगा काम शुरू:** सड़क, डिवाइडर, फुटपाथ के निर्माण के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वित्तीय मंजूरी के साथ ही फंड मिलते ही टेंडर जारी किया जाएगा। इसको लेकर प्रक्रिया चल रही है। आगामी माह में काम शुरू करने की तैयारी है।

## एक करोड़ की धोखाधड़ी

**नोएडा।** सेक्टर 56 में रहने वाले एक व्यक्ति ने दो लोगों पर फ्लैट बेचने के नाम पर एक करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम हड़पने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर दोनों आरोपितों के खिलाफ सेक्टर 58 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

नोएडा सेक्टर 56 के रहने वाले मयूर गर्ग ने 2011 में गाजियाबाद के सत्यनारायण से नोएडा सेक्टर 135 में एक डुप्लेक्स फ्लैट का करीब एक करोड़ रुपए में सौदा किया था। यह फ्लैट सत्यनारायण को प्राधिकरण से आवंटित हुआ था। उन्होंने अप्रैल व मई 2011 में 25 और पांच लाख रुपए चेक से दिए थे, जबकि शेष रकम सत्यनारायण को देने के अलावा प्राधिकरण में भी बकाया राशि के रूप में जमा कराई थी। उन्होंने फ्लैट का मालिकाना हक खुद के नाम पर कराने के लिए सत्यनारायण से संपर्क किया, लेकिन आरोपित टरकाने लगा। कुछ दिनों बाद आरोपित ने अतिरिक्त रकम की मांग की। इसको लेकर पीड़ित ने विरोध जताया तो आरोपित ने धमकाना शुरू कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। एडीसीपी नोएडा सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर सत्यनारायण समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच हुई जुमे की नमाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बरेली प्रकरण के बाद कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर की पुलिस शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट रही। पुलिस बल की मौजूदगी में जिले में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज कराई गई। संदिग्धों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया गया। सेक्टर-8 स्थित जामा मस्जिद में करीब 20 हजार लोगों ने नमाज पढ़ी। डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि एहतियातन गुरुवार रात से ही क्षेत्र में गश्त एवं तलाशी अभियान तेज कर दिया गया था।

यही वजह रही कि शुक्रवार की सुबह मस्जिदों में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण से हुई। इस दौरान मस्जिद के आसपास भारी संख्या में पीएसी पुलिस बल तैनात रहे।

बरेली विवाद को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। तीनों जोन में पुलिस अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। आला पुलिस अधिकारी भी फोन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और सेंट्रल नोएडा जोन के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। डीसीपी ने बताया कि नमाज कराने के लिए जिले में दो हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। सादे कपड़े में भी पुलिसकर्मी विभिन्न जगहों पर तैनात रहे। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिसबल तैनात रहा। दोपहर में नमाज के दौरान जिले की सभी मस्जिदों के आसपास पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

एडिशनल डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैव्या गोयल ने फेज-2 और सेक्टर 63 थाना क्षेत्रों का भ्रमण किया। मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा गया। स्थानीय लोगों से वार्ता कर समस्याओं और सुझावों को भी सुना गया। ग्रेटर नोएडा जोन में भी सुबह से ही पुलिस अलर्ट रही। पुलिस कमिश्नर समेत अन्य अधिकारियों ने लोगों से हर उत्सव को भाईचारे एवं सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। एक टीम सोशल मीडिया पर निगरानी करती रही।

## एक नजर

### पंचायत में फायरिंग के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** रामपुर फतेहपुर गांव में रविवार को भूखंड के विवाद में चल रही पंचायत में फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। रामपुर फतेहपुर गांव में तेजवीर फौजी और भरत सिंह के बीच भूखंड को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार को गांव में दोनों पक्षों की पंचायत हुई। पंचायत में कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में गाली-गलौच और कई राउंड फायरिंग हुई। गोली लगने से दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई कर कुछ नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया। दादरी कोतवाली पुलिस ने इस घटना में शामिल एक आरोपी अंकित कसाना निवासी रामपुर फतेहपुर को गिरफ्तार किया। इससे पहले पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### ट्रक चालक ने दो छात्राओं को कुचला, एक की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाना फेस-दो क्षेत्र के बीपीएल कट के पास एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार दो छात्राओं को कुचल दिया। इस घटना में एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि सेक्टर 93 में रहने वाली अंकिता सिंह 18 वर्ष और अर्पिता उर्फ प्रतिभा सिंह उम्र 15 वर्ष एक स्कूटी पर सवार होकर सेक्टर 93 स्थित अपने घर से दादरी जा रही थी। जैसे ही दोनों बीपीएल कट के पास पहुंची एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। इस घटना में अर्पिता उछलकर जमीन पर गिरी तथा ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। उनका सिर कुचलने की वजह से उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अंकिता गंभीर रूप से घायल हो गई।

उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि दोनों एक स्कूल मे पढ़ती थी, तथा किसी काम से अपने घर से दादरी जा रही थी। उन्होंने बताया कि मृतका के परिजनों की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### भगवान राम के राज्याभिषेक और डांडिया के साथ हुआ रामलीला का समापन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के तत्वाधान में ''हरि भक्ति कला ट्रस्ट'' द्वारा आयोजित रामलीला का भव्य मंचन नोएडा स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस भक्ति और सांस्कृतिक आयोजन का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक पंकज शर्मा द्वारा किया गया।

रामलीला की प्रस्तुति में प्रभु राम का वनवास की अवधि समाप्त करने के बाद अयोध्या में आगमनए व्याकुल भरत जी का श्रीराम से मिलन, एवं प्रभु श्रीराम का राजतिलक तक की लीलाओं का सुंदर और प्रभावशाली मंचन किया गया। मंचन की शुरुआत प्रभु राम के अयोध्या में आगमन से हुई भरत जी ने व्याकुल होकर प्रभु राम के चरणों में गिर पड़े, भारत मिलाप का एक अनूठा मिलन आज मंच पर देखने को मिला उसके बाद प्रभु राम का रास्ते लकवा एवं राम दरबार में श्री राम, सीता जी, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, एवं पवन पुत्र हनुमान जी के दर्शन हुए।

श्रीराम के रूप में अभिमन्यु चौधरी, लक्ष्मण के रूप में गर्व गुप्ता, हनुमानजी के रूप में मोहित शर्मा, भरत की भूमिका में हिमांशु शर्मा, शत्रुघ्न के भूमिका में वैभव, विभीषण की भूमिका में महेश, सीता माता की भूमिका में तान्या, प्रत्येक कलाकार ने अपने चरित्र में पूरी निष्ठा और भाव-भंगिमा से जान फूंक दी, जिससे दर्शकों ने भावविभोर होकर बार-बार तालियों से स्वागत किया। मंच पर प्रस्तुत दृश्य केवल नाटकीय नहीं थे, बल्कि उनमें सनातन संस्कृति धर्म, भक्ति और जीवन मूल्यों की सजीव झलक देखने को मिली। समिति के सदस्यों ने दर्शकों से आग्रह किया कि वे आगामी लीलाओं में भी सपरिवार उपस्थित होकर इस पावन आयोजन का आनंद ले।

## मुख्य विकास अधिकारी ने दिए अहम निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य और संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और प्रशासनिक गति. विधियों की समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि न्च हेल्थ डैशबोर्ड में जिले की रैंकिंग सुधारना प्राथमिकता होनी चाहिए, इसके लिए चिकित्सा अधीक्षक दनकौर और नोडल अधिकारी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। सभी ब्लॉकों में डेटा वैलिडेशन की प्रभावी बैठक संपन्न कराकर कार्यवृत्त को मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रस्तुत करने का आदेश भी दिया गया। ज्मसम कंसल्टेशन म-संजीवनी में प्रदर्शन में पिछड़े 5 चिकित्सा अधिकारियों और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को सुधारात्मक कार्रवाई हेतु नोटिस जारी किया गया। जिला अस्पताल में एसएनसीयू में बेड एक्यूपंसी दर काफी कम है, जिसको बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए।

निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति के मद्देनजर आगामी बैठक में कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधि को उपस्थित कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत विस्तृत माइक्रो प्लान जल्द भेजने के निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि विकसित भारत हेतु अपने सुझाव अधिक से अधिक प्रस्तुत करें, प्रत्येक अधिकारी को तीन-तीन सुझाव देने हेतु निर्देशित किया गया।

साथ ही, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जेवर को मुख्यालय पर निवास न करने पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए। टभ्छक के संचालन को सुचारू बनाने के लिए संबंधित प्राधिकरणों से पत्राचार कर टीकाकरण हेतु स्थान उपलब्ध कराने और लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में आशाओं के प्रशिक्षण को पूर्ण कर संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत का मामला गहरा गया है। परिजनों की आशंका पर शुक्रवार को 23 वर्षीय शहजाद का शव कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। शहजाद का शव 3 सितंबर को ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर मिला था, जिसे तब परिजनों ने सड़क हादसा मानकर बिना पोस्टमॉर्टम के ही दफना दिया था।

यह घटना दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अट्टा फतेहपुर गांव की है। कुछ दिनों बाद परिजनों को संदेह हुआ कि शहजाद की मौत दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या थी। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शव का पोस्टमॉर्टम कराने की गुहार लगाई।।मृतक के पिता शमशेर सिंह ने आरोप लगाया कि अगस्त में दनकौर में लगे मेले के दौरान हुए विवाद के चलते पड़ोसी गांव के कुछ युवकों ने रंजिशन शहजाद की हत्या कर दी।

उनका दावा है कि हत्या के बाद शव को एक्सप्रेसवे पर फेंक दिया गया, ताकि इसे सड़क दुर्घटना का रूप दिया जा सके। करीब 20 दिनों तक अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद, पुलिस ने परिजनों की मांग पर संज्ञान लिया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महामाया फ्लाईओवर पर मरम्मत कार्य से जाम लगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** महामाया फ्लाईओवर पर नोएडा से दिल्ली की ओर जाते समय लोगों को शुक्रवार दोपहर से लेकर शाम तक जाम में फंसना पड़ा। नोएडा प्राधिकरण की ओर से गार्डर रखने के काम की वजह से डेढ़ से दो किलोमीटर तक वाहनों की कतार लगी रही। महामाया फ्लाईओवर पर पुल को जोड़ने वाले स्थानों की मरम्मत का काम चल रहा है। दो महीने पहले पुल की सड़क की मरम्मत का काम नए सिरे से किया गया था। इसके बावजूद कुछ जगह गेप रह गया। अभी इन जगह अधिक गेप होने के कारण प्राधिकरण ने प्लेट लगा रखीं थीं, जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है।

अब इन गेप को ठीक किया जा रहा है। दो दिन की छुट्टी के बाद शुक्रवार को दफ्तर खुलने से सड़कों पर वाहनों का दबाव अधिक रहा। वाहनों के अधिक दबाव और मरम्मत कार्य की वजह से दोपहर में वाहनों को महामाया फ्लाईओवर पर जाम में फंसना पड़ा। मरम्मत का काम किए जाने के कारण वाहनों को निकलने के लिए कम जगह मिल पा रही थी, जिससे कालिंदी कुंज की ओर जाने वाले रास्ते पर महामाया फ्लाईओवर से पहले तक जाम लग गया। इस बारे में यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण की ओर से गार्डर रखे जाने का काम किया जा रहा था। इस वजह से यातायात धीमी गति से चला।

## बारिश में बदहाल हुई सड़कों को ठीक करेगा ग्रेनो प्राधिकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बारिश में बदहाल हो चुकी सड़कों में गड्ढे खत्म करने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण काम शुरू कराएगा। सड़कों की सेहत ठीक करने का यह काम आबादी वाले सेक्टर्स के अलावा औद्योगिक सेक्टर्स में भी होगा। इसके लिए पैचवर्क के अलावा कुछ प्रमुख सड़कों को दोबारा से बनाने का भी काम होना है। पहले चरण में करीब 20 करोड़ रुपये का बजट प्राधिकरण खर्च करेगा।

प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि वर्क सर्किल 4,5,6,7 में आने वाले सेक्टर्स के अंदर की सड़कों के अलावा प्रमुख मार्गों पर पैचवर्क कराया जाना है। इस काम को प्राथमिकता पर जल्दी ही शुरू कर दिया जाएगा। करीब दो करोड़ इस काम के लिए खर्च किये जाने हैं। इसके अलावा छपरौला में छह प्रतिशत आबादी वाले भूखंडों की खराब हो चुकी सड़कों को ठीक कराया जाना है। इसके लिए सीईओ एनजी रवि कुमार से स्थानीय लोगों ने शिकायत की थी। इन कामों के अलावा खेरली कासना रोड से चीरसी, रामपुर माजरा से दलेलगढ़ तक सड़क और नाली का काम शुरू प्राधिकरण कराने जा रहा है।

तालड़ा में खराब हो चुकी सड़क की जगह अब सीसी रोड बनेगी। सेक्टर-2 में गड्ढे में बदल चुकी 12 मीटर रोड को बनाने का काम भी जल्दी ही प्राधिकरण शुरू करने जा रहा है। पोवारी से दादूपुर दनकौर के बीच सड़क को नए सिरे से बनाया जाएगा। करीब डेढ़ करोड़ रुपये इस सड़क पर खर्च होंगे। अधिकारियों का कहना है कि शहर में जहां भी सड़क खराब है। उसको प्राथमिकता पर गड्ढामुक्त करा दिया जाएगा।

## एनसीआर में 800 किसानों की लगी लॉटरी!




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के 800 किसानों की पिछले पांच सालों में ऐसी किस्मत बदली कि वो उन 2500 लोगों में शामिल हो गए, जिन्हें करोड़पति होने का तमगा मिला हुआ है। इन किसानों ने अपने दिमाग और प्रबंधन से न सिर्फ धन का सदुपयोग किया, बल्कि उसके उपयोग से करोड़ों की संपत्ति भी जमा कर ली। आर्थिक सर्वे कराने वाली संस्थ्था मर्सिडीज बेंज और हुरुन इंटरनेशनल ने अपनी रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, गौतमबुद्ध नगर जिले में तेजी से अमीरों की संख्या बढ़ रही है।

यह रिपोर्ट उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के लिए जारी की गई। इसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का जिला गौतमबुद्ध नगर भी शामिल है। रिपोर्ट में बताया गया है कि गौतमबुद्ध नगर जिले के तीन औद्योगिक विकास क्षेत्रों में करीब 800 किसान पिछले पांच सालों में करोड़पति बन गए हैं। इसके साथ ही इस जिले में करोड़पतियों की संख्या करीब 2500 पहुंच गई है। जबकि पिछले पांच साल पहले गौतमबुद्ध नगर जिले में पांच अरबपति थे, जो अब 11 हो गए हैं।

**रिपोर्ट में क्या हुआ खुलासा?:** आर्थिक सर्वे कराने वाली संस्था मर्सिडीज बेंज और हुरुन इंटरनेशनल की रिपोर्ट में बताया गया है कि पांच साल पहले गौतमबुद्धनगर जिले में कुल 1700 करोड़पति थे, जबकि मात्र पांच अरबपति लोग रहते थे। पांच साल बाद जारी रिपोर्ट में करोड़पतियों की संख्या बढ़कर जहां 2500 हो गई, वहीं अरबपति भी पांच से बढ़कर 11 हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच सालों में जो 800 लोग करोड़पति बने हैं, वो किसान हैं। इसके अलावा छह अरबपति बनने वाले लोग भी किसान परिवार से ही आते हैं।

**अचानक कैसे बढ़ गई इनकम?:** आर्थिक सर्वे कराने वाली संस्था मर्सिडीज बेंज और हुरुन इंटरनेशनल की रिपोर्ट में इन किसानों के अचानक अमीर बनने के पीछे की कहानी भी बताई गई है। दरअसल, दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में पिछले पांच सालों के दौरान विकास की रफ्तार तेजी से बढ़ी है। औद्योगिक विकास के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर किसानों की जमीनों की अधिग्रहण किया गया। इसी के चलते पिछले पांच सालों में 806 किसानों ने अपने दिमाग और प्रबंधन से जहां अपनी आर्थिक स्थिति सुधारी, वहीं इनकम बढ़ाकर खुद को करोड़पतियों की सूची में भी शामिल करवाया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बेटियां केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि रोशनी: डीएम

## जिलाधिकारी ने 35 परिवारों को कुलदीपक, पौधा और बालिकाओं को चॉकलेट देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मिशन शक्ति और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे राष्ट्रीय अभियानों को नई दिशा देते हुए बागपत प्रशासन ने शुक्रवार को एक अभिनव पहल की शुरुआत की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विशेष समारोह में मेरी बेटी, मेरी कुलदीपक नामक अभियान का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्देश्य समाज में बेटियों के महत्व को नए दृष्टिकोण से स्थापित करना और उन परिवारों को सम्मानित करना है जो गर्व के साथ बेटियों का पालन-पोषण कर रहे हैं।





इस अवसर पर 35 जागरूक परिवारों को, जिनकी एकमात्र संतान बेटी है और जिन्होंने उसे जीवन में आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा, पोषण और अवसर उपलब्ध कराए हैं, प्रशासन द्वारा विशेष कुलदीपक, जीवन का प्रतीक पौधा और बालिकाओं को चॉकलेट देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि वह रोशनी हैं जो पूरे कुल, समाज और राष्ट्र को आलोकित करती हैं, जिस तरह पौधे को उचित देखभाल और पोषण मिलने पर वह छांव देने वाला वृक्ष बनता है, उसी प्रकार बेटियों को अवसर, शिक्षा और सम्मान मिलने पर वे जीवन के हर क्षेत्र में समाज का गौरव बढ़ाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में अभी भी कई बार यह धारणा बन जाती है कि यदि परिवार में केवल बेटियां हैं और बेटा नहीं है तो यह किसी कमी की तरह है। यह सोच गलत है और इसी सोच को बदलने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। बेटियां विज्ञान, प्रशासन, खेल, कला और उद्योग सभी क्षेत्रों में ऊँचाइयां छू रही हैं।

वे किसी भी दृष्टि से बेटों से कम नहीं, बल्कि कई बार उनसे आगे निकल जाती हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि अब समाज को यह समझना होगा कि रोशनी जलाने वाला दीपक केवल बेटा ही नहीं होता, बेटी भी कुलदीपक है। बेटियां परिवार में सम्मान, अनुशासन और समृद्धि लाती हैं। इस पहल से उन परिवारों को भी प्रेरणा मिलेगी जो कभी बेटियों को बोझ समझते थे। यह संदेश जाएगा कि संतान का लिंग नहीं, बल्कि उसकी परवरिश और अवसर ही समाज को आगे ले जाते हैं। आज की बेटियां हर क्षेत्र में न केवल भागीदारी कर रही हैं बल्कि नेतृत्व कर रही हैं। ओलंपिक खेलों में पदक जीतने से लेकर प्रशासनिक सेवाओं में उत्कृष्टता दिखाने तक, बेटियों ने साबित किया है कि यदि अवसर मिले तो वे किसी से पीछे नहीं हैं। मेरी बेटी, मेरी कुलदीपक अभियान समाज को यह अहसास दिलाएगा कि शिक्षा बेटियों का पहला अधिकार है। सुरक्षा उनकी गरिमा और आत्मविश्वास का आधार है। स्वास्थ्य और पोषण उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। सम्मान और विश्वास उन्हें ऊँचाई तक पहुँचाने की प्रेरणा है। प्रशासन का यह कदम केवल संदेश देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जिले में विभिन्न स्तरों पर गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी जिससे बेटियों के लिए सुरक्षित और प्रोत्साहनकारी माहौल बने।

# बरेली में हुए बवाल के बाद बागपत पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। बरेली में हुए बवाल के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर था। एसपी सूरज कुमार राय ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की थी।

सुरक्षा के मद्देनजर जिलेभर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए भी निगरानी रखी गई। पुलिस प्रशासन ने किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां की थीं। खेकड़ा, बड़ौत और बागपत की मस्जिदों पर विशेष रूप से पुलिस बल तैनात किया गया था। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है और शांति व्यवस्था कायम है। उन्होंने शांतिपूर्ण नमाज संपन्न होने पर संतोष व्यक्त किया। पुलिस ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी। नमाज के दौरान वरिष्ठ अधिकारी लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

# इस अभियान से जुड़ा है मुख्य उद्देश्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समाज में बेटियों को लेकर सकारात्मक ख्रष्टिकोण बनाना, उन परिवारों को विशेष पहचान और सम्मान देना जो बेटियों का गर्व से पालन-पोषण कर रहे हैं, शिक्षा और सुरक्षा से जुड़े सरकारी कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर लागू करना, नई पीढ़ी में यह संदेश पहुंचाना कि बेटियां ही असली परिवर्तन की वाहक हैं, इससे मिशन शक्ति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को जिले में नई ऊर्जा और स्वरूप मिलेगा, कलेक्ट्रेट सभागार प्रेरणा और उत्साह से भरा रहा। उपस्थित अधिकारियों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे समाज के लिए आवश्यक बताया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व पंकज वर्मा, एसडीएम भावना सिंह, डिप्टी कलेक्टर मनीष यादव, ज्योति शर्मा, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डक्क यशवीर सिंह, अधिशासी अधिकारी रटौल वीरज त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# क्षेत्र में खुलेआम हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई धड़ल्ले से जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** थाना क्षेत्र में खुलेआम हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई धड़ल्ले से जारी है, लेकिन सम्बन्धित अधिकारी आज तक इस अवैध कार्य को नही रोक पा रहे है, या यह अवैध धन्धा मिली भगत के साथ किया जा रहा है यह भी सवाल खडे किए जा रहे है। मिली जानकारी के अनुसार खेतों, बाग-बगीचों और सड़क किनारे खड़े हरे वृक्षों को बिना किसी भय और रोक-टोक के काटा जा रहा है। बड़ी संख्या में पेड़ों को आरी से गिराकर लकड़ी के मोटे-मोटे लट्ठों में तब्दील किया जाता फिर उसको वन माफिया टैकटर ट्राली मे भर कर ले जाते है।

जहां एक तरफ सरकार पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण अभियान चला रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रशासन और पुलिस की वन माफियाओ के साथ साठगांठ कर हरे पेड़ों का सीधा-सीधा कत्लेआम हो रहा है।



## एक नजर

### स्टैंडी और डिजिटल क्यूआर कोड के माध्यम सेनागरिकों को सुझाव भेजने के लिए किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी ने मौके पर ही उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए विभिन्न स्थानों पर लगाए गए स्टैंडी और डिजिटल क्यूआर कोड के माध्यम से नागरिकों को सुझाव भेजने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान जन-जन के विचारों का जनआंदोलन बन रहा है और हर नागरिक का छोटा-सा सुझाव भी भविष्य की नीतियों को दिशा देगा। इस दौरान कलेक्ट्रेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल इंडिया, कृषि, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और युवा नेतृत्व जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। खास बात यह है कि कोई भी नागरिक सीधे समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल या क्यूआर कोड स्कैन कर 05 अक्टूबर तक अपने सुझाव भेज सकता है। बेहतर सुझाव देने वालों को सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा और प्रत्येक सहभागी को जिम्मेदार नागरिकता का ऑनलाइन प्रमाणपत्र प्रदान होगा।

### समाज में अक्सर उन्हें केवल बेटियों के होने पर ताने सुनने पड़े, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मेरी बेटी, मेरी कुलदीपक अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सोच में बदलाव की शुरुआत है। यह पहल आने वाले वर्षों में न केवल बागपत बल्कि पूरे प्रदेश को बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार लगातार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा मिशन शक्ति अभियानों के माध्यम से बेटियों के सशक्तिकरण और सुरक्षा के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन इन अभियानों की असली सफलता तभी संभव है जब समाज स्वयं इसमें सहभागी बने। मेरी बेटी, मेरी कुलदीपक अभियान का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है, बल्कि यह संदेश प्रत्येक घर तक पहुँचाना है कि बेटी किसी बोझ या जिम्मेदारी का नाम नहीं है, बेटी ही कुल की असली दीपक है, बेटी को शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर देना ही समाज की प्रगति का आधार है। यह पहल बागपत जिले से शुरू होकर पूरे प्रदेश और देश में प्रेरणा का स्रोत बन सकती है। सम्मानित हुए 35 परिवारों ने अपनी जीवन यात्रा साझा की। कई परिवारों ने बताया कि समाज में अक्सर उन्हें केवल बेटियों के होने पर ताने सुनने पड़े, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाई और आज वे बेटियां चिकित्सा, प्रशासन, खेल और अन्य क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त कर रही हैं। एक सम्मानित परिवार ने कहा कि हमारे परिवार में बेटी होना किसी वरदान से कम नहीं है। वह हमारे घर की कुलदीपक है। हमें गर्व है कि हम समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। यह अभियान उस रूढ़िवादी धारणा पर सीधा प्रहार करता है जिसमें केवल बेटों को कुलदीपक माना जाता

# मामूली विवाद के चलते दो पक्षों के बीच संघर्ष, आधा दर्जन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मामूली विवाद के चलते दो पक्षों के बीच हुई मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। इस संघर्ष में लाठी-डंडे और लात-घूंसे चले, जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में उपचार कराया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के बाम गांव की है। जानकारी के अनुसार, यासीन का दामाद तनवीर दिल्ली से अपनी कार से आ रहा था। गांव की गली में सतपाल की तीन साल की नाती मुन्नी खेल रही थी, जिसे कार से टक्कर लग गई। टक्कर लगने पर सतपाल के परिजनों ने कार रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने कार नहीं रोकी और अपने रिश्तेदारों के घर जाकर रुका। इसके बाद सतपाल और उनके परिजन यासीन के घर शिकायत देने पहुंचे, जहां दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। शुरुआत में समझौता होने के बाद सतपाल पक्ष के लोग अपने घर लौट आए। हालांकि, कुछ ही देर बाद यासीन पक्ष के 10-15 लोग धारदार हथियार और लाठी-डंडे लेकर सतपाल के घर पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उनके घर पर पथराव भी किया, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई और दोनों पक्षों के बीच जमकर संघर्ष हुआ। इस संघर्ष का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी में भर्ती कराकर उनका उपचार कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।



# नन्हें बच्चों ने ज्ञान प्रतियोगिता में बटोरीं वाहवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गीता चौधरी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय हरिया खेडा में ग्राम प्रधान शकुंतला देवी एवं सेवानिवृत्त सैनिक समिति के निर्देशन में ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें सरकारी स्कूल एवं प्राइवेट स्कूल के लगभग 40 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें हिंदी, गणित, अंग्रेजी व सामान्य ज्ञान विषयों पर बच्चों की परीक्षा ली गई। यह प्रतियोगिता तीसरी, चौथी और पांचवी की कक्षाओं के लिए आयोजित की गई थी। हर्ष का विषय है कि उपरोक्त तीनों कक्षाओं के नौ उत्तम स्कोर में से केवल तृतीय कक्षा का एक ही प्राइवेट स्कूल का छात्र तृतीय स्थान प्राप्त कर सका। शेष आठ स्थान सरकारी स्कूल के छात्र/ छात्राओं ने जीते।

यह निजी स्कूल जाने वाले छात्रों के माता-पिता के लिए एक चेतावनी है कि वास्तव में शैक्षिक उपलब्धियां और बच्चे के समग्र विकास के लिए जो मायने रखता है वो वातावरण निजी स्कूलों में नहीं सरकारी स्कूलों में ही है। अब बेसिक के स्कूलों की तस्वीर बदल रही है। महंगी स्कूल फीस व्यवसाय की तो गारंटी है परंतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नहीं जिसकी हमें आज परम आवश्यकता है। सरकारी स्कूल के शिक्षकों के समर्पण गुणवत्ता और जवाब देही की गहनता का मुकाबला करना प्राइवेट स्कूलों के लिए बहुत टेढ़ी खीर है। प्राथमिक पाठशाला के छात्रों और निजी स्कूलों के छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा की चुनौती को स्वीकार करना प्रधान अध्यापिका योगिता मलिक और उनके शिक्षकों के लिए एक कठिन निर्णय था, लेकिन यह शिक्षकों के लिए एक सफलता और उत्सव का अवसर साबित हुआ।

# नागरिक-प्रशासन सहभागिता का बने सशक्त उदाहरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में विकसित उत्तर प्रदेश समर्थ उत्तर प्रदेश के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है जनपद की समस्त विकासखंड, नगर पालिका, नगर पंचायत, जनपद के प्रमुख स्थलों, बाल पेंटिंग आदि के माध्यम से क्यू आर कोड स्थापित कराए गए हैं जिस पर कोई भी व्यक्ति अपने उत्तर प्रदेश को कैसा देखना चाहता है। इसके संदर्भ में 12 सेक्टरों के तहत अपना सुझाव देकर अपने उत्तर प्रदेश को समर्थ उत्तर प्रदेश बनाने में योगदान दे आपका सुझाव निश्चित ही बदलाव लाएगा। इसी कड़ी में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर स्थापित स्टैंडिंग पर लोगों को सुझाव देते हुए देखा गया जिसमें अपने देश को विकसित होने की अपेक्षाएं और उत्तेजना देखने को मिली देश बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश बढ़ रहा है तो हमारा जनपद भी निश्चित ही आगे बढ़ेगा, अगर आपने भी सुझाव नहीं दिया है तो 5अक्टूबर 2025 तक अपना सुझाव अवश्य दें।



कलेक्ट्रेट परिसर नागरिकप्रशासन सहभागिता का सशक्त उदाहरण बना, जब समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश /2047 महाअभियान के तहत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने क्यूआर कोड स्कैन कर अपने सुझाव साझा किए। यह पहल केवल आने वाले विकसित भारत और समर्थ उत्तर प्रदेश के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संदेश है।

# स्वराज अभियान के दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की खत्री गली में बी टेक कंप्यूटर सेंटर पर राष्टीय ग्राम स्वराज अभियान के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें प्रशिक्षकों को सी एससी, ई डिस्ट्रिक्ट, एवम् पंचायत सचिव, एवं पंचायत सदस्य का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पिंकी शर्मा (कोऑर्डिनेटर) द्वारा दिया गया। जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ डा.इरफान मलिक ने प्रसिक्षको को किट भेट करते हुआ कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही। इस मुहीम के द्वारा आप जैसे युवाओं के सहयोग से दिए जा रहे योगदान से आम नागरिक को काफ़ी सुविधाएं मिल जाती है जिस से उनका समय और धन दोनों बच जाते है तथा इन्हे परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता डा.इरगान मलिक ने सभी प्रशिक्षकों कि हौसला अफजाई की और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इस मौके पर पिंकी शर्मा, हाशिम अली सेंट्रल मेनेजर, राशिद तोमर, फहीम अब्बासी, राहुल पांचाल, जुल्फिकार सैफी, शावेज़ कुरैशी, नदीम समीर अहमद आदि मौजूद रहे।




### साप्ताहिक मार्केट बंदी को लेकर 8वीं बार डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** श्रमिक एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा के नेतृत्व में लगातार नगर में बुधवार अवकाश की मांग को लकर धरने प्रदर्शन किए जा रहे है, मगर किसी भी धरने प्रदर्शन का आज तक कोई भी मामला संज्ञान में नहीं लिया गया अब आठवां पत्र प्रदेश के डिप्टी सीएम को श्रमिक एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा के नेतृत्व में लिखा गया है अब देखना होगा साप्ताहिक मार्केट बंदी पर डिप्टी सीएम इस पर कितना संज्ञान लेते हैं। जिलाधिकारी को भी इस संबंध में कल अवगत कराया जाएगा। उनसे पूछा जाएगा कि इतने निर्देश के बावजूद भी साप्ताहिक अवकाश लागू क्यों नहीं किया गया। इसके लिए जल्दी डीएम कार्यालय पर धरना भी दिया जाएगा। उन्होंने तुरंत मामले को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी से नगर में बुधवार साप्ताहिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग की है। इस मौके पर जितेंद्र दत्त तोमर अध्यक्ष प्रवीण कुमार आदि सदस्यों ने साप्ताहिक अवकाश की मांग की है।

## हर परिवार से कम से कम एक सुझाव अवश्य आना चाहिए: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने आहवान किया कि हर परिवार से कम से कम एक सुझाव अवश्य आना चाहिए। आपके विचार ही 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। यह अवसर है कि हम केवल दर्शक न बनें, बल्कि विकास यात्रा के सक्रिय भागीदार बनें। उन्होंने बताया कि अभियान से प्राप्त विचारों के आधार पर जो विजन डॉक्यूमेंट तैयार होगा, उसमें अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति जैसे मूल स्तंभ शामिल होंगे। यह दस्तावेज़ कृषि, औद्योगिक विकास, आईटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, पर्यटन, सुशासन और सुरक्षा सहित 12 प्रमुख सेक्टरों को कवर करेगा। यही दस्तावेज़ आने वाले वर्षों के लिए नीतियों की रूपरेखा तय करेगा। अभियान का एक प्रेरक पहलू यह भी है कि नागरिक केवल समस्याएँ नहीं बता रहे, बल्कि उनके समाधान भी सुझा रहे हैं। कहीं युवाओं ने जनपद स्तरीय मन की बात जैसे स्थानीय संवाद की मांग की है, तो कहीं छात्र-छात्राओं ने खेल अकादमी, डिजिटल लैब और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक ट्रैक जैसे प्रस्ताव दिए। किसान जैविक खेती और मिलेट्स के निर्यात की बात कर रहे हैं, वहीं महिलाएँ रोज़गार आधारित प्रशिक्षण, स्वास्थ्य और स्वच्छता सुविधाओ पर जोर दे रही हैं। जिला प्रशासन का मानना है कि यह अभियान नागरिकों और शासन के बीच की दूरी को कम करेगा और इंपैक्ट डिलीवरी सिस्टम को अधिक मज़बूत बनाएगा।

# महिला से दुष्कर्म करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक महिला के यौन उत्पीड़न और धर्म परिवर्तन के मामले में पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान अल्ताफ और नौशाद के रूप में हुई है, जिन्हें जेल भेज दिया गया है। इस मामले में 10 अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। यह मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। आरोप है कि कुछ लोगों ने एक हिंदू महिला को गुमराह कर एक कपड़े के शोरूम में उसकी अश्लील वीडियो बनाई। इसके बाद वीडियो के आधार पर उसे ब्लैकमेल किया गया और उसका शारीरिक शोषण किया गया। पीड़िता का आरोप है कि उसे ब्लैकमेल कर दिल्ली की जामा मस्जिद में एक मौलाना से उसका धर्म परिवर्तन भी कराया गया। महिला किसी तरह उनके चंगुल से छूटने के बाद हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस अधीक्षक से मिली और न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की। मुख्य आरोपी अल्ताफ और उसके दोस्त नौशाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस फरार 10 अन्य अभियुक्तों की तलाश कर रही है। फिलहाल पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार चल रहे अभियुक्तों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अरमान से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

इकराम पुत्र इश्त्याक निवासी ग्राम दौलतपुर तहसील व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरी पुत्री प्राची परिवार को बिना बताए घर से चली गई थी और किसी व्यक्ति के साथ रह रही है उसके इस गलत आचरण व अनैतिक कदम के कारण मै व मेरे परिवार का उससे कोई संबंध नही है तथा मै अपनी चल-अचल संपत्ति से भेदखल करता हूं। भविष्य में किसी भी कृत्य के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगी।

मुकेश गोस्वामी पुत्र रामकिशन निवासी मीतली थाना व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र फरमान व उसकी पत्नि सुम्यया से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

रईसूदीन पुत्र फैयाज खान निवासी कस्बा रटौल थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

**विज्ञापन**

जनता वैदिक कॉलिज, बडौत (बागपत) में संचालित पाठयक्रम पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं के हितो को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य रूप से गिर नश्ल की गाय में नश्ल सुधार को प्राथमिकता देते हुए परिसर में स्थित डेयरी को किराये पर देने के लिए दिनांक 13.10.2025 (सोमवार) तक प्राचार्य कार्यालय में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। उक्त हेतु बोलीदाता को अग्रिम रू.50,000/-धरोहर राशि के रूप में जमा कराने होंगे। अधिक जानकारी के लिए कॉलिज कार्यालय से सम्पर्क करें।

**(डॉ.वीरेन्द्र प्रताप सिंह)** प्राचार्य

**(वीरेन्द्रपाल सिंह)** अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति

## 48 घंटे में मवाना पुलिस ने किया विजय हत्याकांड का खुलासा

# मारपीट का बदला लेने के लिए बलकटी से काटा था विजय का गला

■ मोहल्ला हीरालाल निवासी निर्दोष कुमार गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** दो दिन पहले हस्तिनापुर निवासी विजय की हुई हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने नगर के मोहल्ला हीरालाल निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। सीओ मवाना के नेतृत्व में गठित पुलिस की टीम ने 48 घंटे के भीतर हत्यारे को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बलकटी भी बरामद कर ली है।

गौरतलब है कि बुधवार को नगर के बेरियों वाले शमशान घाट के पास एक बाग में हस्तिनापुर निवासी विजय पुत्र फूल सिंह की गला काटकर हत्या कर दी गई थी। विजय नशे का आदि था और जंगलों में ही अपनी रात गुजारा करता था। परिजनों की ओर से अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। सीओ मवाना पंकज लवानिया के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने दिन-रात एक कर दिए और विजय की हत्या करने वाले निर्दोष कुमार पुत्र महकार निवासी मोहल्ला हीरालाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बलकटी, एक बाइक व आरोपी के खून से सने हुए कपड़े बरामद कर लिए।

### दोनों करते थे एक साथ नशा

हत्यारोपी निर्दोष कुमार ने पुलिस को बताया कि दोनों एक साथ भांग और शराब का नशा करते थे। करीब तीन महीने पहले विजय ने उसके साथ मारपीट की थी। जिससे वह उससे रंजिश रखता था। उसके बाद भी रोजाना दोनों साथ नशा करते थे। मंगलवार की रात नशा करते वक्त दोनों के बीच फिर मारपीट हो गई। आक्रोश में आकर उसने बलकटी से गर्दन काट डाली।

### सीओ के नेतृत्व में टीम ने किया गुडवर्क

सीओ मवाना पंकज लवानिया के नेतृत्व में इंस्पेक्टर पूनम जादौन और पुलिस की टीम ने 48 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद केस वर्क आउट कर दिया। एसपी देहात अभिजीत कुमार शुक्रवार को थाने पहुंचे और आरोपी से पूछताछ की। एसपी देहात ने सीओ मवाना व पुलिस टीम के कार्य की सराहना की।

## अनियंत्रित बाइक सवार नहर में गिरा, उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** पुलिस के अनुसार मधुर पुत्र राजकुमार उम्र 52 वर्ष निवासी मेरठ जानी थाना क्षेत्र के गांव सतवाई में रिश्तेदारी में गया था। तभी जैसे वह सतवाई से चला तो टीकरी गंग नहर के पास पहुंचा तो उसकी बाईक अनियंत्रित होकर नहर में समा गई। तभी ग्रामीणों ने किसी तरहा उसे बाहर निकाला। और उपचार के लिए अस्पताल भेजने के बाद पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर जानी थाना पुलिस पहुंच गई और उसे पांचली सीएचसी में भर्ती कराया लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई वहीं मधुर की मौत की खबर पता चलते ही परिवार वालों में को. हराम मच गया और परिजन जानी सीएचसी पहुंचे जहां उनका रो-रो कर बुरा हाल था। ग्रामीणों ने कहा कि नहर में हादसे होते रहते हैं।

## एक नजर

### राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ ने चलाया सदस्यता अभियान, कई को दी जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अंजू चौधरी के निवास स्थान कंकरखेड़ा डिफेंस एंक्लेव पर कार्यकर्ताओं की बैठक व सदस्यता अभियान कार्यक्रम किया गया। जिसके मुख्य अतिथि बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान रहे। महिला प्रकोष्ठ की टीम ने बैठक व सदस्यता अभियान के तहत नए सदस्यों को जोड़ा और संगठन को मजबूत करने के लिए मंथन किया। सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने जिलाध्यक्ष अंजू चौधरी के साथ नए पदाधिकारी को पत्र सौंपे। अंजू चौधरी ने कहा कि अधिकतर महिलाएं लोक. दल की सदस्यता ग्रहण कर रही है। इस अवसर पर नरेंद्र खजूरी, राष्ट्रीय सचिव भावना यादव, नीलम तोमर, बीना पूनिया, सुमन चौधरी, प्रज्ञा बालियान, विना सिंह, छाया रस्तोगी, डॉ. श्वेता रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

### जुमे की नमाज पर रहा अलर्ट, डीएम-एसएसपी ने संवेदनशील क्षेत्रों का किया भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत शुक्रवार को जिलाधिकारी व एसएसपी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि जुमे की नमाज व आगामी पर्वों के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए डीएम डॉ. वी.के. सिंह तथा एसएसपी विपिन ताडा द्वारा हापुड अड्डा, जाकिर कालोनी, पिलोखड़ी, भूमिया का पुल, बागपत तिराहा, रेलवे रोड चौराहा, केसरगंज चौकी, सोतीगंज, बेग. मपुल आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### जानी मिशन शक्ति केंद्र के बारे में आशाओं को जागरुक कर सिखाए गुर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति केंद्र का प्रचार-प्रसार लगातार क्षेत्र में किया जा रहा है और महिलाओं को इसके बारे में बताया जा रहा है। शुक्रवार को जानी ग्राम पंचायत में आशा व आंगनवाड़ी महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी गई। महिला पुलिस ने वोमेन हेल्पलाइन 1090, 112 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी महिलाओं को किसी भी गंभीर स्थिति से गुजरना पड़े तो इन नंबरों को डायल करें। तुरंत पुलिस पहुंचकर महिलाओं की सुरक्षा कर न्याय दिलाएगी। उन्होंने घरेलू हिंसा के प्रति जागरूक भी किया। इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र व आशाओं को पंपलेट भी वितरित किए जिसमें मिशन शक्ति टीम के बारे में बताया।

# शोभित विवि में हुई आईबीएम स्किल बिल्ड पर नेस्ट जेन एनालिटिक्स कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग आईबीएम स्किल बिल्ड पर कोर्सेज पर आधारित नेस्ट जेन एनालिटिक्स विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य वक्ता एडुनेट फाउंडेशन से एआई एवं एमएल प्रशिक्षक अमन श्रीवास्तव ने किया।




अमन ने छात्रों को डेटा एनालिटिक्स के महत्व से अवगत कराते हुए कई केस स्ट्डीज प्रस्तुत कीं, जिससे सत्र अधिक व्यावहारिक और अनुप्रयोग आधारित रहा। उन्होंने आईबीएम स्किल बिल्ड प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध विभिन्न कोर्सेज की भी जानकारी दी, जिनके माध्यम से छात्र स्वयं को नवीनतम तकनीकों और उद्योगों की मांग के अनुरूप उन्नत कर सकते हैं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आधुनिक तकनीकी रुझानों और उद्योग में आवश्यक कौशलों से अद्यतन रखना तथा उन्हें प्लेसमेंट रेडी बनाना था। कार्यशाला के दौरान छात्रों को डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के नवीनतम टूल्स और तकनीकों से परिचित कराया गया। सत्र में प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स, बिजनेस इंटेलिजेंस तथा इंडस्ट्री 4.0 में इनके उपयोग पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कुलपति प्रो. डॉ. वी.के. त्यागी ने छात्रों को तकनीक के साथ निरंतर अद्यतन बने रहने का मार्गदर्शन दिया। प्रो. वाइस चांसलर प्रो. डॉ. जयनन्द ने बेहतर रोजगार अवसर और अपस्किलिंग के लिए ऐसे कार्यशालाओं की आवश्यकता पर बल दिया। स्कूल निदेशक प्रो. डॉ. संदीप कुमार ने छात्रों को इस उभरती तकनीक पर आधारित कार्यशाला में भागीदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस कार्यशाला को सफल बनाने में फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. सुरभि सरोहा एवं छात्र समन्वयक कमल कांत पांडे, माहि और रोया कुमारी का विशेष योगदान रहा। यह कार्यशाला छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणा दायक सिद्ध हुई।

# नेशनल इंजन रिपेयरिंग की दुकान में लगी आग

### आधा दर्जन दमकल की गाड़ियां मौके पर

■ दुकान मालिक ने आग लगने को बताया किसी की साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली रोड पर नेशनल इंजन रिपेयरिंग नामक दुकान और चमन लाल टिम्बर लकड़ी की टाल में शुक्रवार को आग लग गई। सूत्रों के अनुसार यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। पुलिस एवं अग्निशमन विभाग को सूचना मिली तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई की। बचाव कार्य और नुकसान आग को नियंत्रित करने के लिए कई दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। लोगों के अनुसार छह गाड़ियों को बुलाना पड़ा आग पर काबू पाने के लिए। दुकान का अधिकांश हिस्सा और लकड़ी सामग्री जलकर नष्ट हो गई। घटना से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, लोग डर गए और दमकल दल ने स्थानीय सहायता लेकर नियंत्रण की कोशिश की। दुकान के मालिक व अन्य लोगों ने आग लगने को साजिश करार देने की बात कही है, मगर अभी इस दावे की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की घटनाएं अक्सर शॉर्ट सर्किट या लापरवाही के कारण होती हैं।

## शिक्षक की मौत पर भड़के भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष

### भोला झाल से टिकरी रजवाहे के पुल पर गिरकर हुआ हादसा

■ जिला प्रशासन व सिंचाई विभाग की लापरवाही से हुई है मौत: अनुराग चौधरी

■ मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने भोला झाल टिकरी रजवाहे पुल पर पहुंचकर मृतक मधुर दीक्षित जो कि शुक्रवार को पुल से गिरकर दुर्घटना में मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु का जिम्मेदार सरकारी विभाग को बताया है। उन्होंने कहा कि वह कई बार जिलाधिकारी, सिंचाई विभाग को इस पुल को चौड़ा करने की मांग कर चुके है लेकिन किसी ने भी इस और ध्यान नहीं दिया। इसके अलावा इसी मामले को कई बार किसान दिवस में लिखित रूप में भी दिया जा चुका है। उन्होंने शिक्षक मधुर दीक्षित की मृत्यु के जिम्मेदार जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग को ठहराते हुए मृतक मधुर दीक्षित के परिवारजनों को उचित मुआवजा और जल्द इसे चौड़ा करने और तत्काल दीवार कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जल्द समाधान न होने पर आंदोलन भी संगठन करने का कदम उठाएगा और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हादसा बताया। और शासन को इस प्रकरण का संज्ञान लेने की मांग की है।

# सुभारती में रक्षा, शोध और सामाजिक सरोकारों पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित

■ सेना की संगोष्ठी में सुभारती विश्वविद्यालय के छात्रों ने जानी रक्षा रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एक ओर जहां छात्रों ने भारतीय सेना की संगोष्ठी में रक्षा रणनीति की बारीकियों को समझा।



वहीं दूसरी ओर विवि परिसर में अकादमिक उत्कृष्टता और सामा. जिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विशेषज्ञ व्याख्यान और शपथ समारोह आयोजित किए गए। इस कड़ी में सर्वप्रथम भारतीय सेना की कोर 2 डिविजन द्वारा आयोजित पाइन संगोष्ठी में स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के छात्रों ने भाग लिया। पुनरावलोकन प्रतिरोध पाकिस्तान की रणनीतिक चाल और भारत के विकल्प विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी का उद्देश्य छात्रों को देश की रक्षा और सामरिक मामलों से अवगत कराना था। इस महत्वपूर्ण संगोष्ठी में सुभारती विवि के पत्रका. रिता एवं जनसंचार विभाग, लिबरल आर्टस एवं ह्यूमैनिटिज विभाग और सुभारती डिफेंस अकादमी के लगभग 100 छात्रों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर छात्रों ने पाकिस्तान की सामरिक गतिविधियों और उसके जवाब में भारत के पास मौजूद विकल्पों को लेकर विशेषज्ञों से गहन जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विद्यार्थियों को भारत के प्रसिद्ध साम. रिक विशेशज्ञों मेजर गौरव आर्या (से.नि.), लेफ्टी. कर्नल राज शुक्ला, कर्नल पविथन राजन (से.नि.), वरिष्ठ सामरिक पत्रकार एवं संपादक संदीप उन्नीथन, सुशांत शरीन पूरव राजदूत, विवेक काटजू आदि को नजदीक से सुनने और उनसे अपने सवालों के जवाब पाने का मौका मिला। यह संगोष्ठी छात्रों के लिए एक अनूठा अवसर था।

# बहसूमा में हुआ भरत मिलाप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रावण वध के बाद अयोध्या पहुंचे श्री राम लक्ष्मण सीता का स्वागत हुआ। जिसमें भरत मिलाप का मंचन किया गया। भरत मिलाप में श्रद्धालुओं ने श्री राम लक्ष्मण सीता एवं भारत के माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कमेटी प्रधान बिंदर चहल, पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, जयवीर सिंह, संदीप चौधरी, सुशील गोयल, चेयरमैन सचिन सुकड़ी, सुमित चहल, विनोद सैनी, राम बहादुर शर्मा, इन्द्र लांबा, उपप्रधान सभासद वीरेंद्र नागर, कोषाध्यक्ष दिले सिंह प्रजापति, उप कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, प्रबंधक पवन बैरागी, जयबीर चौधरी, सचिव शुभम लांबा, अजयपाल राठी, महामंत्री विधि, उपमंत्री विजयपाल सैनी, और सभासद विशाल शर्मा, मंत्री पवन भूईयार, सचिन कुमार, विशाल शर्मा तथा मीडिया प्रभारी अभिषेक गौड आदि मौजूद रहे।

# सिवाल खास में चलाया गया सदस्यता अभियान

### विधानसभा सदस्य प्रभारी रणबीर दहिया ने कई गांवों में बैठक कर रालोद को मजबूत बनाने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सिवाल खास विधानसभा सदस्य प्रभारी रणबीर दहिया के नेतृत्व में गांव रतौली गांव जिजोखर गांव टिकरी में सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान गांव रतोली में दीपक के आवास पर आयोजित बैठक को अध्यक्षता सुभाष चंद ने की सदस्य प्रभारी रणवीर दहिया ने चौधरी साहब के सिद्धांतों पर चलकर अधिक से अधिक समस्या बनकर पार्टी को मजबूत करने की बात कही। गांव टिकरी में संजय प्रधान के आवास पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं सचिन चौधरी आरुषि सिरोही मोनू ढिंडाला ने भी सभी वर्ग का सम्मान करने वाली और किसान और मजदूर हितेषी पार्टी बताकर अधिक से अधिक सदस्य बन पार्टी को मजबूत करने की अपील की। इस मौके पर भूरा प्रधान, मंगत, हरबीर, राजेंद्र, किशन, सोहनवीर आदि लोग मौजूद रहे। गांव जिजोखर में सुरेंद्र मास्टर के आवास पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जय प्रकाश प्रधान ने की।



# नेशनल किक बॉक्सिंग की पदक विजेता आयुषी सोम का तक्षशिला स्कूल में स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में जूनियर राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में 50 किग्रा. वर्ग में कांस्य पदक विजेता कक्षा 11 की छात्रा आयूषी सोम का स्कूल में भव्य स्वागत किया गया।

आयुषी सोम ने 50 किग्रा. वर्ग में इसी वर्ष राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त किया था, तथा उनका चयन उत्तर प्रदेश की किक बॉक्सिंग टीम में नेशनल खेलने के लिए हुआ था। आयुषी सोम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 किग्रा. वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। आयुषी सोम का स्कूल पहुंचने पर मैनेजमेंट, प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं बच्चों ने भव्य स्वागत किया। आयुषी सोम ने अपने नेशनल में पदक प्राप्त करने के अनुभव को सभी के साथ साझा किया। स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने आयुषी सोम को सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आयुषी सोम के पिता विकास कुमार मेरठ में एक व्यवसायी हैं तथा माता विनीता रानी एक गृहणी हैं।




# अयोध्या लौटे श्रीराम का हुआ राजतिलक, संभाला राजपाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बे में आयोजित रामलीला में रावण वध के बाद आज श्रीराम का राजतिलक और विभीषण को लंका की गद्दी सौंपने के साथ ही रामलीला के मंचन का समापन हुआ। रामल. ीला में शुक्रवार को श्री राम चन्द्र जी का वन से वापस लौटने, भरत मिलाप व श्री राम को राज. तिलक कर राजगद्दी सौंपने की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने बड़े ही वास्तविक ढंग से लीलाओं का अभिनय का लोगों को सजीवता के दर्शन कराएं। मुख्य अतिथि प्रमेंद्र कुमार बंसल व पुलकित बंसल ने भगवान श्रीरामचंद्र का राजतिलक किया गया। तत्पश्चात कमेटी पदाधिकारियों ने अतिथियों को सम्मानित किया।

मंचन में कलाकारों ने दिखाया कि रावण का युद्ध कर अयोध्या लौटने पर श्रीराम व सीता जी, लक्ष्मण और सभी वानर सेना का स्वागत हुआ। चारों ओर खुशियों के रूप में घी के दिए जलाए गए और पुष्प वर्षा की। कलाकारों ने मंचन को आगे बढ़ाते हुए राजगद्दी व राजतिलक की लीला का अभिनय किया। मंचन में श्रीराम का राजतिलक वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया गया। इसके साथ ही श्रीराम के जोरदार जयकारे भी लगाए गए। श्रीराम का राज तिलक श्रीरामलीला कमेटी के प्रधान अनिल गर्ग, रविन्द्र बंसल, गोल्डी, गिरीश बंसल, संदीप वशिष्ठ, मुकेश गर्ग, विशाल गर्ग, भोले सोनी, सोनी गर्ग, पवन रस्तोगी, मनोज समानिया, संदीप गर्ग, मूलचंद बंसल, रमन जायसवाल, अरुण रस्तौगी आदि द्वारा किया गया।



## ● भारत तीसरे दिन ही अहमदाबाद टेस्ट जीत जाएगा!

# राहुल, जुरेल और जडेजा की सेंचुरी

**● पहली पारी में वेस्टइंडीज पर 286 रनों की बढ़त ली**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच पर पकड़ मजबूत कर ली है। मुकाबले के पहले दिन वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर समेटने के बाद भारत ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 5 विकेट पर 448 रन बना लिए हैं। आलराउंडर रवींद्र जडेजा 104 और वाशिंगटन सुंदर 9 रन पर नाबाद लौटे। जडेजा से पहले ध्रुव जुरेल (125 रन) और केएल राहुल (100 रन) ने भी सेंचुरी लगाई। पहली पारी के आधार पर भारत की बढ़त 286 रन की हो गई है। अब इस बात की संभावना काफी बढ़ गई है कि यह मुक. ाबला तीसरे दिन ही समाप्त हो जाए। वेस्टइंडीज अगर दूसरी पारी में संघर्ष करता है, तब भी मैच का चौथे दिन से आगे जा पाना काफी मुश्किल है। भारतीय टीम ने दूसरे दिन 121/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान शुभमन गिल ने पहले दिन के अपने स्कोर में 32 रन और जोड़े। वे पूरे 50 रन बनाकर रोस्टन चेज की गेंद पर जस्टिन ग्रीव्स को कैच थमा बैठे। गिल ने 48 गेंदों का सामना किया और 4 चौके जमाए। गिल और केएल राहुल ने तीसरे विकेट की साझेदारी में 98 रन जोड़े। केएल राहुल ने करियर की 11वीं सेंचुरी जमाई भारतीय ओपनर केएल राहुल ने करियर की 11वीं सेंचुरी जमाई। वे पूरे 100 रन बनाकर आउट हुए।उन्होंने 197 गेंदों का सामना किया और 12 चौके जमाए। उनका विकेट लेफ्ट आर्म स्पिनर जोमेल वारिकैन को मिला। यह राहुल की वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में दूसरी सेंचुरी है। उन्होंने सबसे ज्यादा पांच सेंचुरी इंग्लैंड के खिलाफ जमाई है। साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ उनके नाम दो-दो सेंचुरी है। आस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने एक-एक शतक लगाया है। जुरेल और जडेजा के बीच 206 रन की पार्टनरशिप जिस समय राहुल आउट हुए थे भारत का स्कोर 218 रन था। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और आलराउंडर रवींद्र जडेजा ने पांचवें विकेट के लिए 206 रन की पार्टनरशिप कर भारत को बेहद मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जुरेल ने 190 गेंदों पर 12 चौके और 2 छक्के की मदद से शतक पूरा किया। यह जुरेल के टेस्ट करियर का पहला शतक है। इससे पहले उनका बेस्ट स्कोर 90 रन था। वहीं, जडेजा ने 168 गेंदों पर 6 चौके और 5 छक्के जमाते हुए सेंचुरी बनाई। वे अपनी अब तक 176 गेंद खेलकर 104 रन बना लिए हैं। तीसरे दिन कैसे खत्म हो सकता है मुकाबला भारतीय टीम की बढ़त आलरेडी 286 रन की हो गई है। चौथे दिन टीम इंडिया 400 के आस-पास की लीड लेकर पारी घोषित कर सकती है। वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 44 ओवर ही टिक पाई थी। दूसरी पारी में भी ऐसा होता है तो यह मैच तीसरे दिन ही अपने अंजाम पर पहुंच सकता है। 126वें ओवर की तीसरी बाल पर रवींद्र जडेजा ने शतक पूरा कर लिया है। उन्होंने जोमेल वारिकन की तीसरी बाल पर एक रन लेकर शतक पूरा किया। उसके बाद अपने ट्रेडमार्क स्टाइल में सेलिब्रेट किया। जडेजा ने बल्ले को तलवार की तरह हवा में लहराया। 123वें ओवर में भारत ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर ध्रुव जुरेल 125 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें खारी पियर को शाई होप के हाथों कैच कराया। पियर ने 206 रन की पार्टनरशिप ब्रेक की। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में अपनी पहली पारी में 400 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। जुरेल ने 120वां ओवर डाल रहे जोमेल वारिकन की दूसरी गेंद पर चौका लगाया। इसी चौके ने टीम का स्कोर 400 पार पहुंचा दिया। 116वें ओवर में ध्रुव जुरेल ने पहली टेस्ट सेंचुरी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की आखिरी बाल पर चौका लगाया और शतक पूरा किया।



केएल राहुल

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### भारत 'ए' महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर पांच मैच खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान की अगुवाई में भारत ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर 13 से 21 अक्टूबर तक लियाओलनग के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। ये सभी मैच डालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में खेले जाएंगे और यह भारतीय महिला हॉकी प्रतिभाओं की अगली पीढ़ी के लिए बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय महिला हॉकी का यह कार्यक्रम उभरते हुए एथलीटों को अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में अपनी क्षमता का परीक्षण करने और रैंक में आगे बढ़ने से पहले नई चुनौतियों के अनुकूल होने का एक मंच प्रदान करता है। भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच डेव स्मोलेनर्स ने इस अवसर के बारे में कहा कि हमने अपार संभावनाओं वाली एक मजबूत, युवा टीम तैयार की है।

#### यश की अगुवाई में गेंदबाजों ने दिलाई विदर्भ को बड़ी बढ़त

**नागपुर, वार्ता।** ठाकुर (चार विकेट), पार्थ रेखड़े और हर्ष दुबे (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर विदर्भ ने शुक्रवार को ईरानी ट्रॉफी के तीसरे दिन शेष भारत को 214 के स्कोर पर ढ़ेर करने के बाद दूसरी पारी में स्टंप के समय दो विकेट पर 96 रन बना लिए है और उसकी बढ़त 224 रनों की हो गई है। शेष भारत ने कल के पांच विकेट पर 142 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शेष भारत का पहला विकेट मानव सुथार (एक) के रूप में गिरा। उन्हें आदित्य ठाकरे ने आउट किया। इसके बाद सारांश जैन (10), आकाश दीप (14) रन को यश ठाकुर ने आउट किया। शेष भारत का नौवां विकेट रजत पाटीदार के रूप में गिरा।

## शतकवीरों के अलग-अलग सेलिब्रेशन

**अहमदाबाद, वार्ता।** वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में शुक्रवार को तीन भारतीय बल्लेबाजों केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने शतक लगाए। तीनों बैटर्स ने अपने शतक को अलग अंदाज में सेलिब्रेट किया। राहुल ने सीटी बजाई, जडेजा ने बैट को तलवार की तरह घुमाया तो वहीं ध्रुव जुरेल ने आर्मी में रहे अपने पिता को आर्मी स्टाइल में सैल्यूट किया। बतौर कप्तान शुभमन गिल भारत में पहला मैच खेल रहे हैं। गिल ने भारत की पहली पारी में 50 रन बनाए। यह कप्तान के रूप में गिल की देश में पहली फिफ्टी है। उन्होंने 56वें ओवर में खारी पियर की आखिरी बाल पर एक रन लेकर फिफ्टी पूरी की। यह वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में भी उनकी पहली हाफ सेंचुरी रही। केएल राहुल ने भारतीय पारी के 65वें ओवर में अपना शतक पूरा किया। ये उनके टेस्ट करियर का 11वां और भारत में दूसरा शतक है। उन्होंने 2016 के बाद से घर पर एक भी सेंचुरी नहीं लगाई थी।

**● केएल राहुल ने सीटी बजाई रवींद्र जडेजा ने बैट को तलवार की तरह लहराया, ध्रुव जुरेल ने आर्मी सैल्यूट किया**

राहुल ने शतक पूरा करने के बाद पहले हेलमेट पर लगे तिरंगे को चूमा और फिर सीटी बजाई। सोशल मीडिया पर फैंस का कहना है कि केएल राहुल ने ये जश्न अपनी बेटी को समर्पित किया है।

राहुल के बेटी इवारा इसी साल 24 मार्च को पैदा हुई थी। ध्रुव जुरेल ने 71वें ओवर में भारतीय पारी का पहला छक्का लगाया। रोस्टन चेज की बैक आफ लेंथ बाल पर ध्रुव जुरेल बैकफुट पर गए और मिडविकेट के ऊपर शानदार छक्का लगाया रवींद्र जडेजा ने जोमेल वारिकन की बाल पर सिंगल लेने के साथ 168 बाल पर अपनी सेंचुरी पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपने बैट को तलवार की तरह लहराया और सोर्ड सेलिब्रेशन किया।



रवींद्र जडेजा

जडेजा अक्सर फिफ्टी या सेंचुरी पूरी करने पर इसी तरह सोर्ड सेलिब्रेशन करते हैं। भारतीय पारी के 116वें ओवर में ध्रुव जुरेल ने पहली टेस्ट सेंचुरी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की आखिरी बाल पर चौका लगाया और शतक पूरा किया। सेंचुरी लगाने के बाद जुरेल ने आर्मी स्टाइल में पिता को सेंचुरी डिडकेट की। ध्रुव ने अपने बल्ले को आर्मी जवान की राइफल बना दिया और फिर सैल्यूट भी किया।

ध्रुव जुरेल के पिता नेम चंद भारतीय सेना से रिटायर हवलदार हैं। जुरेल 125 रन बनाकर आउट हुए।



ध्रुव जुरेल

## चानू ने वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग में जीता रजत




**नॉर्वे, वार्ता।** भारतीय महिला भारोत्तलक मीराबाई चानू ने गुरुवार को आयोजित वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता।

यहां वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चानू ने कुल 199 किग्रा (84 किग्रा स्नैच प्लस 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर ओवऑल रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। चानू ने स्नैच में 84 किग्रा उठाकर मजबूत शुरुआत की। हालांकि, वह 87 किग्रा के दोनों प्रयासों में असफल रहीं।

इसके बावजूद 84 किग्रा का प्रयास उन्हें स्नैच में कांस्य पदक दिलाने के लिए पर्याप्त रहा। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 109 किग्रा से शुरुआत की, फिर 112 किग्रा उठाया और अंत में 115 किग्रा सफलतापूर्वक पूरा किया। इस प्रयास ने उन्हें क्लीन एंड

**● मीराबाई चानू ने 109 किग्रा से शुरूआत की, फिर 112 किग्रा उठाया और अंत में 115 किग्रा सफलतापूर्वक पूरा किया**

जर्क और कुल मिलाकर रजत पदक दिलाया। उन्होंने 2022 के बाद यह पदक जीता हैं। पेरिस 2024 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद यह उनकी दूसरी बड़ी प्रतियोगिता थी।

मौजूदा विश्व चैंपियन दक्षिण कोरिया की री सॉन्ग-गुम ने 213 किग्रा (91 किग्रा प्लस 122 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। क्लीन एंड जर्क में 122 किग्रा नया विश्व रिकॉर्ड है। थाईलैंड की थान्याथॉन सुकच. ारोएन ने 198 किग्रा (88 किग्रा प्लस 110 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। चानू का वर्ल्ड चैंपियनशिप इतिहास शानदार रहा है। उन्होंने 2017 में एनाहाइम में 48 किग्रा वर्ग में 194 किग्रा (85 किग्रा स्नैच प्लस 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर स्वर्ण जीता था। वह कर्णम मल्लेश्वरी के 1994 और 1995 में लगातार दो खिताबों के बाद भारत की पहली विश्व चैंपियन बनीं।

2022 की बोगोटा चैंपियनशिप में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में 200 किग्रा (87 किग्रा स्नैच प्लस 113 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर रजत पदक हासिल किया था। 2023 में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में वजन मापा लेकिन चोट से बचाव के लिए प्रतियोगिता में लिफ्ट नहीं किया। यह भारत का वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 18वां पदक है। अब तक भारत के खाते में कुल तीन स्वर्ण, 10 रजत और पांच कांस्य पदक आए हैं, जो सभी महिला खिलाड़ियों के नाम हैं। पिछले महीने, मीराबाई चानू ने अहमदाबाद में आयोजित कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार वापसी की थी।

## एरेल मिडलटन ने 10 बार की चैंपियन अनुभव चीनी स्टार को हराया

**दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी और एरेल ने बिना समय गंवाए चुनौती पेश की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अमे. रिका की किशोरी एरेल मिडलटन ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की शॉटपुट एफ64 स्पर्धा में अनुभवी चीनी स्टार याओ जुआन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। यहां दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी और एरेल मिडलटन ने बिना समय गंवाए चुनौती पेश की।

12.38 मीटर के प्रयास से उन्होंने शुरुआती राउंड के बाद पोल पोजिशन बरकरार रखी। चीनी दिग्गज ने सर्कल में अपनी दूसरी बार 12.42 मीटर थ्रो के साथ जवाब दिया और 12.82 मीटर के प्रयास के साथ बढ़त बढ़ा दी। 17 वर्षीय लंबी कद-काठी वाली एरेल मिडलटन हार मानने को तैयार नहीं थीं और उन्होंने अपनी चौथी बार 12-.95 मीटर थ्रो करके स्वयं को पूरी तरह से तैयार कर लिया। उन्होंने 12.93 मीटर से अधिक की एक और बड़ी थ्रो फेंकी जिससे पता चला कि उनका पिछला प्रयास कोई क्षणिक सफलता नहीं थी। लगभग 25 साल पहले प्रतिस्पर्धा शुरू करने वाली और छह पैरालंपिक खेलों के स्वर्ण और 10 विश्व चैंपियनशिप खिताबों के साथ दबाव से निपटने में माहिर 44 वर्षीय याओ हुआन ने अपने अंतिम प्रयास में अपना सब कुछ झोंक देने से पहले दो प्रयास फाउल किए। इसका परिणाम सुबह का उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो, 12.52 मीटर, रहा, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी को स्वर्ण पदक मिला। एरेल मिडलटन की जीत ने अमे. रिका को अधिक रजत पदकों के साथ तालिका में भारत से आगे निकलने में मदद की। वह चार स्वर्ण, छह रजत और छह कांस्य पदकों के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि भारत के चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक हैं और वह आठवें स्थान पर खिसक गया है। भारत की पांचवें स्वर्ण पदक की उम्मीदें सिमरन पर टिकी हैं, जिन्होंने सेमीफ़ाइनल में 12:08 सेकंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ महिलाओं की 100 मीटर टी12 फाइनल में आसानी से प्रवेश किया। उमर सैफी को अपना मार्गदर्शक बनाकर दौड़ते हुए, उन्होंने अपनी ऊर्जा को सही दिशा में निर्देशित किया और स्पेन की नागोर फोल्गाडो गार्सिया की कड़ी चुनौती को हराकर शुक्रवार शाम के फाइनल में जगह बनाई।

## फीफा विश्व कप-2026 की आधिकारिक मैच बॉल का अनावरण



**मास्को, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने विश्वकप 2026 के लिए 'अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून' दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया।

इस अवसर फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल आ गई है

**● फीफा ने अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया**

और यह बेहद खूबसूरत है। मुझे ट्रायोंडा को प्रस्तुत करते हुए खुशी और गर्व हो रहा है। एडिडास ने एक और प्रतिष्ठित फीफा विश्व कप बॉल बनाई है, जिसका डिजाइन अगले साल के मेजबान देशों कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका की एकता और जुनून को दर्शाता है। इन्फेंटिनो ने कहा कि आगामी टूर्नामेंट 'अब तक का सबसे शानदार फीफा विश्व कप' होगा। इस बॉल के डिजाइन में लाल, हरे और नीले रंग का इस्तेमाल किया गया है, जो तीनों मेजबान देशों को सम्मान देता है। इस पर प्रत्येक मेजबान देश के प्रतीक चिन्ह अंकित हैं। कनाडा के लिए मेपल का पत्ता, मेक्सिको के लिए चील और अमेरिका के लिए तारा। ट्रायोंडा नाम का स्पेनिश में अर्थ 'तीन लहरें' है, जो मेजबानों की तिकड़ी का प्रतीक है। गेंद में एक अत्याधुनिक मोशन सेंसर चिप लगी है, जो गेंद की गति की जानकारी देती है। यह तकनीक वीडियो असिस्टेंट रेफरी सिस्टम को वास्तविक समय में डेटा भेजती है।

### फाइनल में रेलवे और इंडियन ऑयल के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**नई दिल्ली, वार्ता।** सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में लवे खेल संवर्धन बोर्ड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच खिताबी भिड़ंत होगी।

शिवाजी स्टेडियम में पांचवीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर- विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के पहले सेमीफाइनल मैच में, रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड ने भारतीय खेल प्राधिकरण को 3-1 से हराया। रेवले के लिए लालरेम्सियामी ने (सातवें), नवनीत ने (39वें) मिनट और वंदना कटारिया ने (50वें) मिनट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक-एक गोल दागकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। वहीं, साई के लिए गरलांका ने (53वें) मिनट में सांत्वना गोल दागा।

## इंग्लैंड ने द. अफ्रीका को 69 रन पर ढ़ेर किया



**गुवाहाटी, वार्ता।** लिंसी स्मिथ (तीन विकेट) तथा सोफी एकल्सटन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की टीम ने शुक्रवार को महिला विश्वकप के चौथे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 69 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जूझती नजर आयी। दक्षिण अफ्रीका ने नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाए और वह अच्छा स्कोर भी नहीं

**● इंग्लैंड के लिए लिंसी स्मिथ ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिए, सोफी नेट और डीन ने दो-दो विकेट लिए**

कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए सिनालो जाफ्टा ने 36 गेंदों में तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 22 रन बनाये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इंग्लैंड ने सधी हुई गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम को 20.4 ओवर में 69 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया।

इंग्लैंड के लिए लिंसी स्मिथ ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट विकेट लिए। तथा सोफी एकल्सटन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन को दो-दो विकेट मिले। लॉरैन बेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। यह महिला विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका दूसरा सबसे कम स्कोर है। महिला विश्व कप में उनका पिछला दूसरा सबसे कम स्कोर भी इंग्लैंड के खिलाफ था जोकि उन्होंने कटक में 2013 में बनाया था। महिला क्रिकेट विश्व कप में सबसे कम ओवरों में आउट होने वाली एकमात्र टीम पाकिस्तान थी, जिसने 1997 में हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13.4 ओवरों में केवल 27 रन बनाए थे।

# सेना प्रमुख की दोटूक

राजस्थान के श्री गंगानगर जिले के अनूपगढ़ में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आतंकवाद को लेकर पाक को कड़ा संदेश दिया। सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अब भारत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं और सबसे बड़ी बात जो उन्होंने कही वह यह है कि सैनिक अपने आपको पूरी तरह तैयार रखें भगवान ने चाहा तो मौका जल्द आएगा। जाहिर है उनके कहने का आशय यही था कि ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत ने संयम बरता और केवल चुनिंदा टारगेट को ही अपना निशाने पर लिया। अब की बार ऐसा नहीं होगा। पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। वहीं वायु सेना प्रमुख मार्शल एपी सिंह ने भी शुक्रवार को पाक की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे को सिर्फ कहानियां जैसा बताया। उनके अनुसार सच्चाई यह है कि भारत ने ही पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट तबाह किए, जिसमें एफ 16 और जे 17 भी शामिल हैं। वायु सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि भारतीय सेना ने पाक में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। यह दूसरी बार है जब उन्होंने इस तरह का दावा किया। अब से पहले वह नौ अगस्त को यह दावा कर चुके हैं, जब उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक के पांच विमान गिराए गए थे। उन्होंने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा कि जिस तरह के दावे करते रहे हैं, उनको लेकर अगर उनके पास एक भी सबूत है तो वह सार्वजनिक रूप से दिखाएं। जबकि हमने उन्हें उनकी जगहों की सारी तस्वीरें दिखाई हैं। एमपी सिंह के अनुसार यह एक उच्च तकनीक वाला युद्ध था, जिसमें हमने 80 से 90 घंटों के अंदर इतना नुकसान किया कि पाकिस्तान घुटनों पर आ गया और उन्हें पता चल गया कि अगर वह इस युद्ध को जारी रखते हैं तो इसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसलिए उन्होंने भारतीय डीजीएमओ को संदेश भेजा कि वह बात करना चाहते हैं, जिसे हमने स्वीकार कर लिया। इस युद्ध की सफलता का श्रेय उन्होंने राजनीतिक इच्छाशक्ति को दिया। उनका कहना था कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का प्रमुख कारण राजनीतिक इच्छाशक्ति का होना था। हमें स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। सेना को खुली छूट थी कि जैसे चाहें आगे बढ़ें। तीनों सेनाओं के बीच कॉर्डिनेशन भी बेहद कारगर साबित हुआ। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सीडीएस के पद ने वास्तव में अंतर पैदा किया। मतलब साफ है कि अब हमारी सेना आधुनिक युद्ध लड़ने में पूरी तरह तैयार है और निरंतर बेहतर होने का प्रयास कर रही है। सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी का अपने सैनिकों से यह कहना कि उन्हें हर समय तैयार रहना चाहिए और मौका जल्द मिलेगा, यह इस तरफ इशारा करता है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाक के खेबर पख्तूनवा में आतंकियों के नए अड्डे बनने की बात बराबर सामने आ रही है। इस बात को द्विवेदी ने भी स्वीकार किया है। मतलब साफ है कि पाक आतंकवाद को छोड़ने के लिए तैयार नहीं दिखाई दे रहा।

## आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करे पाक



यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा, भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दो. हराएगा नहीं, सेनिक अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा, भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे, सीमा के पास रहने वाले लोगों को भारत आम नागरिकों के बजाय सैनिकों के रूप में देखता है, वे हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर युद्ध में खड़े हैं, यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि आने वाला संघर्ष सिर्फ सेना का नहीं, बल्कि पूरे देश का है, 1965 और 1971 के युद्धों के समय भी आम नागरिकों ने सैनिकों का साथ दिया था।


**जनरल उपेंद्र द्विवेदी, सेना प्रमुख**

# उसूल और इरादे के पक्के थे स्व. हर्षवर्धन

## पुण्यतिथि पर विशेष



**यशोदा श्रीवास्तव**



**हर्षवर्धन का सुझाव था कि यदि जिले का नाम बदलना ही है तो शिब्बन लाल सक्सेना के नाम से किया जाए। वे नहीं मानीं तो उन्होंने बसपा छोड़ दी। हर्षवर्धन कांग्रेस में आने से पहले भी कांग्रेस के हिमायती रहे। कहा करते थे की यह वसूलों वाली पार्टी है। कांग्रेस में आकर जिले में कांग्रेस को ऊंचाई तक पहुंचाया। आज उनकी बेटी सुप्रिया नेत कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। बताने की जरूरत नहीं कि सांसदों को क्षेत्र भ्रमण के लिए मिली सरकारी गाणी का खूब दुरुपयोग हो रहा है।उन गाणियों से सांसद के लग्गू भग्गू घूमते हैं और जहां चाहते हैं वहां ले जाते हैं।**

पूर्वांचल के कद्दावर नेता पूर्व सांसद स्व. हर्षवर्धन भ्रष्टाचार और सरकारी जुल्म के खिलाफ बुलंद आवाज थे। महराजगंज जिले का जोगिया बारी गांव भ्रष्टाचार, सरकारी जुल्म और पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष की रणनीति का केंद्र था। मुलायम सिंह के बाद यदि कोई दूसरा नेता जी नामधारी था तो वह हर्षवर्धन थे। लखनऊ और पूर्वांचल में वे इसी नाम से मशहूर थे। 1977 से लेकर 2016 के कुछ महीनों तक यह नाम भ्रष्टाचार, पुलिस या प्रशासनिक जुल्म को बढ़ावा देने वालों के लिए भय का पर्याय था।

लखनऊ छात्र राजनीति से निकलकर 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर फरेंदा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने आए हर्षवर्धन यहीं के होकर रह गए। 1975 के आपातकाल के बाद 1977 का यह आम चुनाव जनता पार्टी के नाम रहा।लखनऊ से दिल्ली तक इंदरा गांधी की सरकार बदल चुकी थी। हर्षवर्धन परिवर्तन के इस लहर में भी चुनाव हार गए थे। उनके हारने का सिलसिला 1985 तक जारी रहा, लेकिन न तो वे हताश हुए और न ही भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग की उनकी धार कमजोर हुई। देखा जाए तो स्व. हर्षवर्धन के राजनीतिक सफर में जीत कम हार ज्यादे रही। वे 1985 में विधायक, 1989 में एमपी और कई चुनाव हारने के बाद 2009 में फिर एमपी चुने गए। विधायक जनता पार्टी से हुए, 1989 में एमपी जनतादल से हुए और 2009 में दूसरी बार कांग्रेस के टिकट पर संसद पंहुचे हर्षवर्धन की खासियत यह रही कि वे जिस दल में रहे, आला कमान के सर्वाधिक प्रिय रहे। जनता पार्टी में चंद्रशेखर के करीब, जनता दल में वीपी सिंह के, बसपा में मायावती के भी करीब रहे और जब कांग्रेस में आए तो सोनिया और राहुल के भी बेहद करीब हो गए। कह सकते हैं कि स्व. हर्षवर्धन का दल बदलने का भी रिकॉर्ड रहा, लेकिन वे कभी कुर्सी और सत्ता के लिए दल नहीं बदले। वे वसूलों के पक्के थे, स्वाभिमानी और जमीर वाले नेता थे। उन्होंने जार्ज फर्नांडिस के करीबी होने का भी फायदा हासिल करने का मौका ठुकरा दिया था तब जब वे एनडीए का हिस्सा बने थे। हर्षवर्धन एनडीए को सांप्रदायिक दलों का गठबंधन मानते थे। चंद्रशेखर जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने मंत्री पद ठुकरा कर वीपी सिंह के साथ जाना कबूल किया। सिद्धांत ऐसा था कि राजनितिक फायदे के लिए सांप्रदायिक शक्तियों से कभी समझौता नहीं किया।

चार अक्टूबर को स्व।हर्षवर्धन की पुण्यतिथि पर उनके गांव जोगियाबारी में आयोजित कार्यक्रम उनकी स्मृति में एक पर्व जैसा होता है जहां यूपी और पूर्वांचल भर से उनके चाहने वालों का जमावड़ा होता है। यहां सभी नम आंखों से उन्हें याद करते हैं। यह आयोजन उनकी राजनीतिक उत्तराधिकारी और कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया नेत और चाचा आनंदवर्धन करते हैं। इस अवसर पर पूर्वांचल के कई जिलों से उनके चाहने वाले उपस्थिति होकर उन्हें नम: आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। हर्षवर्धन किसी एक क्षेत्र से सांसद या विधायक भले रहे हों, जुल्म और ज्यादती के खिलाफ वे कहीं भी उठ खड़े होते थे। सिद्धार्थनगर जिले के बहुचर्चित करहना कांड के खिलाफ दिल्ली तक की उनकी लड़ाई देश भर में चर्चा के केंद्र में रही। दरअसल वे पूर्वांचल के जिलों में संघर्ष शील राजनीति के प्रेरणा पुरुष थे। हर्षवर्धन कभी लाभ के लिए दल नहीं बदले। सच यह है कि वे जिस दल में गए, वह दल ही शक्तिशाली हुआ। दल छोड़ा तो अपने लिए नहीं, जनसरोकार के लिए। उन्होंने बसपा को भी तब छोड़ा जब मायावती ने महराजगंज जिले का नाम बदलना चाहा। हर्षवर्धन का सुझाव था कि यदि जिले का नाम बदलना ही है तो शिब्बन लाल सक्सेना के नाम से किया जाए। वे नहीं मानीं तो उन्होंने बसपा छोड़ दी। हर्षवर्धन कांग्रेस में आने से पहले भी कांग्रेस के हिमायती रहे। कहा करते थे की यह वसूलों वाली पार्टी है। कांग्रेस में आकर जिले में कांग्रेस को ऊंचाई तक पहुंचाया। आज उनकी बेटी सुप्रिया नेत कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। बताने की जरूरत नहीं कि सांसदों को क्षेत्र भ्रमण के लिए मिली सरकारी गाणी का खूब दुरुपयोग हो रहा है। उन गाणियों से सांसद के लग्गू भग्गू घूमते हैं और जहां चाहते हैं वहां ले जाते हैं। जबकि हर्षवर्धन उस सरकारी गाणी का इस्तेमाल केवल क्षेत्र में भ्रमण के लिए करते थे। एक बार का वाकया यूं है कि हर्षवर्धन को बनारस किसी जरूरी काम से जाना था। संयोग से कोई गाणी नहीं थी। एक साथी ने उसी सरकारी गाणी से बनारस चलने का सुझाव दिया। यह सुनकर वे आग बबूला हो गए। बोले जिस गलत काम के लिए वे लड़ते हैं, वहीं करने की सलाह दे रहे हो। उसे इस हिदायत के साथ अपने पास से हटा दिया कि दुबारा दिखना मत। स्व. वीर बहादुर सिंह यूपी के मुख्यमंत्री थे। हर्षवर्धन विधायक थे। किसी बात को लेकर उनकी मुख्यमंत्री से ठन गई। काफी मान-मनौव्वल हुआ। हर्षवर्धन तभी माने जब मुख्यमंत्री ने उनकी यह मानी कि जितने सरकारी ट्यूबवैल मुख्यमंत्री के क्षेत्र पनियरा में लगेंगे उतने ही हर्षवर्धन के विधानसभा क्षेत्र फरेंदा में लगेंगे। फरेंदा विधानसभा क्षेत्र में उस वक्त सर्वाधिक 57 ट्यूबवैल लगे थे जो क्षेत्र के प्रति उनके समर्पण भाव की याद दिलाते रहते हैं। हर्षवर्धन समाजवादी विचारधारा के थे। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि स्वतंत्रता संग्राम की थी। हर्षवर्धन के पिता स्व. योगेन्द्र पाल सिंह स्वतंत्रता सेनानी थे। वे जीवन पर्यन्त गरीबों मजदूरों के लिए लड़ते रहे। स्वतंत्रता आंदोलन के समय अंग्रेजों के तमाम प्रलोभनों को लात मारकर अंग्रेजों के खिलाफ किसी भी आंदोलन में जान को जोखिम में डालकर अग्रणी भूमिका में रहे। गरीबों और मजदूरों के प्रति दया भाव ऐसी थी कि वे खेतों में खुद ही हल संभाल लेते ताकि मजदूर कुछ पल विश्राम कर सके। स्व. हर्षवर्धन जीवन पर्यन्त अपने पिता के कदमों पर ही चलते रहे। ईश्वर ने उन्हें असीम पीड़ाएं भी दी। पत्नी विष्णु सिंह का असमय ही कैंसर से निधन हो गया। इसके कुछ साल बाद ही इकलौता बेटा भी काल के गाल में समा गया। उत्तराधिकारी के रूप में उनकी इकलौती बेटी सुप्रिया नेता ही हैं। इतनी असीम पीड़ाओं को सीने में दफन किए हर्षवर्धन को स्वास्थ्य संकट से गुजरना पड़ा। 2014 का चुनाव वे हार गए और गंभीर बीमारी के चलते ही चार अक्टूबर 2016 में उनका निधन हो गया। हर्षवर्धन के निधन के बाद कांग्रेस ने उनकी बेटी सुप्रिया नेत में कांग्रेस का भविष्य तलाश ली। सुप्रिया एक मशहूर टीवी चैनल में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की पत्रकार थीं। वे पत्रकारिता छोड़ कर अपने पिता की विरासत संभालने महराजगंज आ गईं और अपने स्व. पिता हर्षवर्धन की राजनीतिक विरासत को निरंतर आगे बढ़ा रहीं हैं। पिता की तरह वे भी गांधी परिवार के सर्वाधिक निकट हैं। उनमें भी पिता की तरह खुद्दारी कूट कूट कर भरा है। जूझारू पन और संघर्ष शीलता वैसी ही है जैसे हर्षवर्धन की थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धोखाधड़ी के दौर में नागालैंड का गांव है मिसाल

**भारत देश में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन इन दुकानों पर कोई दुकानदार नहीं है और न ही दुकानों पर ताला लगता है। इसके बाद भी लोग ईमानदारी के साथ दुकान से जरूरत का सामान लेकर पैसा रखकर चले जाते हैं। वैसे तो इस जमाने में ऐसा गांव या शहर मिलना काफी मुश्किल है।**

आजकल के समय में चोरी और धोखाधड़ी इतनी ज्यादा बढ़ गई है, जिसके कारण ज्यादातर लोग किसी पर आसानी से भरोसा नहीं कर पाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान या कोई भी चीज सिर्फ ईमानदारी के भरोसे पर चलती है। अगर आपको भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा है, तो यह आर्टिकल आपके लिए खास हो सकता है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर दुकानों में ताले नहीं लगाए जाते हैं और इसके बाद भी यहां पर कभी चोरी नहीं होती है।



**दुकानों पर नहीं लगते हैं ताले**

भारत देश में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन इन दुकानों पर कोई दुकानदार नहीं है और न ही दुकानों पर ताला लगता है। इसके बाद भी लोग ईमानदारी के साथ दुकान से जरूरत का सामान लेकर पैसा रखकर चले जाते हैं। वैसे तो इस जमाने में ऐसा गांव या शहर मिलना काफी मुश्किल है। जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन दुकानदार नहीं हैं और दुकानों पर ताले भी नहीं हैं। भारत के नागालैंड के खोनोमा गांव अपने भरोसे और विश्वास के लिए पूरे भारत में फेमस है।

**नागालैंड का खोनोमा गांव**

नागालैंड के खोनोमा गांव पूरे भारत में ईमानदारी के लिए फेमस है। इस गांव में बिना दुकानदार के सालों से दुकानें लगी हुई हैं। जहां पर आप अपनी जरूरत के हिसाब से सामान खरीद सकते हैं। हालांकि यह फ्री नहीं है आपने जितने का सामान लिया है, उतने पैसे दुकान पर रखकर जा सकते हैं। गांव का कोई भी दूसरा व्यक्ति उन पैसों को नहीं छुएगा और न ही कोई धोखा देकर ज्यादा सामान लेकर जाएगा।


**जानिए भारत का पहला ग्रीन विलेज**

इस गांव के बारे में जानकर हैरान रह गए होंगे। कई रिपोर्ट्स की मानें, तो इस गांव में सालों से ईमानदारी के भरोसे पर रह रहे हैं। नागालैंड के इस अनोखे गांव यानी की खोनोमा गांव को भारत का पहला ग्रीन विलेज भी कहा जाता है। जोकि ईमानदारी के लिए फेमस है। यह गांव अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पूरे भारत में फेमस है।

**नहीं हुई चोरी और न कोई गुनाह**

बता दें कि इस गांव की ईमानदारी पूरे भारत में जानी जाती है। यहां पर इतने सालों से दुकानों में ताला नहीं लगता है। लेकिन इसके बाद भी यहां पर न तो आज तक चोरी हुई और न कोई गुनाह हुआ है। इस गांव के लोगों में आज भी इतनी ईमानदारी है कि लोग जितने का सामान खरीदते हैं, उतने पैसे दुकान में जमा कर देते हैं।

# पशुओं के साथ सुसंस्कृत बने जीवन की सभ्यता



**योगेश कुमार गोयल**

पशुओं के कल्याण मानकों में सुधार को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 4 अक्तूबर को विश्व पशु कल्याण दिवस मनाया जाता है। विश्व पशु दिवस पहली बार बर्लिन में 24 मार्च 1925 को पशु कल्याण के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया गया था। पशुओं की लुप्तप्राय प्रजातियों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए इटली के फ्लोरेंस में 1931 में आयोजित पारिस्थितिकीविदों के एक सम्मेलन में विश्व पशु दिवस की शुरुआत की गई और तब असीसी के सेंट फ्रांसिस के पर्व के कारण यह दिवस मनाने के लिए प्रतिवर्ष 4 अक्तूबर को ही चुना गया। 2003 में पहली विश्व पशु दिवस वेबसाइट यूके स्थित पशु कल्याण चौरिटी 'नेचर वॉच फाउंडेशन' द्वारा लांच की गई थी। इस दिन पशु अधिकारों को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों का समर्थन करके जानवरों के प्रति प्यार, देखभाल, स्नेह और सुरक्षा को प्रोत्साहित करता है। पशुओं के अधिकारों के लिए यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जिसका प्रमुख उद्देश्य पशु कल्याण के लिए बेहतर मानक सुनिश्चित करना है।

पशु प्रेम के बारे में महात्मा गांधी कहते थे कि किसी राष्ट्र की महानता और उसकी नैतिक प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां जानवरों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। पशु मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो न केवल हमारे जीवन को समृद्ध बनाते हैं बल्कि हमें बेहतर इंसान भी बनाते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में सभी जानवर प्रकृति की पारिस्थितिकी को संतुलित रखते हुए हमारे पर्यावरण की रक्षा करने और मानव स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में भी समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनुष्य और पशु न केवल एक-दूसरे पर निर्भर हैं बल्कि एक-दूसरे के पूरक भी हैं। सही मायनों में दोनों का अस्तित्व ही खुशहाली का प्रतीक है और यदि जंगल से किसी एक जीव की प्रजाति भी लुप्त होती है तो उसका असर सम्पूर्ण पर्यावरण पर पड़ता है।

विश्व पशु दिवस विश्वभर में कल्याण मानकों के मिशन के साथ जानवरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक ऐसा सामाजिक आन्दोलन है, जो प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 'विश्व पशु कल्याण दिवस' की थीम है 'जानवरों को बचाओ, ग्रह को बचाओ!'। भारत में करीब 70 फीसद आबादी



कृषि तथा कृषि संबंधी व्यवसायों पर निर्भर है। प्राचीन काल से ही पशुपालन और कृषि व्यवसायों का आपस में गहरा संबंध रहा है। गरीबी से त्रस्त परिवारों के लिए तो पशुधन ग्रामीण मुद्राएं हैं, जो खासकर गरीब परिवारों के लिए बीमा विकल्प के रूप में भी कार्य करता है क्योंकि यह उनके लिए ऐसी सम्पत्ति है, जिसे संकट के समय बेचा जा सकता है। यही कारण है पालतू पशुओं को 'पशुधन' कहा जाता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भी पशुधन की बड़ी भागीदारी रही है। मानव और पशुओं के आपसी संबंध मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पशुओं का मानवीय समाज में विभिन्न रूपों में योगदान होता है। पशुओं के साथ रहने से हमें स्वभाविक संवेदनशीलता, प्यार, सहयोग और उन्नति का अनुभव होता है। बहुत से पशु-पक्षी तो ऐसे हैं, जो यदि धरती पर नहीं हों तो पृथ्वी पर मनुष्य का जीना ही मुश्किल हो जाएगा। अनेक मामलों में देखा जाता है कि मानवीय स्वार्थ के लिए कइ जानवरों की निर्मम हत्या कर दी जाती है। दरअसल इन पशुओं के विभिन्न अंग तथा उनके मल-मूत्र इत्यादि दवाईयां बनाने से लेकर खेतीबाड़ी तक में काम आते हैं और इनके कंकाल उर्वरक का काम करते हैं। हाथियों को हाथी दांत और गैंडे को उसके सींगों के लिए बेदर्दी से मौत के घाट उतार दिया जाता है जबकि उनकी प्राकृतिक मौत होने पर ये चीजें वैसे ही मिल जानी होती हैं। हाथी और गैंडे कीचड़ में रहकर दूसरे जानवरों के पीने के लिए किनारे पर पानी का इंतजाम करते हैं और सूखा नहीं पड़ने देते। हाथी जमीन को उपजाऊ बना सकता है जबकि गैंडा कीचड़ में रहकर मिट्टी की अदला-बदली का काम करता है और प्रतिदिन करीब पचास किलो वनस्पति की खुराक होने से जंगल में कूड़ा-कर्कट नहीं होने देता। उसके शरीर पर फसल के लिए हानिकारक कीड़े जमा हो जाते हैं, जो पक्षियों का भोजन बनते हैं। इस प्रकार गैंडे प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हैं। वैसे तो सभी पशु-पक्षी मनुष्य के सहायक होते हैं लेकिन उनके व्यवहार को समझे बगैर यदि उनके रहने की जगहों को उजाड़ने के प्रयास किए जाते हैं तो वे हिंसक होकर विनाश कर सकते हैं। तुर्की के विख्यात नाटककार, उपन्यासकार और विचारक मेहमत मूरत इल्डन का कहना था कि दुनिया में वन्यजीवों की रक्षा केवल दयालु दिलों के प्यार से ही की जा सकती है। वाइल्ड हार्ट वाइल्ड लाइफ फाउंडेशन के संस्थापक पॉल ऑक्सटन कहते थे कि जब तक आपके भीतर प्रकृति के बीच रह रहे जंगली जीवों के प्रति ढ़ेर सारा प्यार, दया और लगाव नहीं रहेगा, तब तक आप सच्चा सुख हासिल नहीं कर पाएंगे। मानव जाति को यह समझना होगा कि पशुओं का जीवन किसी भी तरह से हमारे जीवन से कम कीमती नहीं है। 'जैव विविधता के जनक' के नाम से विख्यात आधुनिक काल के डार्विन कहे जाने वाले हार्वर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व जीवविज्ञानी और पुलित्जर पुरस्कार विजेता ईओ विल्सन के अनुसार पृथ्वी पर प्रत्येक प्रजाति अत्यधिक देखभाल एवं प्रतिभा के साथ बनाई गई रचना और एक उत्कृष्ट कृति है। वन्यजीव फोटोग्राफर, प्रकृतिवादी और 'जॉय ऑफ बीयर्स' सहित कुछ पुस्तकों की लेखिका सिल्विया डोल्सन कहती हैं कि हमारी ही तरह जानवर भी प्यार, खुशी, डर और दर्द महसूस करते हैं लेकिन वे बोले गए शब्द को समझ नहीं पाते।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगान सीमा पर तालिबान और पाक सैनिकों में फायरिंग

**इस्लामाबाद।** अफगान और पाकिस्तान की सीमा पर एक बार फिर तालिबान लड़ाकों और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच फायरिंग हुई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब 7 बजे अफगानिस्तान के कुनार प्रांत के नरई जिले में डोकलाम इलाके में दोनों तरफ से फायरिंग हुई। यह गोलीबारी कई घंटों तक रुक-रुक कर जारी रही। दरअसल, पाकिस्तानी सैनिक बार्डर पर बाड़ लगा रहे थे। तालिबान ने इसका विरोध किया और देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया।

### लॉस एंजिल्स के शेवरॉन रिफाइनरी में लगी भीषण आग

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स काउंटी के एल सेगुंडो स्थित शेवरॉन रिफाइनरी में गुरुवार रात भीषण आग लग गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। रिपोर्टों के अनुसार, विस्फोट की कई सूचनाएं प्राप्त होने के बाद अग्निशमन विभाग और अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। 324 वेस्ट एल सेगुंडो बुलेवार्ड स्थित इस रिफ़ाइनरी का अपना अग्निशमन विभाग है, जो आग बुझाने के कार्य में लगा हुआ है और अब तक आग को अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोक लिया गया है।

### पहली बार डिजिटल दुनिया में भरोसे और सुरक्षा पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** डिजिटलीकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल के बीच देश में पहली बार डिजिटल दुनिया में भरोसे और सुरक्षा पर चर्चा होगा जिसमें सरकार, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, ओटीटी और नियामकों समेत सभी संबद्ध पक्षों के दिग्गज स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कानूनों और सुरक्षा उपायों पर विचार-विमर्श करेंगे। गैर-लाभकारी संगठन काउंसिल फॉर सोशल रिसर्च (सीएसआर) दिल्ली में सात और आठ अक्टूबर को ट्रस्ट एंड सेफ्टी फेस्टिवल के साथ मिलकर एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन कर रहा है।

### यूक्रेन ने किया नाटो महासचिव मार्क रूटे का आभार व्यक्त

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने नाटो के महासचिव मार्क रूटे से मुलाकात की और यूक्रेन के प्रति समर्थन जाहिर करने के लिए उनका और नाटो के सदस्य देशों का आभार व्यक्त किया। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमने रूसी उकसावे का मुकाबला करने और पर्ल इनिशिएटिव में नए योगदान पर चर्चा की। हम यूक्रेन-नाटो सहयोग के ढांचे में अपने अगले कदमों पर सहमत हुए और आगामी रामस्टीन बैठक पर चर्चा की, जो रक्षा मंत्रियों के स्तर पर आयोजित की जाएगी। मैं यूक्रेन के प्रति उनके समर्थन के लिए मार्क और नाटो सदस्य देशों का व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद करता हूं।

# अमेरिकी दबाव के आगे भारत नहीं झुकेगा: पुतिन

## रूस के राष्ट्रपति का दावा: मैं मोदी को जानता हूं, भारतीय अपमान बर्दाश्त नहीं करते



- भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं
- वहां के लोग कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके: पुतिन

**सोची।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तेल खरीद के मुद्दे पर अमेरिकी दबाव की आलोचना की और कहा कि भारत झुकने वाला नहीं है। उन्होंने सोची शहर में आयोजित वाल्दाई पालिसी फोरम को संबो. धित करते हुए यह कहा कि पीएम मोदी कभी भी ऐसा फैसला नहीं करेंगे, जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो।

पुतिन ने कहा कि अगर रूस के ट्रेड पार्टनर्स पर ऊंचे टैरिफ लगाए गए, तो इसका असर पूरी दुनिया की ऊर्जा कीमतों पर पड़ेगा। कीमतें बढ़ेंगी और अमे. रिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी। पुतिन ने चेता. वनी दी कि अगर भारत रूसी तेल खरीदना बंद करता है, तो उसे 9 से 10 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। पुतिन ने कहा कि भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं और वे कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके। पुतिन ने यह भी कहा कि रूसी तेल के बिना दुनिया की भी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और यदि इसकी आपूर्ति बंद हो जाती है तो तेल की कीमतें प्रति बैरल 100 डॉलर से भी ऊपर बढ़ सकती हैं। पुतिन ने मोदी का दोस्त बताते हुए कहा कि वह उनके साथ भरोसे के साथ बातचीत कर सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने दिसम्बर की शुरुआत में होने वाली अपनी भारत यात्रा को लेकर खुशी जताई। उन्होंने अपनी सरकार को यह भी निर्देश दिया कि भारत के बड़े पैमाने पर कच्चे तेल खरीदने की वजह से जो व्यापार असंत. ुलन बना है, उसे दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। पुतिन ने कहा कि भारत चाहे तो व्यापार असंतुलन को ठीक करने के लिए रूस से और ज्यादा कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीद सकता है। अपने भाषण में पुतिन ने अमेरिका पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देशों पर रूसी ऊर्जा न खरीदने का दबाव डालता है, जबकि खुद यूरेनियम के लिए रूस पर निर्भर है। पुतिन ने कहा कि रूस, अमे. रिका को यूरेनियम देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अमे. रिका हमसे यह इसलिए खरीदता है क्योंकि इसमें उसका फायदा है। पुतिन ने कहा कि यूरोपीय संघ के नेता अपने देश की समस्याएं ठीक करने के बजाय लोगों में दहशत फैला रहे हैं और युद्ध का डर दिखा रहे हैं। वे बार-बार अपने लोगों से कहते रहते हैं कि रूस नाटो देशों पर हमला करने वाला है।

### दिसम्बर में चार साल बाद पुतिन भारत आएंगे

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसम्बर की शुरुआत में शिखर वार्ता के लिए भारत आएंगे। पुतिन के इस दौरे में कुछ महत्वपूर्ण समझौतों के होने की उम्मीद है। उनका भारत का यह दौरा करीब चार साल बाद हो रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। उन्होंने कहा कि वह भारत में होंगे। सचमुच, हम तैयारी कर रहे हैं। यह नए साल से पहले होगा। पेस्कोव ने भारत के साथ रूस के रिश्ते पर कहा कि भारत के रूस के साथ विशेष संबंध हैं और रूस इन्हें बहुत महत्व देता है। उल्लेखनीय है कि भारत और रूस के बीच दिसम्बर में होने वाली यह 23वीं द्विपक्षीय शिखर वार्ता होगी। इ



बोगो। फिलीपींस के सेबू प्रांत में आए भूकंप के बाद प्रभावित हुए इलाकों में डर की वजह से लोग अपनों घरों के बाहर ही रह रहे हैं।

# फिलीपींस भूकंप से मरने वालों की संख्या 68 हुई

- भूकंप के झटकों से डोलने से 80595 परिवार यानि की 366360 लोग प्रभावित हुए

**मनिला।** फिलीपींस में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या 68 तक पहुंच गई और घायलों की संख्या बढ़कर 559 पहुंच गई है।

राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद (एनडीआरआरएमसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनडीआरआरएमसी की कार्यान्वयन शाखा, नागरिक सुरक्षा कार्यालय (ओसीडी) ने कहा कि ये मरने वालों की संख्या आंतरिक और स्थानीय सरकार विभाग के मृत और लापता (एमडीएम) क्लस्टर के प्रबंधन पर आधारित थी। नागरिक सुरक्षा संचार एवं वकालत प्रभाग के प्रभारी अधिकारी डिएगो मारियानो ने कहा कि एमडीएम वह स्थान है जहां मृतकों की संख्या पर विशेष नजर रखी जाती है। मारियानो ने कहा कि कृपया यह ध्यान रखें कि एमडीएम का सत्यापन होने के बाद ही आंकड़े जारी करें हैं। एनडीआरआरएमसी ने कहा कि सेबू प्रांत के भूकंप के झटकों से डोलने से 80595 परिवार यानि की 366360 लोग प्रभावित हुए हैं।

इस भूकंप का केंद्र बोगो शहर में था। एनडीआरआरएमसी ने बताया कि इस भूकंप से 5013 घरों और 335 बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। फिलीपींस ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान ने बताया कि मंगलवार को रिक्टर पैमाने पर 6.9 तीव्रता का भूकंप आने के बाद शुक्रवार सुबह आठ बजे तक एक से पांच तीव्रता तक के अभी तक 3952 झटके महसूस किए गए हैं।

# वियतनाम में चक्रवाती तूफान के चलते 51 लोगों की मौत

- इसके अलावा 14 लोग लापता हो गए तथा 164 लोग घायल हुए

**हनोई।** वियतनाम में चक्रवाती तूफान बुआलोई और उसके बाद आई बाढ़ और भूस्खलन से उत्तरी और मध्य वियतनाम में 51 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लापता हो गए तथा 164 घायल हुए हैं। वियतनाम आपदा एवं डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

प्राधिकरण के मुताबिक शुरूआती तौर पर आर्थिक नुकसान लगभग 15.9 ट्रिलियन वियतनामी डोंग (लगभग 60.8 करोड़ अमे. रिकी डॉलर) होने का अनुमान है। तूफान के कारण 238,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त या जलमग्न हुए हैं, लगभग 89000 हेक्टेयर में फैसरा धान और अन्य फसलें जलमग्न हो गई हैं और 17000 हेक्टेयर से अधिक जलीय कृषि और लगभग 50300 हेक्टेयर जंगलों को नुकसान पहुंचाया। रिपोर्ट के अनुसार, तूफान के कारण बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान पहुंचा है। देश में 8800 से अधिक बिजली के खंभे गिर गए और लगभग 468500 घरों में अभी भी बिजली नहीं है, जबकि लगभग 1500 स्कूल क्षतिग्रस्त हुए हैं। स्थानीय अधिकारी राहत कार्य जारी रखे हुए हैं, अवरुद्ध सड़कों को साफ करने, आवश्यक सेवाओं को बहाल करने और प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए उपकरण जुटा रहे हैं।

### शराब के कारण प्रतिवर्ष लगभग 22000 श्रीलंकाई लोगों की होती है मौत

**कोलम्बो।** राष्ट्रीय तम्बाकू एवं मद्य निषेध प्राधिकरण ने बताया कि शराब का सेवन से प्रतिवर्ष लगभग 22000 श्रीलंकाई लोगों मौत होती है। श्रीलंका में विश्व संयम दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय तम्बाकू एवं मद्द निषेध प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. आनंद रत्नायके ने मीडिया से बात करते हुए चेतावनी जारी की कि देश में शराब का सेवन लोगों के लिए एक बड़ा खतरा बनता जा रहा है। देश की 21 प्रतिशत आबादी शराब का सेवन करती है। शराब के सेवन के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देशभर में कई राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों के साथ विश्व संयम दिवस मनाया जा रहा है।

# अब मोरक्को में जेन-जी का गुस्सा भड़का

## कहा: हॉस्पिटल नहीं और वर्ल्ड कप पर 10 अरब डॉलर फूंक रहे, तीन की मौत, 1000 गिरफ्तार



1000 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए व 354 लोग घायल हुए

**रबात।** उत्तरी अफ्रीकी देश मोरक्को में स्वास्थ्य और शिक्षा सुधारों की मांग को लेकर भड़का जेन-जी आंदोलन हिंसक हो गया। राजधानी रबात में प्रदर्शनकारियों ने बैंक फूंक दी। कई दुकानों-गाड़ियों में तोड़फोड़ की। आगादिर शहर में पुलिस की गोली से 3 युवाओं की मौत हो गई।

वहीं एक हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए। 354 लोग घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर सुरक्षाकर्मी हैं। मंत्रालय के मुता. बिक, लगभग 70 प्रतिशत प्रदर्शनकारी नाबा. लिग थे। मोरक्को की सरकार 2030 फीफा वर्ल्ड कप और अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के लिए 10 अरब डालर (करीब 8.8 लाख करोड़ रुपये) खर्च कर रही है। जबकि देश में सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की भारी कमी है। मोरक्को के कासाब्लांका में युवा बेहतर स्कूल और हॉस्पिटल जैसी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने नारा लगाया- स्टेडियम तो हैं, लेकिन अस्पताल कहां हैं? युवाओं के नेतृत्व वाले इस विरोध आंदोलन को जेन-जी 212 कहा जा रहा है। 212 मोरक्को के इंटरनेशनल टेलीफोन डायलिंग कोड है। विदेश से मोरक्को में किसी को काल करने पर नंबर के पहले +212 लगाते हैं। नेपाल की तरह भी मोरक्को में भी विरोध प्रदर्शन करने वाले युवाओं का कोई लीडर नहीं है। लोग सोशल मीडिया के जरिए से रैली कर रहे हैं। मोरक्को में बेरोजगारी दर 12.8 प्रतिशत है, जिसमें युवा बेरोज़गारी 35.8 प्रतिशत और स्नातकों में 19 प्रतिशत तक पहुंच गई है। मोरक्को में 1430 लोगों पर एक डाक्टर है, जो दुनिया के औसत (590) से ढाई गुना कम है। आगादिर के हसन-2 हॉस्पिटल में 8 महिलाओं मौत हो गई। इसे 'डेथ हॉस्पिटल' कहा जा रहा है। यह आंदोलन सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे टिकटाक और डिस्कार्ड पर शुरू हुआ था। पिछले रविवार को प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी के बाद इसे और समर्थन मिलने लगा। गिरफ्तार हुए लोगों में मोरक्को के स्टार गोलकीपर यासीन बौनू और प्रसिद्ध रैपर एल ग्रांडे टोटो भी शामिल हैं।

## POK में पाक सेना की बर्बरता पर बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल

# पाक को मानवाधिकार उल्लंघनों का जिम्मेदार ठहराया जाए



- पाकिस्तान को उसके भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कई दिनों से जारी विरोध प्रदर्शनों पर भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों की खबरें देखी हैं, जिनमें पाकिस्तानी सेना की तरफ से निर्दोष नागरिकों पर की गई बर्बरता भी शामिल है।

हमारा मानना है कि यह पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और इन इलाकों से संसाधनों की व्यवस्थित लूट का स्वाभाविक परिणाम है, जो उसके जबरन और अवैध कब्जे में हैं। पाकिस्तान को उसके भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। वहीं कनाडा के साथ सुरक्षा सहयोग को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने 18 दिसम्बर को कनाडा की नेशनल सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस एडवाइजर नथाली ड्रूइन से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने आतंकवाद, अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध और खुफिया सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक काफी सकारात्मक रही और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी। इस दौरान रणधीर जायसवाल ने बांग्लादेश के गृह सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के भारत पर लगाए आरोपों पर कहा कि ये पूरी तरह झूठे और बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून-व्यवस्था संभालने में नाकाम रही है और अपनी नाकामी छिपाने के लिए दूसरों पर दोष मढ़ रही है। बेहतर होगा कि वे आत्मचिंतन करें और चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स में अल्पसंख्यकों पर हमलों व कब्जों की जांच कराएं। अपने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में रणधीर जायसवाल ने बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को 9 से 16 अक्टूबर तक नई दिल्ली आने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से यात्रा की अनुमति मिली है। इस पर मंत्रालय आगे भी जानकारी साझा करेगा। रणधीर जायसवाल ने इस दौरान कहा कि भारत और चीन के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने पर वाणिज्यिक गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं।

### इजरायल ने ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला के आखिरी जहाज को भी रोका

**यरूशलम।** इजरायल ने गाजा पट्टी की ओर जा रहे 'ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला' के आखिरी समुद्री जहाज को भी रोक लिया है। अल जजीरा ने बताया कि पोलैंड का मैरिनेट जहाज सुमुद फ्लोटिला का आखिरी जहाज था, जिसे शुक्रवार सुबह इजरायली नौसेना ने गाजा से 43 समुद्री मील दूर रोक लिया। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला 44 जहा. जों का काफिला है, जो लगभग 40 देशों के 500 से अधिक नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं को लेकर गाजा पट्टी की ओर बढ़ रहा था। इनका उद्देश्य इजरायल द्वारा गाजा की नाकेबंदी को तोड़ना था और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाना था।

# मेक्सिको के नागरिकों को तत्काल रिहा करे इजरायल: शीनबाम

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने गुरुवार को इजरायल के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए गए छह मैक्सिकन नागरिकों की तत्काल रिहा करने की अपील की। इन अधिकारियों को गाजा में सहायता पहुंचाने की कोशिश कर रहे एक बेड़े को रोकने के बाद इजरायल के अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया था।

सुशीनबाम ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान छह मैक्सिकन नागरिकों को इजरायल के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें अशदोद बंदरगाह में रखा गया है। ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला पर सवार हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं को अभी तक राजनयिक सहायता नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि इज़रायली अधिकारियों ने कहा है कि वे उन्हें एक हिरासत केंद्र में ले जा रहे हैं। मैक्सिकन वाणिज्य दूतावास ज़रूरत पड़ने पर हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए वहां तैयार है। उन्होंने कहा कि फलस्तीनियों तक मानवीय सहायता पहुंचे और गाजा के खिलाफ इस आक्रमण को रोका जाए। मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्रालय इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर तुरंत कार्रवाई जारी रखेगा। हिरासत में लिए गए हमवतन लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करेगा और सभी संभव कानूनी और राजनयिक तरीकों से उनकी शीघ्र वापसी की मांग करेगा।

# POJK में गुस्साई भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों में लगाई आग

- इस मामले में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों की कार्रवाई से गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों और बुलडोज़र को आग के हवाले कर दिया है।

इलाके में तनाव घटाने को लेकर पाकिस्तान सरकार और जम्मू-कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेकेएएसी) के बीच बातचीत के कल शुरू होने के बावजूद, पीओजेके में भारी अशांति देखी गई। यह तनाव सुरक्षा बलों की गोलीबारी में स्थानीय नागरिकों के मारे जाने के बाद और बढ़ गया था। पीआ. ेजेके के सेहंसा इलाके में प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में हुई नागरिकों की मौतों के प्रतिशोध में सरकारी संपत्ति को निशाना बनाया और पुलिस वाहनों और बुलडोज़रों में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने अरजा पुल पर नाकाबंदी कर दी है, जिससे आवाजाही में खासी परेशानी हुई है। इसके अलावा कोटली शहर में पूर्ण बंद रहा और राज्य सरकार की कार्रवाई के कड़े विरोध में व्यवसाय और परिवहन ठप रहे। बातचीत की पहल होने के बाद भी आज़ाद पट्टन और पलंदरी सहित प्रमुख क्षेत्रों में प्रदर्शनों का सिलसिला नहीं रुका। इस मामले में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है।

# लानत: पाक पुलिस ने प्रेस क्लब में पत्रकारों को पीटा

## POK में हिंसा को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने दिए जांच के आदेश



- इस घटना से जुड़े कई वीडियो वायरल हुए जिनमें पुलिस पत्रकारों पर लाठियां चला रही है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इस्लामाबाद के प्रेस क्लब पर पुलिस ने अचानक छापा मारा और वहां प्रदर्शन कर रहे पत्रकारों और लोगों पर हमला किया।

यह प्रदर्शन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अत्याचारों और इंटरनेट ब्लैकआउट के खिलाफ हो रहा था। इस घटना के बाद पूरे पाकिस्तान में नाराजगी जाहिर की गई। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना से जुड़े कई वीडियो वायरल हैं जिनमें पुलिस पत्रकारों पर लाठियां चला रहे हैं। इस बीच पुलिस का कहना है कि उन्होंने पत्रकारों को गलती से निशाना बनाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह तब हुआ जब पीओके की स्थिति को लेकर प्रेस क्लब के बाहर विरोध प्रदर्शन को खत्म कराने के लिए पुलिस पहुंची। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प शुरू हो गई। कुछ प्रदर्शनकारी भाग कर प्रेस क्लब में घुस गए। पुलिस उनका पीछा करती हुई प्रेस क्लब के अंदर चली गई। अंदर पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू किया और पत्रकारों ने जब मोबाइल और कैमरे से रिकार्ड करने की कोशिश की, तो उन्हें भी पीटा गया। प्रेस क्लब के कम से कम दो फोटोग्राफर और तीन कर्मचारी घायल हुए। कई पत्रकारों के कैमरे और मोबाइल तोड़ दिए गए। पुलिस हमले के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद व्यापक आक्रोश फैल गया। वरिष्ठ पत्रकारों ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया। गृह मंत्री ने घटना की जांच का आदेश दिया। नकवी ने यह भी कहा कि पत्रकारों पर हिंसा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी और इसमें शामिल पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी प्रेस क्लब पहुंचे और पत्रकारों से माफी मांगी। चौधरी ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से बदसलूकी की थी और पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए क्लब के भीतर चली गई, लेकिन वहां पत्रकारों के साथ झड़प हो गई। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आपकी आवाजें ही हमें जनता तक पहुंचाती हैं, हम बोलने की आजादी के समर्थक हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108